रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 82,365.77 +231.16
डॉलर 83.872 -0.014
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,190
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 30, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 02 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 211, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने...




**नकली डीएवी स्कूल :** राजधानी रांची में चल रहे हैं कई स्कूल जिन्होंने अपने नाम में लगा रखा है डीएवी का टैग

# दिल्ली की डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से संचालित नहीं है डीएवी स्वर्णरेखा

- सीबीएसई के सभी मानकों पर भी खरा नहीं उतरता यह स्कूल

**रजनीश**

**रांची।** राजधानी रांची के नकली डीएवी स्कूलों के सीरीज में आज जानिए हरमू स्थित विद्यानगर के डीएवी स्वर्णरेखा को। भारत के स्थापित और प्रतिष्ठित डीएवी समूह से इसका कोई लेना देना नहीं, पर नाम है डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल। यह डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली से संचालित नहीं होता है। इसलिए लोग इसे नकली डीएवी कहते हैं। वहीं, स्कूल के संचालक दावा करते हैं कि वे रांची के अपर बाजार स्थित आर्य समाज से संबद्ध हैं और स्वर्णरेखा एजुकेशन ट्रस्ट से इसे बिना किसी लाभ के जनसेवा के लिए संचालित करते हैं। प्रश्न उठता है कि बिना लाभ के कार्य कर रही संस्था को बड़े ब्रांड की नकल में मिलता जुलता नाम रखने की क्या अवश्यकता है? इनका स्कूल सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के सभी मानकों पर भी खरा नहीं उतरता है, फिर भी डीएवी स्वर्णरेखा को सीबीएसई की मान्यता मिली हुई है। इस कारण अनापत्ति प्रमाण पत्र देने वाला राज्य सरकार का मानव संसाधन विकास विभाग और सीबीएसई दोनों संदेह के घेरे में हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी इस मुद्दे पर जवाब देने में टालमटोल करते हैं।




**सीबीएसई से पत्राचार किया गया था मामला अभी नोटिस के स्तर पर :** डीएवी से जुड़े बड़े अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सीबीएसई से पत्राचार किया गया था, पर कार्रवाई नहीं हुई। मामला अभी नोटिस के स्तर पर है। उन्होंने बताया कि रांची और आसपास के क्षेत्र में केवल डीएवी गांधीनगर, डीएवी बरियातू, एसआर डीएवी पुंदाग, डीएवी हेहल, नीरजा सहाय डीएवी कांके, डीएवी वेस्ट एंड पार्क ही असली डीएवी स्कूल हैं। इन सात स्कूलों को छोड़कर रांची और आसपास के क्षेत्र में अन्य सभी डीएवी नामधारी स्कूलों से डीएवी का कोई संबंध नहीं है।

## सीबीएसई के नॉर्म्स

- लाइब्रेरी में बच्चों की उम्र और क्लास के हिसाब से हर विषय की किताबें होनी जरूरी हैं।
- लाइब्रेरी में सामान्य किताबों के साथ ही ई-बुक्स, फिक्शन, नॉन फिक्शन, रेफरेंस बुक्स, एन्साइक्लोपीडिया, पीरियॉडिकल्स, मैगजीन, जर्नल और न्यूज़पेपर भी होने चाहिए।
- लाइब्रेरी में ऐसी कोई किताब या पठन सामग्री नहीं होनी चाहिए, जिससे स्टूडेंट्स धर्म, वर्ग, भाषा आदि के आधार पर उत्तेजित हों या उनके मन में दुर्भावनाएं आएं।
- सरकार या बोर्ड द्वारा अस्वीकृत किताबें सीबीएसई लाइब्रेरी में नहीं होनी चाहिए।
- स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों को नियमित तौर पर लाइब्रेरी से किताबें इश्यू की जानी चाहिए।
- स्कूल के पास कम से कम 20 कंप्यूटर होने चाहिए।
- स्कूल के पास अच्छी स्पीड वाला इंटरनेट कनेक्शन होना चाहिए।
- अगर किसी स्कूल में 800 बच्चे हैं, तो वहां कम से कम एक कंप्यूटर लैब का होना अनिवार्य है।
- अगर स्कूल में सीनियर सेकंडरी लेवल पर कंप्यूटर साइंस या आईटी जैसे विषयों की पढ़ाई करवाई जाती है, तो समुचित व्यवस्थाओं के साथ एक अलग लैब भी होनी चाहिए।
- स्कूल कंप्यूटर लैब में साइबर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए और स्टूडेंट्स को टीचर के सुपरविजन में ही लैब में एंट्री दी जानी चाहिए।

### स्कूल डीएवी दिल्ली मैनेजिंग कमेटी का नहीं : गुंजन झा

डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल के निदेशक गुंजन झा ने संवाददाता से कहा कि ये स्कूल डीएवी दिल्ली मैनेजिंग कमेटी का नहीं है। डीएवी नाम तो कोई भी रख सकता है। ऐसा नहीं है कि डीएवी केवल डीएवी मैनेजिंग कमेटी से संचालित होता है और वे ही डीएवी नाम रख सकते हैं। हमलोगों का आर्य समाज का अपना एक ग्रुप है, जो अपर बाजार में है। हमलोग उससे ही जुड़े हुए हैं। हमलोगों का स्वर्णरेखा एजुकेशनल ट्रस्ट है। इससे ही स्कूल चलता है। शेष पेज 11 पर

## डॉ. डी तिवारी निर्विरोध चुने गए आईएमए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**रांची।** देवघर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. धनवंतरी तिवारी भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए हैं। इसे लेकर देवघर के लोगों द्वारा उन्हें बधाइयां दी जा रही है। खासकर चिकित्सक वर्ग गौरवान्वित महसूस कर रहा है। चिकित्सक वर्ग ही नहीं बल्कि आम लोगों में अपनी अलग पहचान रखने वाले डॉ. धनवंतरी तिवारी झारखंड, बिहार और बैद्यनाथ की पवित्र नगरी - देवघर में एसोसिएशन के कार्यक्रमों को लागू करने के लिए अपनी पूरी ताकत से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के लिए काम करते रहे हैं।



## सिपाही बहाली : अब तक 11 मौतें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के लिए चल रही शारीरिक दौड़ प्रतियोगिता परीक्षा में रविवार तक 11 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। यह जानकारी झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी. होमकर ने अपने वीडियो संदेश में दिया है। उन्होंने बताया है कि राज्य के कुल सात केंद्रों में चल रही शारीरिक जांच के दौरान दुर्भाग्यवश कुछ केंद्रों में इन अभ्यर्थियों की मौत हो गई है। झारखंड जगुआर, टेंडर ग्राम रातू, रांची में 01, गिरिडीह पुलिस केंद्र में 02, हजारीबाग स्थित जेएपीटीसी, पदमा में 02, पलामू स्थित मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा में 04, पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी स्थित सीटीसी स्वास्पुर में 01 और साहिबगंज के झासपु-09 कैंपस में 01 अभ्यर्थी की मौत शामिल है। वहीं, एक अन्य केंद्र रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र है।

आईजी अभियान ने बताया कि 30 अगस्त यानी शुक्रवार तक 1,27,772 अभ्यर्थियों द्वारा शारीरिक दौड़ में भाग लिया गया। इसमें कुल 78,023 अभ्यर्थी सफल हुए है। सफल अभ्यर्थियों में पुरुष की संख्या 56,441 और महिला 21,582 है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थियों की मौत मामले को लेकर यूडी कांड दर्ज किए गए हैं। मौत के कारणों को जानने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही साथ अग्रेतर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि शनिवार देर शाम को पुलिस मुख्यालय ने प्रेस बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी। वहीं, सभी केंद्रों में अभ्यर्थियों के लिए बेहतर सुविधा की व्यवस्था की गई है। सभी केंद्र पर बहाली बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अभ्यर्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाए।

# शीघ्र ही लोगों को मिलेगा वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मजा

**एजेंसी**



**बेंगलुरु।** रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही वह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रा कर सकेंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बेंगलुरु में बीईएमएल में वंदे भारत स्लीपर कोच का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल डेढ़ से दो माह में शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन सर्विस में तीन महीने के बाद आ जाएगी। इस ट्रेन की खासियत के बारे में उन्होंने बताया, वंदे भारत स्लीपर, वंदे चेयर, वंदे मेट्रो और अमृत भारत। यह चार ट्रेन आने वाले समय में हमारे देशवासियों को एक अच्छी सर्विस देंगे। ट्रेनों में अनुभव के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में बर्थ को सुरक्षित करने के लिए जंजीर को हटाकर नया मैकेनिज्म लाया गया है। शौचालाय की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। ड्राइवर की केबिन पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, इस कोच में बहुत सी बातों का ध्यान रखा गया है। ट्रेन में आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और लोको पायलट और सर्विस स्टाफ के लिए विशेष सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। शेष पेज 11 पर




### ट्रेन की मुख्य विशेषताएं

- ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट
- यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं
- जीएफआरपी पैनलों के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर
- एरोडायनामिक बाहरी लुक
- मॉड्यूलर पेंट्री
- ईएन 45545 के अनुसार फायर सेफ्टी जोखिम स्तर: 03
- दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय
- स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे
- सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर
- अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि अवरोधक दरवाजे
- एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई गंध रहित शौचालय प्रणाली
- लोको पायलट के लिए शौचालय
- प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान
- यूएसबी चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट
- सार्वजनिक घोषणा और दृश्य सूचना प्रणाली
- सामान रखने के लिए बड़ा लगेज रूम

### ट्रेन का प्रदर्शन

**160** किमी/घंटा अधिकतम स्पीड परिचालन के दौरान

**180** किमी/घंटा अधिकतम स्पीड ट्रायल के दौरान

- **एसी थ्री टियर** 11 कोच, 611 बर्थ
- **एसी टू टियर** 04 कोच, 188 बर्थ
- **फर्स्ट क्लास एसी** 01 कोच, 24 बर्थ
- कुल 16 कोच, 823 बर्थ

### यात्रियों को सुविधा

- वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 800 से 1000 किमी की दूरी तय करेंगी
- रात में सफर शुरू करने वाले अगले दिन मंजिल तक पहुंच जाएंगे
- किराया आम लोगों की जेब को ध्यान में रखकर तय किया जाएगा
- ट्रेन की तुलना दुनिया की सबसे अच्छी ट्रेनों से की जा सकती है

## गुमला में एटीएम से 25 लाख लूटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बसिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात कोनबीर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से 25 लाख रुपये की चोरी कर ली गई। एसपी के आदेश पर बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है।

साथ ही तकनीकी शाखा, फिंगर प्रिंट ब्यूरो एवं डॉग स्कवॉड टीम को भी वारदात के खुलासे के लिए लगाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले बसिया निवासी संजय चौधरी के मालवाहक ट्रक की चोरी की। इसके बाद उसी ट्रक को कोनबीर स्थित एसबीआई बैंक के समीप लगाकर एटीएम से पैसे की चोरी कर ली। इसके बाद चोरों ने



एटीएम में लगाया आग

एटीएम में आग लगा दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी ट्रक लेकर भाग रहे थे लेकिन संयोग से कामडारा के बाकूटोली मोड़ के पास ट्रक में शॉर्ट सर्किट की समस्या उत्पन्न हो जाने से स्टार्ट बंद हो गया। इसके बाद चोर ट्रक को वहीं छोड़कर पैसे लेकर भाग गए। चोरों ने घटना को अंजाम देने के पहले कोनबीर ऊपर चौक स्थित पुनीत साहू के ट्रक का लॉक तोड़ कर गाड़ी स्टार्ट करने की कोशिश की लेकिन चाबी टूट जाने के कारण गाड़ी स्टार्ट नहीं हुई। जिसके बाद चोर वहां से भाग कर बसिया में खड़े ट्रक की चोरी कर ली और एटीएम की चोरी के घटना को अंजाम दिया। रविवार सुबह जब किसी ने एटीएम का ताला टूटा हुआ देखा तब इसकी सूचना बसिया थाने को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नजीर अख्तर, थाना प्रभारी सुनील रविदास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तहकीकात में जुटे। घटना की सूचना मिलते ही गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मामले के खुलासे के लिए बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है।

### आज कल




**इंडिया**

## सिनेमा के डर्टी पिक्चर की कलई खोलती 235 पन्नों की रिपोर्ट 17 इस्तीफे और सीख


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में आम से लेकर खास लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले माध्यम सिनेमा का दक्षिण भारत में जादू कुछ ज्यादा ही है अकेले बैंगलुरु शहर में 108 सिनेमा हॉल हैं । मलयालम फिल्म जगत के काले चिट्ठे खोलती 235 पन्नों की रिपोर्ट पिछले दिनों पेश हुई। इसे जस्टिस के हेमा के नेतृत्व में बनी कमेटी ने तैयार किया था। ये बताती है कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में कैसे सुनियोजित तरीके से महिलाओं का शोषण और यौन शोषण किया जाता है। कमेटी ने इंडस्ट्री की कुछ ऐसी महिलाओं से बात की जिनकी उम्र 30 साल से कम है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अलग अलग स्तर पर काम किया। उस दौरान शोषण झेला। मलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन यानी एएएमएमए की 17 सदस्यों की टीम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अभिनेता मोहनलाल साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर हैं। हिंदी फिल्मों में आप उन्हें कंपनी और राम गोपाल वर्मा की आग जैसी फिल्मों में देख चुके हैं। उन्हीं मोहनलाल की अध्यक्षता वाले संगठन के 17 सदस्यों ने नैतिकता के आधार पर ये इस्तीफा दिया। नई गवर्निंग बॉडी का



गठन जल्द किया जाएगा। इसके लिए दो महीने के भीतर बैठक बुलाई जाएगी। 2010 के दौर में मलयाली सिनेमा के खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो गई थी। फरवरी 2017 में मलयाली फिल्म की एक लीड एक्ट्रेस को किडनैप करके उन्हें यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। ये केस अब भी कोर्ट में लंबित है। इस केस में एक्ट्रेस ने मलयाली फिल्मों के बड़े एक्टर दिलीप को भी आरोपी बनाया। इस केस के बाद कोच्चि में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के विरोध में 18 महिलाओं ने एक संगठन बनाकर उसका नाम वुमन इन सिनेमा कलेक्टिव रखा। सभी ने मिलकर पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने की मुहिम शुरू की। इस संगठन के दबाव में आकर केरल सरकार ने हाई कोर्ट की रिटायर्ड जज के हेमा के नेतृत्व में तीन मेंबर्स की कमेटी बनाई। के हेमा के अलावा इसमें मलयाली फिल्मों की एक्ट्रेस शारदा और पूर्व आईएएस अधिकारी केबी वलसाला कुमार भी थे। कमेटी ने मलयाली इंडस्ट्री के कई महिलाओं से बात की और उस आधार पर 2 साल में एक रिपोर्ट तैयार कर उसे केरल सरकार को सौंपा पांच साल बाद अगस्त 2024 में इस रिपोर्ट को पब्लिक किया गया। लेकिन तब भी उसमें 55 पन्नें गायब थे। वैसे सरकार ने महिलाओं की पर्सनल बातों को गोपनीय रखने की दलील देते हुए इस पर सफाई दी है। जानी-मानी अभिनेत्रियों से लेकर जूनियर कलाकारों तक, कम से कम 80 महिलाओं की गुमनाम गवाही दर्ज करने के बाद रिपोर्ट को सरकार को सौंपा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला कलाकारों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसमें फिल्म उद्योग में नशे में धुत व्यक्तियों द्वारा उनके कमरों के दरवाजे खटखटाने की घटनाएं भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि यौन उत्पीड़न की शिकार कई महिलाएं डर के कारण पुलिस में शिकायत करने से कतराती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जो महिला कलाकार समझौता करने के लिए तैयार होती हैं, उन्हें कोड नाम दे दिए जाते हैं और जो समझौता करने के लिए तैयार नहीं होतीं, उन्हें काम नहीं दिया जाता है। सिनेमा में अभिनय या कोई अन्य काम करने का प्रस्ताव महिलाओं को यौन संबंधों की मांग के साथ दिया जाता है। महिलाओं से समझौता करने के लिए कहा जाता है, जिसके तहत उनसे यौन संबंध बनाने की मांग की जाती है। पिनाराई विजयन सरकार ने आरोपों की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सात सदस्यीय पैनल बनाया। एक दशक पहले तक मलयाली सिनेमा को रीजनल सिनेमा की श्रेणी में रखा जाता। लेकिन आज मलय़ाली सिनेमा के कलाकारों के नाम हिंदी सिनेमा में फेमस हो चुके हैं चाहे वो दुलकर सलमान, मोहनलाल, ममुटी, फहाद फासिल ये वो कुछ नाम हैं जो ओटीटी की लोकप्रियता के बाद स्टैटिस्टा की वेबसाइट के मुताबिक साल 2022 में मलयालम फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर 633 करोड़ और 2023 में 572 करोड़ की कमाई की है। 2023 में देश के कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में पांच प्रतिशत का योगदान मलयाली सिनेमा का था। इस साल सिर्फ आठ महीने के भीतर मलयाली फिल्मों ने हजार करोड़ का बिजनेस कर लिया। इस घटना के बाद बॉलीवुड सहित इस उद्योग की भी स्क्रीनिंग समय की मांग है।

## प्रमंडल स्तरीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम चार को रांची में

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चार सितंबर को होगा। अब यह कार्यक्रम नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातू चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में होगा। पहले यह कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में होना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वह लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे। इस कार्यक्रम में रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से तीन लाख लाभुक शामिल होंगे। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधत अधिकारियों को ससमय तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है।

- नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातू चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में होगा कार्यक्रम ।

# हरियाणा चुनाव तिथि बढ़ाने पर झामुमो और भाजपा में रार

## आयोग की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल खड़े करता है : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के महासचिव प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तिथियों को बदले जाने पर चुनाव आयोग और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तिथि को बदलने के लिए हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने भी आयोग को पत्र लिखा था। हरियाणा में जहां पहले एक अक्टूबर को चुनाव होना था, वहां अब मतदान पांच अक्टूबर को होगा। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त लॉफ्टर चैनल के कैरेक्टर हैं, अपने तर्कों के कारण। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा कि लेवल प्लेइंग ग्राउंड देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथियों को भाजपा के इशारे पर तय किया गया था, जिसे अब बदलना पड़ा। भट्टाचार्य



रविवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

सुप्रियो ने कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथियों का निर्धारण और फिर इसे बदला जाना चुनाव आयोग की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा चुनाव आयोग भाजपा के डिक्टेशन के अनुसार चलता है। आयोग का यही रवैया तीनों चुनावों के समय दिखाई देता है। चाहे वो लोकसभा का चुनाव हो। राज्यसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अपनी गलत मंशा से चुनाव को प्रभावित और क्रप्ट करना चाहती है।

सुप्रियो ने कहा कि ये एक गंभीर समस्या है। मुझे आशंका थी कि ये होगा। क्योंकि, चुनाव आयोग की नस-नस पकड़ में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले इस राज्य का दौरा तक चुनाव आयुक्त ने नहीं किया। भीषण गर्मी में चार चरण में लोकसभा चुनाव कराया गया। इसके बाद माफी मांगी गयी। उन्होंने कहा कि एडीआर की रिपोर्ट है कि पोल वोट से अधिक काउंट वोट है। जांच कराने के लिए कहा गया लेकिन इस पर भी चुप्पी साध ली गयी।

## हार की डर से मानसिक संतुलन खो बैठा है झामुमो : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने रविवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि झामुमो को आगामी विधानसभा चुनाव में हार का डर साफ झलक रहा है। इन्हें राज्य की समस्याओं से ज्यादा पड़ोसी राज्य दिखाई पड़ रहे हैं। टूटते बिखरते झामुमो की पीड़ा का ठीकरा झामुमो के नेता चुनाव आयोग पर फोड़कर मन को शांत करना चाहते हैं। हरियाणा चुनाव की तिथियों में परिवर्तन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ है। हरियाणा में चुनाव की तिथि वहां होने वाले सांस्कृतिक उत्सव के कारण परिवर्तित किए गए हैं। बिश्नोई समाज जिनके गुरु जम्भेश्वर की याद में बड़ा उत्सव मनाया जाता है, उस उत्सव में हरियाणा से बड़ी



संख्या में लोग शामिल होते हैं। इसलिए भाजपा सहित हरियाणा की राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने भी चुनाव आयोग से तिथियों में पुनर्विचार का लिखित अनुरोध किया था।

सुप्रियो भट्टाचार्य को अपनी स्मरण शक्ति मजबूत करनी चाहिए। पता करना चाहिए कि कहीं कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हो रहा। साहू ने याद दिलाया कि चुनाव आयोग की टीम के झारखंड दौरे पर यही झामुमो नेता दशहरा,दीपावली, छठ,जैसे पर्व का उदाहरण देकर निर्धारित समय पर ही झारखंड में चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। उन्हें बताना चाहिए कि झारखंड के लोगों के लिए अगर पर्व, त्योहार महत्वपूर्ण है तो फिर हरियाणा में अगर चुनाव आयोग ने उत्सव के कारण थोड़े परिवर्तन किए तो उन्हें क्यों आपत्ति है? उन्हें पता होना चाहिए कि तिथियों में यदि एक्सटेंशन हुआ है तो सभी दलों को ज्यादा प्रचार का मौका मिलेगा न कि सिर्फ भाजपा को।

साहू ने कहा कि पैसा और पावर से चुनाव कौन प्रभावित करता है, कौन पैसा बांटता है ये तो झामुमो नेता, विधायक समीर मोहंती के पत्र में सार्वजनिक हो गया था। भले दबाव में उसे वापस लेने का नाटक किया गया हो। सुप्रियो को सलाह देते हुए साहू ने कहा कि राज्य और अपने दल की चिंता करें तो ज्यादा भला होगा।

## कोल्हान विवि के नव नियुक्त प्राध्यापक बाबूलाल से मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विगत दिनों कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की थी। इस पर राज्यपाल ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। वहीं 31 अगस्त को इतिहास विभाग के सभी चयनित प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गया। इससे प्राध्यापकों में खुशी है।

नव नियुक्त प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा, हेमा लकड़ा, मैरी नीला हांसदा, कविता कुमारी, अरविंद कुमार साहू, साकेत बिहारी, प्रदीप झा, पंकज श्रीवास्तव, स्वीकृति, अमृता जायसवाल, नूपुर, नितिन नीरज शामिल थे। कोल्हान विश्वविद्यालय केलिए वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी। 31 अक्टूबर 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की। कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट द्वारा भी 2फरवरी 2024 को नियुक्ति की अनुशंसा की जा चुकी है। परंतु विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति के नही होने के कारण अनुमोदन की संचिका कुलाधिपति कार्यालय में लंबित थी।

# मौलिक अधिकार संविधान की आत्मा : जस्टिस भूषण रामकृष्ण

*राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विवि में जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में व्याख्यान*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने 'केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य' मामले को संविधान के विकास में अहम बताते हुए मौलिक अधिकारों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संविधान की मूल संरचना में किसी भी परिवर्तन की असंभवता पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा इंदिरा गांधी और मेनका गांधी के मामलों में न्यायिक फैसलों का उल्लेख किया, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और विदेश यात्रा के संवैधानिक अधिकार को स्थापित करते हैं।

जस्टिस गवई ने मौलिक अधिकारों को संविधान की आत्मा बताते हुए कहा कि ये अधिकार सम्मानपूर्ण जीवन जीने और सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और बेहतर पर्यावरण की आवश्यकता और सामाजिक-आर्थिक विकास का महत्व भी बताया। रांची के राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय ने रविवार को जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य था। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने अपने व्याख्यान में जस्टिस एसबी सिन्हा के न्यायिक योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जस्टिस सिन्हा ने कानून के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके फैसले 2000 से 2009 तक के लॉ जर्नल्स में प्रमुख स्थान पर थे। जस्टिस गवई ने जस्टिस सिन्हा की कार्यशैली की तारीफ की और उन्हें अत्यंत मेहनती और समर्पित बताते हुए कहा कि वे कई स्टेनोग्राफरों से काम लेते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिखवाते थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहे। गवई ने जस्टिस एसबी सिन्हा के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया और उन्हें एक आदर्श व्यक्तित्व बताया, जो हमेशा जूनियर जजों की मदद करते थे और निरंतर सीखने की प्रेरणा देते थे।

अस्सिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. जीसु केतन पटनायक ने इस आयोजन को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी उपस्थित व्यक्तियों, विशेषकर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई का आभार व्यक्त किया।

## जीत की संभावना और दायित्वों का निर्वहन टिकट वितरण का आधार होगा : गिरीश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चुनाव में जीत की संभावना, संगठन के प्रति निष्ठा और दायित्वों का निर्वहन टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा। यह बात विधानसभा चुनाव के लिए गठित कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कही। गिरीश ने कहा कि दो दिनों के प्रवास के दौरान प्रारंभिक चरण में सभी जिलों के अध्यक्ष, उम्मीदवारों, वरीय नेताओं से मुलाकात हुई। हम यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि नेताओं कार्यकर्ताओं के मन में क्या है। चुनाव में हमें आगे कैसे बढ़ना है। इस पर मंथन जारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि अगले दौर में हम दो-तीन जिलों के कार्यकताओं नेताओं



के साथ केंद्रित व्यवस्था कर मुलाकात करें और जिलावर विधानसभा की स्थिति की समीक्षा की जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों का दृष्टिकोण सामने आ सके। हमें पूरा विश्वास है कि यहां की स्थिति के अनुसार सरकार पुनः सत्ता में आएगी। गिरीश ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में आवेदन आए हैं। इससे संगठन की मजबूती स्पष्ट दिखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक समीकरणों का पक्षधर रही है और आजादी के समय से ही अपनी नीतियों में इसे आधार बनाकर रखा है। उम्मीदवारों का चयन मुश्किल है। क्योंकि, साफ दिख रहा है कि प्रत्येक क्षेत्र से मजबूत नेताओं कार्यकताओं ने आवेदन दिया है। लोग इस बात को समझ रहे हैं कि राज्य को अगर विकास के पथ पर आगे ले जाना है तो कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार को वापस लाना होगा।

### आजसू बुद्धिजीवी मंच का शपथ ग्रहण

## उत्पाद सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों की मौत सरकार की चूक : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुद्धिजीवी मंच का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आजसू पार्टी मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो उपस्थित रहे। इस दौरान सुदेश महतो ने कहा कि पदाधिकारी का पद और दायित्व को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया है। इनके माध्यम से जिला, ब्लॉक इकाई के साथ पुनर्गठन करने का काम करेंगे। प्रबुद्ध लोगों के दायित्व को लेकर झारखंड की राजनीति में आगे बढ़ेंगे और लोगों के साथ संवाद बढ़ाने का काम करेंगे। उत्पाद सिपाही बहाली में हो रहे अभ्यर्थियों की मौत को लेकर



सुदेश ने कहा कि जितना लक्ष्य तय किया गया है उस पर एग्जाम लेने वाले लोगों को ध्यान देना होगा। एक घटना हो सकती है, लेकिन लगातार घटनाएं हो रही है तो यह चूक है। सरकार को चिन्हित कर जवाबदेही तय करना होगा। नौजवान किसी कॉम्पटिश्न के लिए खुद को तैयार करता है। इस पर गौर करना होगा। हर व्यक्ति रोजगार चाहता है। छोटा से छोटा वैकेंसी में भी हजारों लोग आवेदन भर रहे हैं। सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत फिर से होने को लेकर सुदेश महतो ने कहा कि सरकार आंकड़ा तो जारी करें।

### बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर दिया सुझाव, कहा

# शराब दुकान के लाइसेंस में आदिवासी महिलाओं और सेवानिवृत्त जवानों को दें प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नई शराब नीति लागू करने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सुझाव दिया। उन्होंने पत्र में कहा कि झारखंड की सामाजिक संरचना में हजारों गरीब, दलित और आदिवासी महिलाएं हैं, जो सड़क किनारे हड़िया, दारू बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। आप भी उसी समाज से आते हैं। इसलिए आप खुद भी आदिवासी महिलाओं की स्थिति से अवगत होंगे। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिस प्रकार केंद्र सरकार पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के लाइसेंस इश्यू करने में दलित, आदिवासी, महिला, दिव्यांगों और सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता देती है, उसी प्रकार राज्य सरकार भी देशी-विदेशी शराब दुकानों का लाइसेंस जारी करने में गरीब आदिवासी महिलाओं व सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता दें। उन्होंने पत्र में लिखा है कि चूंकि शराब नीति का निर्धारण पंचायती राज विभाग और ग्रामसभा का विषय है, इसलिए सरकार से आग्रह है कि वह इन विभागों की मदद से ऐसी नीति तैयार करें, जो आदिवासी महिलाओं के हित में हो।



### आखिर बाबूलाल मरांडी महिलाओं से क्यों बेचवाना चाहते हैं शराब : बैद्यनाथ राम



राज्य के उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर महिलाओं से शराब क्यों बिकवाना चाहते हैं? वर्तमान में सिर्फ सुझाव मांगे गए हैं और नई शराब नीति पर अभी तक कोई चर्चा भी नहीं हुई है। यह समय सुझाव देने का नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करने का है। दरअसल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर नई शराब नीति के लिए सुझाव दिया है। इसपर राज्य के उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने जवाब देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा है कि झारखंड सरकार नई शराब नीति लागू करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी राज्य में दो बार शराब नीति लागू की जा चुकी है लेकिन इन नीतियों का राज्य के हित में कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है।

## निगम के 2300 सफाईकर्मी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के 2300 सफाईकर्मी सोमवार से अनिश्चितकालील हड़ताल पर जाएंगे। हड़ताल की घोषणा नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव ने शनिवार को की थी। दयानंद यादव का कहना है कि मजदूर व सुपरवाइजर सफाई के काम में वर्षों से लगे हुए हैं, लेकिन हमारे भविष्य को लेकर कोई गंभीर नहीं हैं, जिसके चलते हम सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिन कर्मियों ने भी 10 साल तक का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें एकमुश्त नियमित किया जाये। सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर, ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर व कार्यालय सहायक के वेतन में तत्काल प्रभाव से 30 प्रतिशत की वृद्धि की जाये। क्योंकि, इतना वेतन बहुत कम है। 10 वर्ष या उससे अधिक समय तक निगम में कार्यरत कर्मियों की सूची नगर विकास विभाग को भेजी जाये। दयानंद ने कहा कि परिवहन भत्ता सुपरवाइजर को सिर्फ एक हजार मिलता है। इसे बढ़ाकर 3000 किया जाये। इसके अलावा समान कार्य का समान वेतन दिया जाये। अनुकंपा पर बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर रांची नगर निगम भवन में कार्यरत कर्मियों ने भी बैठक की। कर्मियों ने सोमवार से आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया। इसके तहत सोमवार को निगम भवन में नारेबाजी, मंगलवार को काला बिल्ला, बुधवार को सामूहिक अवकाश, गुरुवार को मौन व्रत व शुक्रवार को निगम भवन के समीप धरना देने का फैसला लिया गया। संघ के अध्यक्ष नरेश राम ने कहा कि शुक्रवार तक मांगें पूरी नहीं होने पर शनिवार से निगम कार्यालय का भी कामकाज ठप करा दिया जायेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल से मिले कड़िया मुंडा



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### सांसद चंद्र प्रकाश आज पारसनाथ में वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी



**रांची।** गिरिडीह जिले के मधुबन स्थित जैनियों के सबसे बड़े तीर्थस्थलों में एक और आदिवासियों के मरांग बुरु पारसनाथ जाने वालों के लिए खुशखबरी है। यहां आने वाले लोगों को देश की सबसे तेज और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पारसनाथ स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी रविवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने दी है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 20887/20888 रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का पारसनाथ स्टेशन पर दो सितंबर से ठहराव होगा। रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन सुबह 7:55 बजे होगा। यह ट्रेन यहां से 7:57 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पारसनाथ स्टेशन पर आगमन रात को 8:50 बजे होगा एवं यहां से यह ट्रेन रात के 8:52 बजे प्रस्थान करेगी। गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी दो सितंबर को पारसनाथ स्टेशन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन के ठहराव का उद्घाटन करेंगे। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और झारखंड के भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी थी।

### हेमंत सरकार ने राज्य को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया : शिवराज चौहान



**रांची।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रविवार को रांची से मध्य प्रदेश के विदिशा लोकसभा क्षेत्र के लिए रवाना हो गये। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोग इस बार भाजपा को वोट देने जा रहे हैं। साथ ही कहा कि यह चुनाव राज्य को बचाने का चुनाव है। मौजूदा गवर्नमेंट ने स्टेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। शिवराज ने कहा कि हम झारखंड में अच्छा कर रहे हैं। स्थानीय लेवल पर भी टीम शानदार काम कर रही हैं। मौजूदा सरकार ने राज्य को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। यह स्टेट को बचाने का चुनाव है। आये दिन यहां से नगदी बरामद की जाती है। आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट करने जा रहे हैं। विदिशा जाने के बाबत उन्होंने कहा कि हमारा निर्वाचन क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार की तरह है। कई सालों से लोगों का रिश्ता कायम है। आज वहां जाकर दीदियों से भी मुलाकात करूंगा। हमलोग बस प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को रांची में भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस दौरान उन्होंने झामुमो पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब ये पार्टी परिवारवाद से हटकर पति-पत्नी की पार्टी बनकर रह गयी है। इससे पहले उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर आगामी चुनाव पर चर्चा की।

### जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया : बाउरी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया पर मुख्यमंत्र ीहेमंत सोरेन से सवाल किया है कि जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई है, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया? नवंबर से फरवरी के बीच के उपयुक्त मौसम को नजर अंदाज करते हुए चुनाव के कुछ दिन पूर्व भादो की प्रचंड गर्मी में यह दौड़ करना क्या सिर्फ सरकार की जिद व नाकामी नहीं है? क्या अभी तक राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा और सरकारी नौकरी की घोषणा की है? बाउरी ने कहा कि युवाओं की मौत की वजह बताते हुए युवाओं व स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन सेंटरों में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है, वहां चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। क्या सरकार इस पर अपना स्पष्टीकरण देगी कि आखिर युवाओं की जिंदगी से क्यों खेला जा रहा है? पांच साल के कार्यकाल में अब तक एक बार भी यह नियुक्ति प्रक्रिया नहीं की गई। क्या सरकार की मंशा सिर्फ आखिरी कुछ दिनों में अव्यवस्था व अनियमितताओं के बीच यह मौत की दौड़ करा कर युवाओं के भविष्य से खेलना ही है यानी यदि युवा ह्लमुर्गी पालनह्व के बजाय नौकरियों के लिए आवेदन दें तो झारखंड में उन्हें अपनी जान की बाजी लगानी होगी! उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक 11 मौतें हो चुकी हैं।

### भाजपा नेता सत्येन्द्र मल्लिक की मां का निधन

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह झारखंड प्रदेश प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार मल्लिक की मां सीता देवी मल्लिक का निधन रविवार अपराह्न 4:35 बजे 98 वर्ष की आयु में नेपाल के शहर विराटनगर में हो गया। उनकी माता कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उनके परिवार में तीन पुत्री एवं दो पुत्र हैं। वे मूलतः दरभंगा स्थित मेहिसाईर गांव की निवासी थीं। उनका दाह-संस्कार एवं नेपाल स्थित विराटनगर होगा।

### भाजपा को महिलाओं का सम्मान पच नहीं रहा : अनीता यादव

**रांची।** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा को महिलाओं का सम्मान पच नहीं रहा है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार महिलाओं को सम्मान देने का एक सफल प्रयास के तहत मईंया योजना लागू किया। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 1000 मिल रहा है। इस योजना ने भाजपा की नींद उड़ा दी। महिला विरोधी भाजपा ने इस योजना को रोकने के लिए षड्यंत्र के तहत कोर्ट में जाने का काम किया। उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब जनता के सामने सच्चाई आ चुकी है। भाजपा न सिर्फ महिला विरोधी है, बल्कि महिलाओं का शोषण करने वाली पार्टी है। हमारी पार्टी महिला सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना को लागू करने के लिए हम हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं और इंडिया गठबंधन के साथ हैं।

डैम में जा रही रांची के बड़े भू-भाग की सारी गंदगी

# कांके डैम से हो रही पानी की आपूर्ति तो जलजनित बीमारियों के लिए रहें तैयार

**1954 में बने इस डैम की पूरी तरह से कभी सफाई नहीं हुई**

झारखंड बनने के पहले से व्याप्त भ्रष्टाचार अब आश्चर्यचकित नहीं करता, बल्कि इसे शिष्टाचार मान लिया गया है। पर, बात जब स्वास्थ्य और जीवन रक्षा की आए, तो इसपर सवाल उठाना आवश्यक है। राष्ट्रीय नवीन मेल पीने के पानी के स्रोत की दुर्गति पर ग्राउंड रिपोर्ट के जरिए आपको सावधान और सतर्क करना चाहता है।

मनोज मिश्रा




- फिल्टर भी फिटकिरी व क्लोरीन से साफ करने वाला है लगा हुआ
- संपन्न वर्ग आरओ या फिल्टर पेयजल का कर रहा उपयोग
- आर्थिक रूप से कमजोर लोग नल का जल पीने को हैं विवश

रांची। यदि रांची शहर के प्रमुख जल स्रोत कांके डैम के पेयजल की शुद्धता की गहराई से जांच की जाए, तो चौंकाने वाले परिणाम सामने आएंगे। क्योंकि, रांची के बड़े भू-भाग की सारी गंदगी, पंडरा नाला, इंद्रपुरी, रातू रोड से कांके रोड तक की सारी गंदगी सीधे कांके डैम में जा रही है। वर्ष 1954 में बने कांके डैम की पूरी तरह से कभी सफाई नहीं हुई है। फिल्टर भी पुरानी तकनीक का फिटकिरी और ब्लीचिंग (ब्लीचिंग पाउडर) से साफ करने वाला लगा हुआ है, जो अस्पताल एवं छोटी औद्योगिक इकाइयों के कचरे तथा केमिकल युक्त गंदगी को साफ नहीं कर सकता। संपन्न लोग या तो थक-हार कर अपने घर में बोरिंग या आरओ सिस्टम लगाए हुए हैं, या गली-गली चल रहे जार आधारित फिल्टर पेयजल खरीदने को मजबूर हैं। आरओ (रिवर्स ऑसमोसिस) या फिल्टर पेयजल खरीदने का बोझ आर्थिक रूप से कमजोर लोग नहीं उठा सकते हैं और इस कारण नल का पानी पीने वाले लोग बड़ी संख्या में बीमार पड़ते हैं। जल जनित बीमारियों से मृत्यु तक हो जाती है, पर यह मुद्दा नहीं बनता हैं। राजधानी की बड़ी आबादी को कांके डैम से पेयजल की आपूर्ति होती है। इनमें ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो फिल्टर और आरओ मशीन का पानी नहीं पी सकते हैं। उनके लिए नल का पानी ही शुद्ध जल है। ऐसी आबादी नल के जल का उपयोग पीने के लिए करती है और अचानक देखा जाता है कि पूरा टोला-मोहल्ला बीमार हो गया। जलजनित बीमारियां घर-घर पहुंच जाती हैं। इसका कारण है दूषित पानी। रांची के बड़े भू-भाग की गंदगी सीधे कांके डैम में जा रही है। शहर की भोली-भाली जनता यह समझती है कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च करके उनके लिए शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध करा रही है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। कांके डैम में पानी को शुद्ध करने के लिए मशीनें लगाई गईं, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया। लेकिन, वास्तव में क्या हुआ, यह जानकर होश उड़ जाएंगे। पानी शुद्ध करने के लिए लगी मशीनों के लिए मशीन रूम तो है, लेकिन उसमें अब मशीनें नहीं हैं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 10 वर्ष पहले बना था। इसमें कुआं बनाया गया था, मशीनें लगाई गई थीं, लेकिन यह प्लांट कभी शुरू ही नहीं हुआ। इस प्लांट को एक दिन के लिए भी चालू नहीं किया गया। इसका नतीजा यह है कि रातू रोड से सरोवर नगर तक की नाली, रातू रोड से पंडरा तक की नाली एवं अन्य नालियों का गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के कांके डैम में जा रहा है। हाई कोर्ट ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि नदियों, तालाबों और डैमों को गंदा नहीं किया जाए। पर, प्रशासन जल स्रोतों को शुद्ध रखने के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रही है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने गोंदा के एसडीओ शुभम उपाध्याय से बात की। उन्होंने बताया कि हमारे यहां उन्नत तकनीक की मशीनें हैं। पानी कितना भी अशुद्ध हो, पानी को साफ किया जा सकता है। जहां पदाधिकारी अपनी पीठ थपथपाने में लगे हैं, वहीं वास्तविक स्थिति ठीक इसके विपरीत है। रातू रोड और कांके के निवासियों का कहना है कि उनके घरों तक आने वाले सप्लाई के पानी से दुर्गंध आती है। यहां सप्लाई का पानी पीने योग्य नहीं है।

## बच्चों में संवाद क्षमता बढ़ाने के लिए रांची स्पीक्स कार्यक्रम शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की पहल पर रविवार से रांची स्पीक्स कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संवाद करने की क्षमता (कम्युनिकेशन स्किल्स) को बढ़ाना है। रांची स्पीक्स कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक कक्षाओं (क्लास 1 से 5) और अपर प्राथमिक कक्षाओं (क्लास 6 से 8) के छात्र-छात्राओं के लिए होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो पखवाड़े में चलेगा। पहला पखवाड़ा एक से 15 सितंबर और दूसरा पखवाड़ा 16 से 30 सितंबर तक होगा। पहले पखवाड़े में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को अपना परिचय विषय पर जबकि उच्च प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को करमा पर्व विषय पर प्रस्तुति देनी है। दूसरे पखवाड़े में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को मेरा विद्यालय विषय पर और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को इसरो विषय पर अपना परफॉर्मेंस देना है। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज की पहल और रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सभी स्कूलों को यह कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विभिन्न गुणवत शिक्षा के पैरामीटर पर विद्यालय भ्रमण के क्रम में पाया गया कि छात्रों में भाषायी अभिव्यक्ति की कमी है। ऐसे में बच्चों के लैंग्वेज स्किल्स (भाषा कौशल) में सुधार के लिए इसके चारों स्तंभ (पिलर) सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने पर एक साथ उद्देश्यपूर्वक कार्य करना आवश्यक है। इस कार्यक्रम के शुरूआत में छात्र हिंदी, नागपुरी, सादरी, मुंडारी, कुडुख (अन्य किसी भी स्थानीय भाषा,क्षेत्रीय भाषा,जनजातीय भाषा) आदि में अपनी प्रस्तुतिकरण दे सकते हैं। शिक्षक छात्रों को टॉपिक के अनुसार विषयवस्तु तैयार करने में मदद करेंगे।

## श्रीकृष्ण के उपदेशों का पालन करना सही मानव धर्म : कैलाश

रांची। श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड के तत्वाधान में आयोजित श्रीकृष्ण महोत्सव धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक एवं राजद महासचिव कैलाश यादव ने की। इस अवसर पर रांची शहर,ग्रामीण एवं दूसरे जिलों से भारी संख्या में लोग सपरिवार उपस्थित हुए। मौके पर लोगो को संबोधन करते हुए राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सृष्टि के सागर हैं,संरक्षक है, कण कण में भगवान वास करते हैं। वे जगत के कल्याण करने वाले पालनहार हैं। महाप्रभु श्रीकृष्ण जगन्नाथ स्वामी के उपदेश का पालन करना ही सही मानव धर्म हैं।

कारोबारी मेहुल शाह अपहरण कांड

## महिला समेत छह आरोपी गिरफ्तार, 31 लाख बरामद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुंबई के कारोबारी मेहुल शाह अपहरण कांड मामले में रांची पुलिस ने एक महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने महिला श्वेतापति, ताकिर शेख, विलास मोहन, सिद्धार्थ जैफ, बाबू पिल्ले और अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने फिरौती के रूप में वसूले गये 50 लाख रुपयों में से 31.79 लाख रुपये और एक पिस्टल बरामद किये हैं। रविवार को सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**50 लाख रुपये फिरौती लेकर एयरपोर्ट पर छोड़ा गया :** सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि 27 अगस्त को सूचना मिली कि मुंबई के एक व्यापारी का अपहरण कर 50 लाख फिरौती लेकर एयरपोर्ट पर छोडा गया है। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आयी कि श्वेतापति तथा उसका पति सिद्धार्थ जैफ इस घटना के मास्टर मांइड हैं। मेहुल शाह घटना की शिकायत नहीं करे, इसके लिए उसके (मेहुल शाह) के साथ न्यूड फोटो शूट किया गया।

**न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी दी गयी :** घटना की शिकायत करने पर न्यूड फोटो वायरल करने की धमकी दी गयी। सिटी एसपी ने बताया कि छापेमारी और अनुसंधान के क्रम में श्वेतापति और उनके सहयोगियों को फिरौती की रकम 24.47 लाख रुपये व बोलोनो कार के साथ गोइलकेरा चाईबासा से पकड़ा गया।

## चंचल चटर्जी बने महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष




नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में रविवार को संपन्न हुआ। इस संबंध में कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू और महामंत्री रविंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रांची महानगर पूजा समिति के सभी सदस्यों ने अपने विचार रखें। इसके बाद महानगर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय के द्वारा कमेटी को भंग किया गया। फिर वर्ष 2024- 25 के लिए नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। इसमें आजीवन मुख्य संयोजक डॉ. अजीत कुमार सहाय, अध्यक्ष चंचल चटर्जी, सह संयोजक कामाख्या सिंह, हेमेंद्र सिंह,जैनेन्द्र प्रसाद,रामा ठाकुर,रवि रस्तोगी, राजेश कुमार लाल, राजीव रंजन प्रसाद, संजय मिनोचा,संजय सहाय, प्रो.अरूण सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ,वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा ,उपाध्यक्ष राणा रणधीर,अमर नाथ साहु, राणा रणधीर,जितेंद्र वर्मा, अशोक यादव, कमलेश यादव,प्रो. उमेश सिंह, बच्चु चौधरी,राजु राम, संतोष अग्रवाल, गौतम घोष, पार्थो घोष एवं महामंत्री रविंद्र वर्मा ,सह मंत्री कुलदीप राज महेंद्रु, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा तथा कार्यालय सचिव समीर सिंह को बनाया गया है।

## चोरी की छह कारें बरामद, दो गिरफ्तार

रांची। रांची के गोंदा थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के औरंगाबाद निवासी पप्पू कुमार सिंह और मो इबरार आलम शामिल है। इसके पास से चार आल्टो कार, दो वैगन आर कार, एक बाइक, एक मोबाइल और तीन वाहन पंजीयन कार्ड बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार महतो ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अगस्त को सीएमपीडीआई मुख्य प्रबंधक(खनन)धीरज कुमार लाल रंग के वैगन आर कार की चोरी का मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकि सहायता से मामले में शामिल अज्ञात अपराधी पप्पू कुमार सिंह को पकड़कर पूछताछ की गयी। पूछताछ के क्रम में पप्पू कुमार सिंह के निशानदेही पर गोंदा थाना क्षेत्र के सीएमपीडीआइ परिसर से चोरी की गयी लाल रंग का वैगन आर कार को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आरोपित के किराए के घर के पास से बरामद किया गया।

## सीसीएल में 5 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत पांच कर्मियों श्यामल घोष, डॉ. सुशील कुमार, सीएमएस, संजय कुमार, स्वीटी भेंगरा, राजेश कुमार सिंह को आज सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 75 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवत कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं। मौके पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र न सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। वहीं कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### जेबीवीएनएल ने अक्टूबर तक बकाया बिजली बिल जमा करने का दिया समय

रांची। रांची और धनबाद जिला के करीब तीन लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा चुके हैं। पुराने मीटर की जगह नये स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। रांची में करीब 2.50 लाख उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर एक सितंबर से चालू हो जायेगा। इसमें रिचार्ज कराने के बाद ही बिजली का इस्तेमाल कर पायेंगे। झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने एक सितंबर से यह व्यवस्था लागू कर दी है, जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लग गया है, उन्हें पुराने बिजली बिल जमा करने को कहा गया था। तभी स्मार्ट मीटर को रीचार्ज कर बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन बहुत सारे लोगों ने पुराने मीटर का बिजली बिल जमा नहीं किया है। इसे देखते हुए निगम ने बिजली बिल जमा करने की तारीख 30 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी है, ताकि लोग समय रहते बकाये बिजली बिल का भुगतान कर दें। इसके साथ ही पुराने बिल को जमा करने और मोबाइल नंबर को रजिस्टर्ड करने के लिए कैंप लगाया जायेगा, ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।

### डॉ धनंजय अमेरिका में देंगे व्याख्यान



रांची। मेडिका के हृदय रोग विभाग ने एक बार फिर वैश्विक स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। डॉ धनंजय बिहार-झारखंड के पहले हृदय रोग विशेषज्ञ है। इन्हें व्याख्यान देने अमेरिका की सबसे बड़ी संस्था टीसीटी, यूएसए द्वारा आमंत्रित किया गया है। 27-30 अक्टूबर को डॉ धनंजय अमेरिका में विश्व के कई देशों से आएं हृदय रोग विशेषज्ञों के बीच व्याख्यान देंगे। इसके पूर्व भी मेडिका के डॉ. धनंजय यूरो पीसीआर, पेरिस, सीटीओ क्लब जापान, एआईसीटीडी एशिया पीसीआर में भी आमंत्रित और सम्मानित किए जा चुके है। मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि मेडिका हॉस्पिटल में अनुभवी, श्रेष्ठ डॉक्टरों की टीम है जिन्हें समय-समय पर वैश्विक सम्मान मिलना झारखण्ड के लिए गौरव की बात है।

### रांची में द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का समापन

रांची। राजधानी रांची के पिठोरिया में चल रहे प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 21 दिवसीय महाशिवरात्रि द्वादश ज्योतिर्लिंग मेले का रविवार को समापन हो गया। मेले में एक हजार से ज्यादा शिव भक्तों ने हाजरी लगाई। भक्तों ने यहां एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग के प्रारूपों का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर बीके रजमती ने कहा कि भगवान शिव हमारे कण-कण में हैं। हमें उन्हें कहीं ढूंढने की जरूरत नहीं है। शिव की महिमा अपरम्पार है। हमें शिव की आराधना कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर मुख्य रूप से आशुतोष द्विवेदी, समाप्ति देवी,लीला देवी, उर्मिला देवी, यशवंत कुमार, अशोक उरांव, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, सुनीता देवी,रेखा देवी, इंद्रा राधा कुमारी उर्मिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीएयू परिसर में दुर्गा पूजा के 50वें वर्ष का होगा भव्य आयोजन



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दुर्गा पूजा का स्वर्ण जयंती वर्ष इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। डॉ अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को विश्वविद्यालय के दुर्गा मण्डप में दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि वर्ष 1975 में विश्वविद्यालय परिसर में दुर्गा पूजा की भव्य शुरूआत करने वाले संस्थापकों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं माता की चुनरी देकर सम्मानित भी किया जाएगा। कोषाध्यक्ष दीपू उपाध्याय ने वर्ष 2023 के आयोजन के खर्च का ब्योरा प्रस्तुत किया। संचालन अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। वर्ष 1975 में रांची कृषि महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों- डॉ डीके झा, प्रो एनसी दास, डॉ डीके गांगुली, एके मुखर्जी, डॉ एसएसपी वर्मा, एसएन दास, डॉ पीसी अग्रवाल, आदि लोगों ने विश्वविद्यालय परिसर में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी।

### चोरी के सामान के बंटवारे में चाकूबाजी, दो गिरफ्तार

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हेहल अंचल के पास रविवार को चोरी के समान के बंटवारे को लेकर दो युवकों में चाकूबाजी की घटना हुई। मधुकम के रहने वाले रोहित उर्फ बिरनी और हर्ष शर्मा उर्फ बल्लू नाम के दो युवक ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें हर्ष शर्मा उर्फ बल्लू हल्का जख्मी हुआ है। दोनों दोस्त हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने घटना के आधे घंटे के अंदर ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि दोनों युवक का आपराधिक इतिहास रहा है। इन दोनों ने मिलकर एक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के सामान के बंटवारे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी में दोनों युवक एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों युवक ब्राउन शुगर का भी कारोबार करते हैं और नशे के आदी हैं। पांच छह दिन पहले ही दोनों युवक जेल से बाहर आये हैं। इनके खिलाफ ब्राउन शुगर बेचने, चोरी करने और छिनतई करने का मामला दर्ज है।

### बीआईटी मेसरा में प्रतियोगिताओं का आयोजन

रांची। बीआईटी मेसरा में सोसाइटी ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग की ओर से रविवार को कार्यक्रम वर्व, का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। शुरूआत बज वर्ड से हुई। इसमें टीम वर्क, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का परीक्षण किया गया। छह टीमों ने फिल्मों पर आधारित क्विज राउंड में भाग लिया। चार टीमें अगले डंब शराड्स राउंड में आगे बढ़ीं। इसमें टीम- स्टफ, विजेता टीम बनी। अंतिम कार्यक्रम ट्रेजर हंट था, जिसने टीमों के कैंपस के ज्ञान का परीक्षण किया गया।

मीरा के प्रथम कहानी संग्रह 'त्याग की पराकाष्ठा' का शब्दकार के तत्वावधान में हुआ लोकार्पण

## मीरा सिंह में लेखन क्षमता है : अशोक प्रियदर्शी

- लेखिका ने कहा, मेरी लेखन यात्रा की प्रेरणास्रोत मेरी बेटी है

नवीन मेल संवाददाता। रांची




राजधानी रांची के प्रेस क्लब में रविवार (1 सितंबर) को लेखिका मीरा सिंह के प्रथम कहानी संग्रह 'त्याग की पराकाष्ठा' का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के हिंदी के प्रोफेसर अरुण कुमार, आकाशवाणी के पूर्व निदेशक प्रमोद झा, जानी-मानी लेखिका अनिता रश्मि, कथाकार रीता गुप्ता और शब्दकार की अध्यक्ष लेखिका रश्मि शर्मा और शब्दकार कोर कमिटी के सभी सदस्यों के साथ-साथ शहर के सुधी साहित्यकार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुरिंदर कौर नीलम की सरस्वती वंदना के साथ हुई। सर्वप्रथम शब्दकार की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मीरा सिंह को उनके प्रथम संग्रह के लिए शुभकामनाएं दी। मीरा सिंह ने अपना बीज वक्तव्य देते हुए बताया कि उनकी लेखन यात्रा की प्रेरणास्त्रोत उनकी बेटी सोनल प्रिया हैं। उन्होंने ही आसपास के अनुभवों को कथा का रूप देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस संग्रह को अपने सास-श्वसुर को समर्पित किया तथा अपनी शिक्षिका को सम्मानित भी किया। कहानी संग्रह के बारे में बात करते हुए, अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि मीरा सिंह में लेखन क्षमता है, स्टोरी इज स्लाइस ऑफ लाइफ। उन्होंने संस्मरण और रेखाचित्र में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि अनुभवों को विस्तार देने की जरूरत है। अरुण कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस संग्रह में स्त्रियों के ऐसे चरित्र खड़े किए गए हैं, जो आदर्श स्थापित करते हैं। केवल अनुभव कहानी नहीं होती, अनुभवों के रूपांतरण करते हैं, तब कहानी बनती है। प्रमोद झा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्याग की पराकाष्ठा स्मृतियों का कोलाज है। इनकी कहानियां आत्मकथात्मक रेखाचित्र हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि कहानीकार को पात्रों से थोड़ी दूरी बना कर रखनी चाहिए। अनिता रश्मि ने कहा कि मीरा जी की कहानियां जीवनानुभवों की कहानियां हैं। इन्होंने घटते-बिखरते मूल्यों को समेटने की कोशिश की है। रचनाओं पर थोड़ा और काम करने की जरूरत है। रीता गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीरा जी की लेखनी उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहे व दिनों-दिन परिष्कृत व सार्थक लेखन की ओर अग्रसर रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव थेपड़ा ने किया। अंत में संगीता कुजारा टॉक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में वीणा श्रीवास्तव, सत्या शर्मा, नंदा पांडेय, सुरिंदर कौर नीलम, सारिका भूषण, प्रवीण परिमल, प्रकाश देवकुलिश, देशदीप, रत्ना, मुक्ति शाहदेव, रश्मि सिंह समेत शहर के अन्य बुद्धिजीवी और साहित्यकार शामिल हुए।

मुंबई में पुस्तक लोकार्पण व दीक्षांत समारोह में शामिल हुए डॉ राजाराम, कहा

## साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से देश को नई दिशा दी है

नवीन मेल संवाददाता। रांची



मुंबई रीगल इंटरनेशनल फब होटल ऑफ साकिनका साकी नाका में आयोजित पुस्तक लोकार्पण व दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय सदस्य डॉ राजाराम महतो, पत्रकार व समाजसेवी डॉ तारकेश्वर महतो व अन्य वशिष्ठ अतिथि शामिल हुए। समारोह में प्रो. अनिल कुमार के द्वारा लिखी गई नियोक्ता कर्मचारी संतुलन अपेक्षाओं की जांच संबंधित पुस्तक लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ राजाराम महतो ने कहा कि साहित्यकारों ने हमेशा अपनी लेखनी के द्वारा हमारे देश को नयी दिशा दी है। हम सभी प्रो. अनिल कुमार के लिए प्रेरणादायक हैं। साहित्य ने हमेशा हमारे चिंतन को संवारा है। इसके अलावा एरिजोना ग्लोबल यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में मुंबई, दिल्ली, जम्मू, हरियाणा, कोलकाता, मद्रास, रांची, पटना, महाराष्ट्र समेत कई शहरों के विद्यार्थी शामिल हुए। दीक्षांत समारोह के दौरान विज्ञान और मानविकी, प्रबंधन, कानून, कृषि, चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के लिए सैकड़ो छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ केशरी लाल वर्मा, आईएएस डॉ विजय एन सूर्यवंशी, आबकारी आयुक्त महाराष्ट्र सरकार, डॉ दिनेश कांबले पूर्व रजिस्टर मुंबई विश्वविद्यालय, डॉ अशोक येंडे पूर्व प्रमुख विधि विभाग मुंबई विश्वविद्यालय, धैर्यशील जोधव अतिरिक्त आयुक्त केडीएमसी, अंजेल मवेना तिर्की, अभिनेता युवा आईकॉन डॉ प्रदीप भारद्वाज सीईओ सिक्स सिग्मा , सेबेशन मेंडेस कुलपति यूरो एशियाई विश्वविद्यालय, डॉ एच ई एम एन सरदार निर्देशक पर्यटक बोर्ड श्रीलंका,मंडाजी नरसिम्हे चार्य प्रसिद्ध अन्वेषक वैज्ञानिक, डॉ रोशन पालेवार ग्लोबल साइंटिस्ट फार्मा ग्लोबल लीडर ग्रुप सीईओ के शाहुल हमीद व्यापार आयुक्त भारत अफ्रीका व्यापार परिषद, समेत कई गण मान्य लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर रांची भोला स्टेशनल ट्रस्ट के निर्देशक व वर्तमान में कई यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं प्रो अनिल कुमार, डा अशोक कुमार, डॉ शेखर, डॉ नीतीश कुमार, डॉ प्रतिभा पाण्डेय, डॉ अखतरी बेगम, डॉ अमर कुमार, डॉ जी एस सिंह, डॉ गजेंद्र कुमार, डॉ मो अफरोज, डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ रितीश रंजन, डॉ आरती कश्यप, डॉ अमित प्रकाश समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### हिंडाल्को में बाल गोपाल की छठी मनी

**मुरी।** हिणडालको कोलोनी मुरी में क्रष्णा जन्माष्टमी धूम धाम से मनाया गया। 26 अगस्त की रात्रि श्री कृष्ण भगवान के जन्म के बाद से छह दिनों तक कोलोनी में उत्सव का माहौल रहा। नित दिन सुबह महिलाएँ पाल पहुँच कर लडडू गोपाल की पूजा अर्चना कर उन्हें लडडू का भोग लगातीं तत्पश्चात ढोल नगाड़े बजा कर क्रष्ण भक्ति भजन गाकर भक्ति में लीन हो जाती। वही शाम को आरती के बाद बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं जैसे गायन,डॉस चित्रांकन, गो जज यू लाईक समेत युगल एवं समूह डॉडिया नाच का भी आयोजिन किया गया। शनिवार को विधि पूवक बाल गोपाल का छठी यारी भी मनाया गया। महिलाओं ने एक दूसरे के गाल में हल्दी लगा कर खुशी का इजहार किया। रविवार की शाम हाथी घोड़ा पालकी जै कनहैया लाल की जयकारे के साथ मूर्तियों के साथ कोलोनी भ्रमण के बाद नदी में विसर्जन किया गया।

### सैनिक बाजार दुकानदार संघ ने मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत

**रांची।** रविवार को केंद्रीय मंत्री संजय सेठ का सैनिक बाजार दुकानदारों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मार्केट का नक्शा 5 मंजिला का बना हुआ है लेकिन अभी दो ही मंजिल बना है 30 साल का लीज एग्रीमेंट था जो पूरा हो गया। लेकिन पुनः 30 साल का एग्रीमेंट अभी तक रिव्यू नहीं किया गया। प्रत्येक 5 वर्षों में 10 परसेंट भाड़ा बढ़ाया जाता था 30 साल पूरा होने पर अचानक 700 से 800 परसेंट भाड़ा बढ़ा दिया गया। बिजली का भुगतान भी सैनिक बाजार लेता है बिजली अधिक मूल्य पर उपलब्ध कराता है। फिक्स्ड चार्ज भी लिया जाता है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**अड़की।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर आजसू अड़की कमेटी के द्वारा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय मैदान में रविवार को एकदिवसीय महिला सह पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 पुरुष टीम एवं चार महिला टीम ने हिस्सा लिया था । महिला वर्ग के फाइनल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय को पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल से हरा कर विजेता बनी। वही पुरुष वर्ग में सेमीफाइनल मैच में विवाद होने के कारण तीन टीमों तोडांग,नौढीं, उपरबालालोंग को पुरस्कार की राशि बराबर देकर तीनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। खेल के इस मौके पर आजसू नेता सिंगराय टूटी ने कहा की प्रखंड स्तर पर इस तरह के खेल आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को खेल के प्रति बढ़ावा देना है।

### झारखंड पर 'असना' चक्रवात का असर नहीं 5 से रांची में बारिश

**रांची।** अरब सागर में उठे चक्रवातीय तूफान 'असना' का असर झारखंड पर नहीं पड़ेगा। मार्ग बदल लेने के चलते यह ओमान की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। हालांकि इसका असर गुजरात तक ही रहा। मौसम विभाग के अनुसार यह चक्रवात पिछले चार दिन से अरब सागर में बना हुआ था। पिछले दिनों बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में बना निम्न दबाब अब छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग से होकर विदर्भ की ओर बढ़ गया है। इससे झारखंड में सोमवार को भी हल्के बादल छाएंगे और राज्य में मानसून पांच सितंबर से सक्रिय हो सकता है। रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में पांच और छह सितंबर को बारिश हो सकती है। राज्य में पिछले तीन दिन से मानसून कमजोर रहा है। ऐसे में राज्य में बारिश में कमी का प्रतिशत बढ़ने लगा है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ जगहों पर बारिश हुई।

## निःशुल्क आई कैंप में 500 लोगों की जांच की गई

# ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक होना जरूरी : किरण सांगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नामकुम के गुरु टोली स्थित पार्षद कविता संगा आवास में सेम्फोर्ड हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क आई कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल की डॉ उत्पला चक्रवर्ती वह अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 500 लोगो का का जांच कर दवाई व कम कीमत में चश्मा का वितरण किया गया। कैंप में आयुष्मान कार्ड के तहत 100 लोगो को आयुष्मान कार्ड के तहत अस्पताल में निशुल्क इलाज करने का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। इस कम में अस्पताल द्वारा ऑपरेशन कर रहे लोगों के लिए हॉस्पिटल ले जाने का सुविधा उपलब्ध भी कराया गया है। इस मौके पर पार्षद कविता सांगा,पूर्व पार्षद किरण सांगा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क आई कैंप लगाने का उद्देश्य क्या है कि अधिकांश बुजुर्ग अस्पताल जाने में असमर्थ है इसी व्यवस्था को देखते हुए मेडिकल कैंप का आयोजित किया गया है। इसी तरह से अन्य कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। इस मौके पर बादल सांगा, सुसील मुंडा,मिनिट संगा,अजीत संगा ,शिवानी संगा, शैल संगा, बसंत संगा,आशा संगा,दीपक कुमार सोनाली सांगा अणु गोरेती खाखा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# संडे ड्यूटी की मांग को लेकर बंद रहा पुरनाडीह परियोजना का काम



**खलारी।** संडे ड्यूटी की मांग को लेकर सीसीएल एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में रविवार को काम बन्द रहा। परियोजना का कोयला उत्पादन और उत्प्रेषण प्रभावित रहा। रैयत विस्थापित मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों संयुक्त रूप से सुबह प्रथम पाली में गेट मीटिंग किया। प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन कामगारों के बीच फुट डालों और शासन करो की नीति अपना रही है, लेकिन मजदूर इसमें फंसने वाले नहीं हैं। प्रबंधन को चेताया कि अगर सभी कामगारों को समान रूप से संडे डियुटी नहीं दिया गया तो पूरे एनके एरिया को बंद करा दिया जाएगा। संचालन राम लखन गंझू ने किया। गेट मीटिंग को बिगनसिंह भोगता, गोल्डेनप्रसाद यादव, रामलखन गंझू, मिथलेश सिंह, नरेश गंझू, दिनेश भर, प्रमोद पाठक, बहुरा मुंडा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या में परियोजना के महिला पुरूष कामगार उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### उलिहातु से मिट्टी ग्रहण कर देवेंद्रनाथ महतो क्षेत्र भ्रमण पर निकले



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रविवार को झारखंड नवनिर्माण यात्रा प्रारंभ किया। यह यात्रा सांस्कृतिक तरीके से संपन्न किया गया। संगठन के कार्यकर्ता समेत हजारों जनसाधारण शामिल रहे। लोगों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा को लेकर जोश एवं उत्साह देखा गया। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के गरिमामई उपस्थिति में वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो द्वारा यात्रा का नेतृत्व किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु से आरंभ किया गया। सांस्कृत नेगाचारी से बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। भगवान बिरसा के वंशज ने जयराम महतो एवं देवेंद्रनाथ महतो को तीर धनुष एवं मसाल प्रदान किया। इसके बाद शहिद रघुनाथ महतो शहादत स्थल लोटा सिल्ली में आशीर्वाद ग्रहण किया गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने जानकारी देते हुए कहा कि जन्मस्थली से संकल्पित मिट्टी को लेकर उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो झारखंड अलग के सपनों एवं शहीदों के अरमानों को पूरा करने हेतु क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा।

### निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**रांची।** स्वैच्छिक रक्तदान संगठन 'लहू बोलेगा' रांची के मशहूर समाज सुधारक,उलेमाओं ( धर्मगुरुओं ) की सामाजिक कुर्बानियों की याद में रक्तदान व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कांटाटोली स्थित केनाया बैंकेट हॉल में किया गया था। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आंखों के 76 ,दांतों के 75, हॉल बॉडी जांच में 85, चमड़े की जांच में 13 लोगों का जांच किया गया। वहीं रक्तदान में 5 लोगों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी और डॉ सयैद इकबाल हुसैन ने किया। मौके पर उल्लेमा डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी, मौलाना कारी असजद, अंजार अख़्तर, मौलाना तहजीबुल हसन, डॉ सयैद इकबाल हुसैन, डॉ आसिफ अहमद, डॉ एम सिबगतुल्लाह सहित अन्य उपस्थित थे।

### विस चुनाव को लेकर चूल्हा प्रमुख ने की बैठक



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन सिंगपुर स्कूल के समीप रिंकू देवी वार्ड सदस्य की अध्यक्षता में चूल्हा प्रमुख की बैठक रखी गई। बैठक में गांव की सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर गीता श्री देवी, गणेश महतो, क्रांति बाला देवी, पुष्पा देवी, सहदेव महतो, मुनेश हजाम, सरिता देवी, गोपाल लोहरा,राजेश प्रजापति, गीता देवी, सत्य कुमार महतो, पशुपति मुंडा, रशीदा खातून, हुस्न बानो समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### गुमशुदा लड़की को सिल्ली पुलिस ने किया बरामद

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस के द्वारा गुमशुदा लड़की को 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार लुपूग निवासी पिता इम्तियाज अंसारी की पुत्री अपने घर से गुमशुदा हो गई थी। इसकी सूचना पिता इम्तियाज अंसारी ने सिल्ली थाना को दिया। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष छापामारी अभियान चलाकर 24 घंटे के अंदर लड़की को बरामद कर उनके परिजन को सौंप दिया। वही थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि इम्तियाज की पुत्री को रांची से बरामद किया गया तथा रविवार को उनके परिजन को सौंप दिया गया परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए सिल्ली थाना को धन्यवाद दिया।

### कंदरी चील टोली में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, लोग परेशान

**मांडर।** थाना क्षेत्र के कन्दरी चील टोली में हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। जिससे स्थानीय निवासी बेहद असहज और चिंतित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र में शाम ढलते ही नशे में धुत्त लोगों का जमावड़ा लगने लगता है, जो आने-जाने वाले राहगीरों पर अश्लील टिप्पणियाँ करने से भी नहीं चूकते। यही नहीं, ये असामाजिक तत्व चोरी जैसी घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं।जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अवैध शराब की भट्टियाँ चल रही हैं, जिनकी वजह से इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का दिनभर आवागमन बना रहता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब इस क्षेत्र की पहचान एक रिहायशी आवासीय कॉलोनी के रूप में होती है। जहाँ पर कई शैक्षणिक संस्थान भी स्थित हैं। ऐसी परिस्थिति में इस तरह की गतिविधियों का जारी रहना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। हालांकि स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस संबंध में कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो उन्हें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए अन्य कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### चामा में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**खलारी।** चामा पंचायत के चामा मैदान में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अनिल उरांव ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से पार्टी के बूथ स्तरीय इकाइयों को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अपने सम्बोधन में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरे देश में मजबूत हुई है। झारखंड में कांग्रेस का जनाधार बढ़ा है। कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। इसी कार्यकर्ता के मेहनत के बदौलत विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनते हैं। बंधु ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का समय बहुत कम रह गया है. कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। घर-घर जाकर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को बताने का काम करें।

# घघारी बाबा धाम का तेजी से हो रहा विकास : राजकमल गोप



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में घघारी बाबा धाम प्रबन्धन समिति की समीक्षा बैठक अध्यक्ष राजकमल गोप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पिछले श्रावणी मेले एवं अन्य अवसरों पर आयोजित मेला तथा धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान हुए आय व्यय की समीक्षा की गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सेवक सिंह एवं सचिव संजय महतो ने अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में आय व्यय का हिसाब कर ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम तेजी से एक धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। अभी कई काम करने बाकी है। घाघरी जलप्रपात के दोनों ओर नीचे सीढ़ी का निर्माण जरूरी है। इससे पर्यटकों को नीचे जाकर नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद लेने का मौका मिलेगा। वहीं रांची से पहुंचे वयोवृद्ध समाजसेवी एवं प्रेस फोटोग्राफर कुलदीप सिंह दीपक ने घघारी बाबा धाम की सुंदरता एवं यहां हो रहे विकास कार्य की प्रशंसा की। कुलदीप सिंह दीपक ने सुझाव दिया कि जलप्रपात में रोप-वे का निर्माण करने से जलप्रपात की खूबसूरती में चार चांद लग जाएगा। यहां के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### विभिन्न महिला समूहों के साथ डॉ परमेश्वर भगत ने की बैठक

**मांडर।** मांडर प्रखंड के मुडमा और सुरसा पंचायत के विभिन्न महिला समूहों के साथ पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किए। इन बैठकों में उन्होंने महिलाओं के समग्र विकास, शिक्षा, और स्वास्थ्य पर जोर दिया। डॉ. भगत ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों की समीक्षा की और उन्हें अधिक स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव दिए गए। महिलाएं अपनी समस्याओं और सुझावों को खुलकर साझा करने में सक्षम रहीं। महिलाओं ने डॉ परमेश्वर भगत को सरकारी योजनाओं और सहायता को सीधे हम लोगों तक ना पहुंचकर बिचौलियों तक पहुंचता है इसे भी बताया।

## परिजनों को सौंपे गए दो दिव्यांग युवक



**नवीन मेल संवाददामा। रांची** पिछले 3 महीनों से श्री मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में 25 दिव्यांग रह रहे हैं। उनका समुचित इलाज न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की गाइड लाइन पर हो रहा है। इलाज के दौरान दो लापता दिव्यांग की याददाश्त वापस आ गई। उन लोगों ने अपने परिवार वालों का नाम पता बताया। संस्था के द्वारा उनके परिवार वालों से सम्पर्क कर उनके लापता बच्चो के ठीक होने की खबर उन्हें दी गई। वे अपने बच्चे को घर वापस ले जाने के लिए रांची स्थित श्री मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के द्वारा संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) पुंदाग पहुचे। एक लापता को 29 अगस्त को उनके परिवार वाले दरभंगा से आकर ले गये। दूसरे को भी परिजनों ने 31अगस्त को उत्तर प्रदेश ले गये सेवानिवृत मुख्य आयकर आयुक्त झारखंड, कुमार संजय ने कहा की प्रणामी ट्रस्ट जो कार्य कर रहा है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होने सोनु कुमार को पुष्प बुके देकर उनकी उज्वल भविष्य की कामना की।

# करम पूर्व संध्या का आयोजन 13 को

**बैठक के दौरान कर्म पूर्व संध्या समारोह को सफल बनाने के लिए करम पूर्व संध्या समारोह आयोजन समिति का गठन किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के गढ़डीपा स्थित केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम सरसा में 13 सितंबर को कर्मा पूर्व संध्या समारोह आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय देवगांव पंचायत स्थित केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम सरसा गढ़डीपा में पूर्व मुखिया और विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की की अगुवाई में आयोजित बैठक के दौरान लिया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों गांवों के आदिवासी खोड़हा नृत्य मंडली भाग लेंगे। बैठक के दौरान कर्मा पूर्व संध्या समारोह को सफल बनाने के लिए करम पूर्व संध्या समारोह आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से देवगांव के मुखिया दुर्गा उरांव, लतरातु पंचायत समिति सदस्य भोले उरांव, तथा समाजसेवी फगुआ भगत को मुख्य संरक्षक, संतोष तिर्की को अध्यक्ष, जितेंद्र उरांव को सचिव, मुनेन्द्र लोहरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक के दौरान कर्मा पूर्व संध्या समारोह को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक के मौके पर मुखिया दुर्गा उरांव, विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, लतरातु पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भोले उरांव, फगुआ भगत, एतवा उरांव, ग्राम प्रधान कर्मा उरांव, मंचु प्रधान, तुलसी उरांव, संजय उरांव, बसंत लोहरा, सुनील महली, धामा पहान, बंधना उरांव, भोला भगत सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# भगवान श्रीकृष्ण के छठी महोत्सव पर बच्चों ने प्रस्तुत किया नृत्य



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** पहाड़ी मंदिर खलारी के प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर के पुजारी जसवंत दुबे के परिवार की ओर से इसका आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। भगवान की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। बच्चे राधा, कृष्ण व गोपियों के वेशभूषा में आए हुए थे। कार्यक्रम के अंत में नृत्य में शामिल बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं ने अनेकों सोहर प्रस्तुत किए तथा बालरूप श्रीकृष्ण भगवान को खूब झूला झुलाया। जन्माष्टमी के दिन से ही महिलाएं प्रतिदिन सोहर गा रही थी। उन्हें भी सम्मानित किया गया। अंत में श्री कृष्ण भगवान की महाआरती की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जसवंत दुबे, आशा देवी, बृजराज दुबे, सोनू दुबे, ज्ञानी जी, दयालु जी, पुष्टि, विजया, सुकृति, रुची, गायत्री देवी, रानी देवी, रीता देवी, इंदु देवी, कलावती देवी, पूनम देवी, कमली देवी, पद्मा देवी, विमला देवी, बेबी देवी, राधा देवी, राजमुनी देवी, ललिता देवी, रीता देवी, शोभा देवी, बालो देवी, निर्मला देवी, ममता, राधा देवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो ने की बैठक



**सिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक का आयोजन विधानसभा चुनाव को देखते हुए बनवाडीह स्कूल परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी रामानंद वेदिया उपस्थित थे। इस बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चलाए जा रहे महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं एवं क्षेत्र में विकास के कार्य के बारे में जानकारी होना जरूरी है। महिलाओं के बारे में आज तक झारखंड के मुख्यमंत्री बहुत बने मगर हेमंत सोरेन महिलाओं के बारे में जो सोचते हैं वह कर दिखाते हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मैया सम्मान योजना से 1000 रुपया महिला के खाते में भेजा जा रहा है। रामानंद बेदिया ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि विधानसभा चुनाव में झामुमो को दोबारा जीता कर हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाएं।

## एक नजर

### गिद्दी सी में भगवान श्रीकृष्ण छठियारी पर जागरण का आयोजन

**गिद्दी।** गिद्दी सी में शनिवार की रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण की छठियारी पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, गिद्दी सी पीओ जितेंद्र कुमार और यूनियन नेता जन्मेजय सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके जागरण की शुरूआत किया। इसके बाद जय अंबे जागरण ग्रुप रामगढ़ के गायकों ने गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरूआत किया। फिर जागरण मंडली के गायक प्रीति पांडेय, ध्रुव सिंह आदि गायकों ने गिद्दी सी महिला मंडली की रीता कौर, संगिता सिंह, संध्या देवी, रीता देवी, शीला देवी, सोना देवी, राधा देवी, प्रभा देवी, उषा देवी के सहयोग से एक पर एक मनमोहक भक्ति गीत प्रस्तुत कॉलोनी के लोगों को रात भर झुमने को मजबूर किया।

### गणिनाथ गोविंद महाराज के जयकारे से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा में शनिवार को श्रीश्री 1008 गणिनाथ गोविंद जी महाराज का पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मद्धेशिया विकास समिति की ओर से पटेलनगर स्थित गुरुदेव धर्मशाला में आयोजित महोत्सव में विविध पूजन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें रामगढ़ के अलावा हजारीबाग और रांची जिला के भी श्रद्धालु शामिल हुए। झंडोत्तोलन के पश्चात पुजारी डॉ आरएन प्रसाद ने गणिनाथ गोविंद का ध्यान कर पूजा अर्चना का शुभारंभ किया। इसमें बतौर यजमान कैलाश प्रताप गुप्ता, संदीप गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, चंदा देवी, नीलम देवी और पूनम देवी शामिल हुई। पूजा में गणिनाथ बाबा का आह्वान करते हुए यजमानों ने क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची

**रामगढ़।** द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर शनिवार को बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत हुए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध होने के उपरांत मतदान केन्द्रों के लिए बीएलए( बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करने की अपील की।

धूमधाम से मनाया गया बाबा गणीनाथ गोविन्द की जयंती

# बाबा गणिनाथ गोविन्द की प्रेम सेवा अनुकरणीय : शेफाली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई पंचायत द्वारा पूज्य संत शिरोमणि कुल देवता बाबा गणीनाथ गोविन्द की 36 वां वार्षिक जयंती समारोह सह पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाबा गणीनाथ गोविन्द का विधिवत पूजा- अर्चना एवं धूमधाम से जयंती समारोह संपन्न कराया गया। बतौर अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुईं तथा उपस्थित गणमान्य लोगों ने स्वागत व अभिनंदन किया। जयंती समारोह में बाबा गणीनाथ की पूजा, झंडोत्तोलन एवं अभ्युदभगान कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज के गणमान्य लोगों ने बाबा गणीनाथ पर उनके आदर्शों एवं संदेशों को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच रखा। सभी ने जीवन पथ पर उनके आदर्श एवं संदेश को जीवन में चरितार्थ करने का संकल्प लिया। तत्पश्चात बुजुर्गों, महिलाओं, मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता पुरूस्कार वितरण कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गणीनाथ गोविन्द का प्रकाट्य शनिवार को हुआ था। इसलिए शादी-विवाह व मांगलिक कार्य में उनकी विशेष पूजा शनिवार को होती है। जिसे सुंदरी पूजा कहते हैं। मौके पर अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई नगर पंचायत हजारीबाग के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, सचिव विवेक कुमार गुप्ता, उपसचिव रंधीर कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता उर्फ बिट्टू, संयोजक समिति के सदस्य महेश प्रसाद, योगेन्द्र प्रसाद, युवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष गुंजन कुमार गुप्ता, सबिता गुप्ता, मृदुला गुप्ता एवं रीता गुप्ता सहित कई सदस्य शामिल रहे।

राकेश गुप्ता फैंस क्लब ने मूकबधिर बच्चों के बीच जन्मदिन मनाया

# पौधरोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का दिया संदेश




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
खुद के लिए तो हर कोई जीवन जीते है लेकिन कम ही लोग होते हैं, जो दूसरों की खुशी में अपनी को खुशी ढूंढते हैं। रविवार को राकेश गुप्ता फैंस क्लब ने समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता का 50 वें जन्मदिन एवं शानदार समाजसेवा के 35 वर्ष पूर्ण होने पर अनोखे अंदाज में उनका जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर झील परिसर में दौड़ प्रतियोगिता एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झील सफाई समिति के अरुण वर्मा एवं बीजेपी नेता अभिमन्यु प्रसाद शामिल रहे। दौड़ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया तथा पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान समाजसेवी राकेश गुप्ता ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस क्रम में राकेश गुप्ता फैंस क्लब ने सदर अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं बिस्कुट बांटकर जन्मदिन मनाया। वहीं मूकबधिर बच्चों एवं ओल्ड एज होम के वृद्धजनों के बीच फल एवं बिस्कुट बांटकर मनाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### मांडू विधान सभा के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चुनावी टिकट लेने के लिए जमा किए आवेदन



**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के मांडू विधानसभा अंतर्गत, आगामी विधानसभा चुनाव से अपने-अपने भाग्य आजमाने के लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान एवम वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी बनने के लिए जमा किए आवेदन। इसी कड़ी में विष्णुगढ़ प्रखंड के जमींदार घराने महंत वासुदेव दास की बहु वर्तमान मे कांग्रेस जिला सचिव सुनयना दुबे ने भी चुनाव प्रत्याशी बनने हेतु दावा ठोका। मौके पर कांग्रेस जिला महा सचिव राम जन्म राय, राजेश दुबे, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुप्तेश गुप्ता दो दिनों से लापता, नहीं मिला कोई सुराग, परिजनों को अपहरण की आशंका



**हजारीबाग।** शहर के जादो बाबू चौक निवासी गुप्तेश चंद्र गुप्ता शनिवार 3 बजे दिन से लापता हैं।परिजनों का कहना है कि वे घर से दोपहर 2 बजे डिपुगढ़ा क्लाइंट के पास पैसा लेने की बात कहकर घर से निकले थे।देर रात्रि तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने इसकी सूचना सदर थाने को दी। सदर थाना प्रभारी के द्वारा उनका मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर तहकीकात शुरू कर दी गई। वही परिजनों के द्वारा बताया गया कि कॉल लोकेशन अलग-अलग जगह का बताया जा रहा है कभी कनहरी तो कभी मेडिकल कॉलेज लोकेशन बताया जा रहा है। वहीं झील ओपन थिएटर के समीप झील के रास्ते में जाने पर उनकी बाइक और ठीक 50 मीटर की दूरी पर उनका चप्पल देखा गया है। सदर थाना पुलिस के द्वारा लगातार रात्रि से ही झील के आसपास खोजबीन की जा रही है। परिजन पूरी तरह से हताश हो बैठे हैं। खोजबीन के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जारी है।

### पूर्व मंत्री ने ट्रांसफार्मर का उद्धाटन कर लोगों को पहुंचाई राहत



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत के नवाटाड में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से गांव में बिजली नहीं थी। जिसकी सूचना पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही श्री पटेल के द्वारा बिना देर किए 100 केवीए ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को मुहैया करवाया गया। श्री पटेल के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया । श्री पटेल के द्वारा विष्णुगढ़ की जनता को जनहित में योजनाओं का समर्पण होता रहता है , जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना रहता है । मौके पर हीरामन महतो , हेमंत महतो , दामोदर महतो इत्यादि गण मान्य एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री जन मन जागरूकता रथ पहुंची बदाही बिरहोर टोला



**बरकट्ठा।** प्रधानमंत्री जन मन जागरूकता रथ कोनहरा खुर्द पंचायत के बदाही बिरहोर टोला, धरहरा पहुंची। जागरूकता रथ के साथ कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर उपस्थित थे। जिसमें लोगों को बताया गया कि पीएम जन मन योजना के तहत आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत सभी आदिम जनजाति परिवार को पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव गांव तक सड़क, बिजली, मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन, संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिला वित्तीय सहायता 1हजार आदि समेत सभी तरह की सुविधाएं दी जाएगी।

# अखंड कीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक क्षेत्र की खुशहाली की मांगी मन्नतें



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रखंड परिसर स्थित मनोकामना मंदिर में आयोजित अखंड कीर्तन में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थकों के साथ हिस्सा लिया. जिनका मनोकामनेश्वरा समिति के सदस्यों ने स्वागत किया. उन्होंने अखंड की परिक्रमा करते हुए संकीर्तन किया और क्षेत्र की खुशहाली की मन्नते मांगी. पूर्व विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में अखंड संकीर्तन का विशेष महत्व है. यह एक अचूक धार्मिक औषधि है जो हर एक मर्ज में सहायक होता है. इस प्रकार के आयोजन से नकरात्मक ऊर्जाओं की कमी तो होती ही है सुख, शांति और समृद्धि में वृद्धि भी होती है. इस कार्य के लिए आयोजक मंडली के सदस्यो को बधाई दिया. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, महालख्खी ट्रस्ट के संचालक अविनाश आर्य चंद्रवंशी, पूर्वी पंचायत के उप मुखिया मनोज उपाध्याय, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पप्पू चंद्रवंशी, किशोर राणा, राजू राणा, बसंत शर्मा, रवि केसरी आदि कई लोग मौजूद थे.

घाटो में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शानदार समापन

# एफसी बंजी ने लइयो की टीम को पराजित कर जीता खिताब




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद खेल महोत्सव- 2024 का आगाज किया है। इसके तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण का बीते 27 अगस्त को मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो स्थित 15 नंबर फुटबॉल मैदान में विधिवत शुरूआत हुआ था। जिसका शानदार समापन 6 दिनों के बाद रविवार को यहां हुआ। इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें सभी टीमों को पछाड़कर एएसएफसी लइयो बनाम एफसी बंजी की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। रविवार को यहां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबला का आगाज एएसएफसी लइयो बनाम एफसी बंजी की टीम के बीच हुआ तो पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भर गया। इस क्षेत्र के खेल प्रेमियों में इस टूर्नामेंट के प्रति गजब का उत्साह देखा गया। फाइनल मुकाबला दोनों टीमों के बीच जोरदार और बेहद संघर्षपूर्ण हुआ। दोनों टीमों के बराबर प्रदर्शन के बाद पेनल्टी शूटआउट के जरिए एफसी बंजी की टीम ने 5- 3 गोल से एएसएफसी लइयो की टीम को पराजित कर इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

नल जल योजना का पानी घर के बजाये बह रहा सड़कों पर

# लोगों की उम्मीदों पर फिरा पानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना लोगों के लिए इतनी फिसड्डी साबित होगी इसकी कोई कल्पना भी नहीं किया होगा। जनता को उम्मीद थी कि खोलेंगे नल और मिलेगा जल। लेकिन लोगों की सारी उम्मीदें सपना ही बन कर रह गया। प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत की हालात है कि कुछ लोगों को नल नसीब हुआ लेकिन जल अब तक नसीब नहीं हो पाया है। कहीं रोड़ में डाले पाइप लिकेज है तो कहीं टंकी से पानी बह रहा है। कोनहारा कला में पाइप लाइन लिकेज रहने से रोड़ पर जल जमाव हो गया है। जिससे आवागमन में राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि विभाग को इसकी चिंता नहीं है कि आकर बर्बाद हो रहे पानी को रोका जाये। यहां पानी के लिए कभी-कभी तरस जाते हैं और यहां विभाग की लापरवाही देखने को मिल रही है।

### इस योजना के बारे में क्या कहते हैं पंचायत के मुखिया

मुखिया अब्बास अंसारी के मुताबिक झारखंड में चल रही योजनाओं में नल जल योजना सबसे भ्रष्ट योजना है। किसी से भी शिकायत कीजिए कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि पंचायत में नल जल योजना का कार्य करा रहे संवेदक आधा अधुरा कार्य करके भाग गया। पंचायत में चिन्हित जगहों पर बोरिंग भी नहीं हुआ। फोन करने पर संवेदक फोन भी रिसीव नहीं करते हैं, क्योंकि उसे जनता की चिंता नहीं है। उसे तो अपनी जेब भरने की चिंता लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता पानी के आस लगाए घर में बैठी है और नल जल योजना का पानी रोड पर बह रहा है। अब कहना यह है कि आदमी को पीने का पानी नहीं मिल और योजना का पानी बर्बाद हो रहा है।

मार्खम कॉलेज कंपनी के रिकी गुप्ता थल सैनिक कैंप के लिए चयनित

# कड़ी मेहनत और सभी के मार्गदर्शन से मिली कामयाबी : रिकी गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
22 झारखंड एनसीसी बटालियन अंतर्गत मार्खम कॉलेज कंपनी के सार्जेंट रिकी कुमार गुप्ता का चयन थल सैनिक कैम्प में हुआ है। यह शिविर राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित की जाएगी जहां रिकी पूरे झारखण्ड एवं बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैप रीडिंग में अचूक पता निकाल कर उन्होंने राज्य स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। इससे पूर्व, रिकी ने इंटर कॉलेज कंपटीशन, इंटर बटालियन कंपटीशन, इंटर ग्रुप कंपटीशन में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। अब बिहार एवं झारखण्ड डायरेक्टरेट का ऑल इण्डिया स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। चार सालों के बाद इस महविद्यालय से किसी कैडेट का थल सेना कैंप में चयन हुआ है। महाविद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं। रिकी मूल रूप से गिरीडीह जिले के रहने वाले हैं। हजारीबाग से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। थल सैनिक शिविर में चयन होने के बाद उन्होंने खुशी जाहीर करते हुए अपने सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल कुशवाहा एवं केयर टेकर ऑफिसर संतोष रविदास सहित सभी सीनियरों के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि, सभी के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से उनका चयन हो पाया है। उन्होंने बटालियन के जवानों एवं अफसरों का भी अच्छी ट्रेनिंग देने हेतु आभार जताया।

दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने आयोजित किया स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर

# स्वरोजगार प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी : जिप सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता। विष्णुगढ़**
दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने स्वरोजगार के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर 40 से अधिक महिला पुरुष को सर्फ बनाने प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि उप प्रमुख सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष सरयू साव ने कहा कि दीनमठ सारथी ट्रस्ट का प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र में स्वरोजगार की दिशा में अच्छी पहल है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी ने कहा कि इस स्वरोजगार प्रशिक्षण से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। वर्तमान समय में महिला पुरुष सभी कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। महिलाएं भी खुद को स्वरोजगार से जोड़ना चाहती हैं उनको संस्था के द्वारा अवसर मिलेगा। मुख्य रूप से प्रशिक्षक सह दीनमठ सारथी के कोडरमा सदस्य राजेश कुमार, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के डॉयरेक्टर डुमरचंद महतो, शिक्षक विनय कुमार, दीनमठ सारथी ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद महतो, सचिव दीपक तिवारी, कोषाध्यक्ष नंदन ठाकुर, आलोक कुमार सदस्य, किशोर लंबो समेत संस्था के अन्य की अहम भूमिका रही। साथ ही राजेश कुमार(रळछर) विष्णुगढ़ अस्पताल ने यक्ष्मा उन्मूलन के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नंदनी कुमारी, शान्ति देवी, रंजन, बिनोद कुमार, डीलोचंद महतो, प्रदीप कुमार, पूजा कुमारी, कल्याणी कुमारी, सोनिया कुमारी, राखी देवी, अंशु वर्मा, रिंकू देवी, ईशा कुमारी, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, रूपा कुमारी, विद्या देवी, रूबी कुमारी, किरण देवी, सोनिया कुमारी, पूजा कुमारी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, ममता कुमारी, पियासू देवी, गिरजा देवी, रोहित महतो, सुनीता देवी, किरण कुमारी, उर्मिला पटेल, राजेश कुमार, अंकित राज समेत अन्य ने प्रशिक्षण में में भाग ले कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# शरारती तत्वों से परेशान स्कूल ने थाने में लगाई गुहार




**नवीन मल संवाददाता। बरही**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडारों के प्रधानाध्यापक किशोरी महतो ने बरही थाना में आवेदन दिया है. आवेदन में गांव के कुछ शरारती तत्वों के द्वारा विद्यालय की संपत्ति नुकसान करने का आरोप लगाया गया है. आवेदन के अनुसार शरारती तत्व विद्यालय के दीवार पर लिखे गए प्रबंधन समिति के सदस्यो के नाम मिटाने, विद्यालय के दीवार पर अनावश्यक बाते लिखने और बरामदे में लगे टाइल्स तोड़े जाने की बात कही गई है. विद्यालय प्रधान ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है. विदित हो कि विद्यालय विद्या का मंदिर है जहां गांव के ही बच्चे शिक्षा ग्रहण कर भविष्य संवारने का काम करते हैं. पर कुछ शरारती तत्व विद्या के मंदिर को ही बर्बाद करने पर तुले हैं. इस दिशा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों को भी सक्रिय होकर विद्यालय को असमाजिक तत्वों से बचाने का प्रयास करनी चाहिए.

दारू प्रखंड में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

# खेलने से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं : टोनी जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय वालीवाल दो दिवसीय प्रतियोगिता दारू प्रखंड के चीरवा ग्राम में प्रारंभ हुआ। इसमें पंचायत स्तर के ईरगा, जबरा, हरली पीपचो, जोनिया, दारू, चीरवा चेरुवन सहित कुल 9 टीम भाग लिए। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टोनी जैन कुंवर मनोज सिंह, सुरेश प्रसाद ज्योत्सना देवी ने दीप प्रज्वलंन कर की। सभी खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रगान गाने के बाद खेल की शुरूआत की गई। खेल का समापन आज को होगा, प्रतियोगिता नॉकआउट राउंड की तर्ज पर चलेगी। अंतिम में दो टीम फाइनल खेलेगी और खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ-साथ मेडल का भी पुरस्कार दिया जाएगा। नौक आउट राउंड बाहर हो जाएगी उन टीमों को भी वॉलीबॉल और नेट पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहे और अपने-अपने पंचायत में लगातार अभ्यास करते रहे। टोनी जैन ने कहा कि ग्रामीणों के स्वागत से मैं बहुत प्रसन्न हूं और आगे भी खिलाड़ियों के लिए मैं लगातार उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता रहूंगा। हमारे प्रखंड और जिले का नाम रोशन होता रहे,यहां के बच्चे में प्रतिभा बहुत है सिर्फ तरासने की जरूरत है ।मैं इनका खेल देखकर काफी खुश हूं कार्यक्रम में सोनू गुप्ता, पूनम मिश्रा, मनोज सिन्हा मुकेश सिंह, निर्मला साहू, किशोर गुप्ता, मुकेश मेहता, मंटू कुमार मुकेश शाह, लीलावती देवी, शेखर गुप्ता, सागर कुमार, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, सीताराम प्रसाद रामशरण प्रसाद, दशरथ साहू, दिलीप प्रसाद विजय राणा, शारदा प्रसाद, प्रकाश साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# ठेठईटाँगर प्रखंड में भ्रष्टाचार की बली चढ़ी जलमीनार

नवीन मेल संवाददाता



ठेठईटांगर । प्रखंड के पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के गौरीडुबा, जिलिंगा, करापानी, केंदापानी, झगड़ा, बारोडोंगर आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए ग्रामीणों ने जिप सदस्य के पास काई समस्याओं को रखा मुख्यतः ग्रामीणों ने बताया कि इन गांवों में जल नल योजना के तहत नाम मात्र के लिए ढांचा खड़ा कर दिया गया है जिसमें कोई मशीन नहीं लगाया गया है। जिप सदस्य एक्का ने इन गांवों का दौरा कर स्वयं देखा कि गौरीडुबा में जलमिनार का ढांचा खड़ा कर दिया गया है लेकिन कोई मशीन नहीं लगाया गया है वहीं कारापानी, केंदापानी, जगड़ा और बारोडोंगर में जलमिनार का समान तो गिराया गया है तथा जलमिनार लगाने का आधार भी बनाया गया है कहीं कहीं पाईप लाईन भी बिछाया गया है लेकिन कोई मशीन नहीं लगाया गया है। जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि पेयजल के नाम पर विभाग ने ग्रामीणों को धोखा दिया गया यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा विभागाधिकारी एवं विचौलियों के मिलिभगत से सरकारी राशि का बंदरबांट कर ग्रामीणों के साथ धोखा किया गया है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार से मांग करेंगे कि संबंधित अधिकारियों एवं विचौलियों पर कार्रवाई हो और ग्रामीणों के लिए उचित पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर कुरडेग में हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। प्रखंड कार्यालय सभागार में रांची में आयोजित चार सितम्बर के मुख्यमंत्री सम्मान योजना कार्यक्रम में लाभुकों को ले जाने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की बैठक हुई।बैठक में बताया गया कि प्रखंड के आठ पंचायतों से कुल 1000 मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों को रांची के कार्यक्रम में ले जाना है इसके लिए 16 बसों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बस में दो दो पर्यवेक्षक भी साथ में जाने एवं वापस लाने के लिए प्रतिनियुक्त किये गये हैं।मौके पर बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा,सीओ किरण डांग,बीपीओ जया रश्मि सहित कर्मि उपस्थित थे।

## डॉ. कलाम सीजन 3 फुटबॉल में सिमडेगा टाइगर सेमी फाइनल में

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। सीजन 3 डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल मैच मे सिमडेगा टाइगर बनाम जेडीसी कुंवारमुंडा उड़ीसा के बीच सीजन का आखिरी क्वार्टरफाइनल मैच रविवार को खेला गया इस एक तरफे मैच में सिमडेगा टाइगर ने कुंवारमुंडा की टीम को 4-0 पराजित कर सेमी फाइनल में पहुंची।मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संदीप कुमार मिश्रा वीरमित्रापुर एवं विशिष्ट अतिथि हाजी फहीम अख्तर थे। मुख्य अतिथि संदीप मिश्रा को समिति के सदस्य के द्वारा फुल बुक के देकर सम्मानित किया गया एवं विशिष्ट अतिथि हाजी फहीम अख्तर को हिंदुस्तान के संवाददाता अरुण कुमार के द्वारा फुल बुक के देकर सम्मानित किया गया. एवं अतिथियों के द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कराकर टूर्नामेंट की शुरुआत कराई गई. मंच का संचालन श्याम सुंदर मिश्रा ने निभाई एवं अंपायर की भूमिका रांची से आये विक्रम उरांव राजेंद्र कच्छप छोटू मुंडा ने निभाई।आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहम्मद कयूम मोहम्मद अशफाक आलम मोहम्मद हाशिम साजिद आलम अरशद अफरीदी काशिफ आलम मोहम्मद फिरदौस अभिषेक विश्वास एवं अन्य लोग लगे हुए हैं.सोमवार का सेमी फाइनल मैच आसिफ 11 सबडेगा उड़ीसा बनाम सिमडेगा टाइगर झारखंड के बीच 3बजे से खेला जाएगा।

## नागपुरी किताब लोक परब पूजा आउर कहनी कथा का विमोचन

सिमडेगा । जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में रविवार को नागपुरी संस्कृति को समर्पित पुस्तक लोक परब पूजा आउर कहनी कथा का विमोचन एक गरिमामय समारोह में किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा शौंडिक संघ के अध्यक्ष एवं अध्यक्षा उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि अरविंद प्रसाद और रेखा रानी ने पुस्तक का विमोचन करते हुए नागपुरी भाषा और संस्कृति के संरक्षण के महत्व पर बल दिया। यह पुस्तक हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने और अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। किताब के लेखक शौंडिक रत्न शीतल प्रसाद सुदर्शन ने इस अवसर पर कहा कि संघ हमेशा से ही स्थानीय संस्कृति और भाषा के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहा है।

## भाजपा जिला युवा मोर्चा ने झारखंड सरकार का पुतला दहन किया

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया में अब तक 8 अभ्यर्थी की जानें जा चुकी है। भाजपा जिला युवा मोर्चा द्वारा रविवार की शाम झुलनसिंह चौक के समीप हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर कहा कि कौनसी ऐसी बिडमना राज्य में आ गई कि, उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की मौत हो रही है। बिना किसी तैयारी के जल्दबाजी मे हेमंत सोरेन वोट बैंक के लिए भर्ती प्रकिया करा रहें है, जिसका परिणाम है कि लगातार अभ्यर्थियों की मौत हो रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पूरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अनूप प्रसाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, अनूप केशरी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शम्भू भगत, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विधा बड़ाईक,एस टी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महाबीर बड़ाईक, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामबिलास बड़ाईक, नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप साहू, कृष्णा राय कोटवार, संजय शर्मा, राहुल मिश्रा, सुभाष महतो, महेश साहू, बिनोद बड़ाईक, करण सिंह, चंदन प्रसून,निशिकांत सिंह,सोनू साहू, शिव शंकर यादव, आलोक कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## संत मोनिका गुणवती माता बनने और निरंतर प्रार्थना की प्रेरणा देती है : अनिल

नवीन मेल संवाददाता



ठेठईटांगर । प्रखंड ठेठईटांगर अंतर्गत जामपानी पल्ली में आज माताओं के संत रक्षक संत मोनिका का त्योहार धूम धाम से मनाया गया।इस त्योहार की तैयारी हेतु दो दिवसीय बिनती उपवास फादर अशोक तोपनो ,फादर अगुसटीन आइंद के द्वारा प्रवचन दिया गया ।इस अवसर पर सलंगापोंछ भिखारियट के डीन सह पल्ली पुरोहित जमपानी फादर थॉमस सोरेंग ने मिस्सा पूजा की सुरुवात की और संदेश में कहा-संत मोनिका एक जीवन देने वाली महिला थी और माताओं का आदर्श थी। उनके जीवन के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को मानवीय बना सकती थी। उन्होंने अपने पति को ख्रीस्तीय विश्वास की ओर प्रेरित किया, अपने बच्चों के सुख-दुःख में साथ दिया। ईश्वर ने उसकी प्रार्थना सुनी और समय पर उसे पूरा भी किया । अतः संत मोनिका महिलाओं की आदर्श हैं।मौके पर उर्सूलाइन कॉन्वेंट के सिस्टर शोसन भेंगरा की अगुवाई में हॉस्टल के बच्चियों ने प्रवेश नाच करते हुए कोयर ग्रुप का नेतृत्व कर अपने मधुर गीत गाए और भगतिमय गीतों से माहौल को भक्तिमय बनाया मिस्सा पूजा तत्पश्चात तीनों संघ के द्वारा माताओं का स्वागत अभिनंदन और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर झा मु मो जिलाध्यक्ष अनिल कांडुलना , झा मु मो जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, हेड प्रचारक विलियम केरकेट्टा, उर्सू लाइन कॉन्वेंट के मदर सिस्टर किरण एक्का, सिस्टर कोरनेलिया डुंगडुंग,सिस्टर राज किशोरी मिंज,सिस्टर ज्योति एक्का,सिस्टर शांति लकड़ा,सिस्टर रंजना तिर्की सभी धर्म बहने महिला संघ सभानेत्री शांति मिंज, युवा संघ अध्यक्ष अरविंद सोरेंग, एडलिन टेटे,कैथलिक सभा अध्यक्ष एड्रियन कांडूलना,पाचोरा कैथलिक सभा सरपंच विजय सोरेंग,कॉसमॉस कुल्लू, संदीप कीड़ों,फेलिक्स सोरेंग,सुनील केरकेट्टा,रसाल डुंगडुंग,पुष्पा बिलुंग,फुर्तुस बिलुंग और भारी संख्या में खीस्ततिया विश्वासी उपस्थित रहे।

## कुरडेग : गिरजाघरों में मनाया गया संत मोनिका का पर्व

कुरडेग । प्रखण्ड के कैथोलिक पल्ली खालीजोर सहित कई गिरजाघरों में रविवार को संत मोनिका का पर्व मनाया गया । इस अवसर पर फा सुनिल तिर्की की अगुवाई में मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न किया गया । फा सुनिल तिर्की ने संदेश में कहा कि संत मोनिका महिलाओं का आदर्श एवं संरक्षक संत हैं हमें संत मोनिका के आदर्शों को अपने जीवन में लागू करना चाहिए । संत मोनिका अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोया, उन्होंने प्रार्थना के द्वारा अपने पति पत्रिसियुस और बेटा अगस्टीन तथा सासू माँ के मन परिवर्तन करने में सफलता पाई । संत मोनिका का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा, उनके संघर्षपूर्ण जीवन के बदौलत आज पूरी दुनिया में संत मोनिका स्मरण किये जा रहे हैं । संत मोनिका महिलाओं का आदर्श एवं संरक्षक संत हैं हमें संत मोनिका के आदर्शों पर चलना चाहिए।

## सिमडेगा जिला भाजपा की बैठक में बूथ की मजबूती पर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों संग बैठक का आयोजन हुआ। विधानसभा संरक्षक रंजन कुमार पटेल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल विधानसभा जॉन के प्रभारी गणेश मिश्रा, प्रदेश संगठन के चितरंजन मोहंती सिमडेगा पहुंचे। रंजन कुमार पटेल ने कहा बूथ को मजबूत बनाएं। वोटर लिस्ट का ग्राउंड जीरो वाईज सत्यापन कर लें। जो भी क्रियाकलाप हो, उसमे वंहा के सभी कार्यकर्ताओं की संलिप्तता हो। उन्होंने इसके अलावे महत्वपूर्ण बातें बताई।गणेश मिश्रा ने वर्तमान राजनीति वस्तु-स्थिति के बारे में बताया। कहा सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाना है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रण के साथ विधानसभा चुनाव जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने चुनाव के निमित्त प्रदेश के बैठक से प्राप्त दिशा-निर्देशों को भी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया। भाजपा कार्यालय की बैठक में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, सिमडेगा विस्तारक खगेश्वर साहू, कोलेबिरा विस्तारक नागेंद्र दीक्षित, व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## ताइक्वांडो संघ की ओर से बेल्ट परीक्षा का हुआ आयोजन

सिमडेगा। रविवार को अलबर्ट एक्का सिमडेगा में सिमडेगा जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रखंड से लगभग 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रतिभागियों को जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह मुख्य प्रशिक्षक जुनास डांग ने ताइक्वांडो सीखने के फायदे के बारे जानकारी दिया और बताया की इससे आत्मरक्षा , आत्मविश्वास अनुशासन एंव शरीर स्वथ्य रहता है । ताइक्वांडो के नए नए पैर पैतारे सिखाया तथा बेल्ट परीक्षा लिया ।संघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए , इससे शारीरिक एंव मानसिक संतुलन अच्छा रहता है ।

## एक साल से ठेठईटांगर में नहीं बना मृत्यु प्रमाण पत्र

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव शरीफ खान ने प्रखंड में मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने को लेकर नाराजगी व्यक्त की है उन्होंने कहा पिछले साल 9 अगस्त 2023 को गया जिला निवासी अजमल खान ट्रक चालक की मृत्यु जामपानी पुल की निकट ट्रक पलटने से हो गयी। मेरे द्वारा मृतक का सिमडेगा अस्पताल मे पोस्टमार्टम कराकर उनके घर गया जिला भेज दिया गया।चुंकि मृतक के परिवार मे कोई कमाने वाला नहीं है और उनके परिवार मे बूढी माँ के अलावा पत्नी और लगभग एक साल का बच्चा है।बिहार सरकार से मदद हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। लगातार कोशिश करने पर लगभग 6 महीना तक बोला गया की मुखिया बीमार है। जिसके ठीक होने के पश्चात ही बन पायेगा। काफी दिन बीमार होने के पश्चात बताया गया की मुखिया की मृत्यु हो गयी है। कभी इलेक्शन तो कभी साइट नहीं चलने का कारण बताया गया।इस बीच कई बार ब्लॉक गया कई अफसर से मिला लेकिन बदले मे सिर्फ आश्वासन मिला।एक साल गुज़र जाने के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाए जाने के कारण गरीब परिवार सरकारी मदद से वंचित है जो की पूरे तंत्र और झारखण्ड सरकार के क्रियाकलाप पर सवालिया निशान है।बड़ी बड़ी बातें और वादे करने वाली झारखण्ड सरकार का सिस्टम पर कोई कंट्रोल नहीं है।अँधेरी नगरी चौपट राज़ा की स्तिथि मे हमलोग जी रहे है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया की उक्त विषय पर संज्ञान लेकर जो भी दोषी है उनपर कार्रवाई करते हुए अविलम्ब मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करे जिससे की असहाय परिवार की कुछ आर्थिक मदद सुनिश्चित कराया जा सके।

### विश्व हिंदू परिषद जलडेगा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

## जिला समिति की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी की




नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। विश्व हिंदू परिषद जिले का प्रखंड समिति की ओर से पंच देवालय मन्दिर में विहिप षष्टिपूर्ति स्थापना वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा 1964 में जब देश मे भयावह स्थिति थी जात पात छुआछूत उच नीच का भ्रम फैला था तब से सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए विहिप की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य सभी को संगठित कर धर्म संस्कृति एवं पुरातन सभ्यता एवं पूर्वजों के विरासत को बचाये रखने लिए विश्व हिन्दू परिषद का गठन हुआ ।आज प्रत्येक गांव में रामराज्य स्थापित करना है इसके लिए एक गांव एव परिवार का सोच के साथ चलना है।आज वर्तमान समय में हिंदुओं को राजनेताओं के द्वारा सत्ता सुख के लिए महत्वकांक्षी बनाया जा रहा है।और धर्मांतरण भी भ्रम कर किया जा रहा है।आज जनजाति समाज को विभिन्न हिस्सों में बाटने का प्रयास किया जा रहा है।इसका एक कारण है कि हमारे समाज मे कुछ जगहों पर छुआछूत का भावना है ऐसे में विधर्मियों के द्वारा धर्मान्तरण करवाया जा रहा है।हमारा समाज हमेशा आदिकाल से प्रकृति पूजक रहे है ।वन नदी पहाड़ पेड़ पौधे का पूजन किया जाता है।मौके पर विहिप झारखंड प्रान्त मार्गदर्शक मंडल के संयोजक स्वामी कृष्णा चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज के द्वारा विश्व हिंदू परिषद की स्थापना उद्देश्य एवं सनातन संस्कृति और उनके विचारधाराओं को मानने तथा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का आवाहन किया।

### हिन्दू हेल्पलाइन नम्बर किया गया जारी

इधर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा हिंदू हेल्पलाइन नंबर 9122535108 जारी किया ।जारी करते हुए उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के हिंदू समुदाय के लोगों को होने वाले समस्याओं पर वह अपनी बातों के यहां पर रख सकते हैं ।जिससे कि उनकी समस्याओं को सामाजिक स्तर से दूर करवाने का प्रयास किया जाएगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अघना खड़िया ,किरण चौधरी ,अभिषेक कुमार ,दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल ,बजरंगदल संगठन मंत्री अमित कुमार गोयल,प्रखंड मंत्री सन्तोष मिश्रा एव सुभाष साहु, भोला साहु, जंयति देवी, रामदेव साहु, दिलेश्वर साहु, बसंत साहू, रामावतार अग्रवाल, महेश्वर दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षिका के मौत पर अखिल शिक्षक संघ ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में जिले की शिक्षिका सीमा रानी के हैदराबाद में गंभीर बीमारी के कारण मृत्यु पर शिक्षको के द्वारा इनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवम पुष्प देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद 2 मिनट का मौन रखा गया। स्वर्गीय सीमा रानी के संबंध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने बताया कि इनकी मृत्यु से जिले में शोक की लहर है। इनकी नियुक्ति वर्ष 2015 में राजकीय मध्य विद्यालय बोंगराम (कोलेबिरा) में सहायक शिक्षिका के पद पर हुआ था ।ये धनबाद की रहने वाले थी ।इनका स्थानांतरण कुछ दिन पहले ही धनबाद के लिए हुआ था।इन्होंने अपना प्रथम योगदान से लेकर अंतिम क्षण तक अंतरजिला स्थानांतरण के लिए प्रयासरत रही और जब स्थानांतरण हुआ तो भगवान की प्यारी हो गई।जो बेहद ही दुखद घटना है।उन्होंने बताया कि ये मृदुभाषी एवं संघर्षशील महिला थी, उनका व्यवहार जिले के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ बहुत ही अच्छा था। इनकी अचानक मृत्यु होने पर जिले के सभी शिक्षकों को गहरा आघात लगा है। स्वर्गीय सीमा रानी हमेशा जिले की शिक्षकों के हृदय में रहेंगी।

## न्यूज बॉक्स

### स्वास्थ्य उप केंद्र परिसर में जलजमाव से परेशान बढ़ी

कोडरमा/ जयनगर। प्रखंड के हीरोडीह स्वास्थ्य उपकेंद्र के सामने जलजमाव से मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी हो रही है। हल्की बारिश होने से केंद्र के दरवाजे के सामने पानी जमने आने-जाने में भी होती होती है। एक तरफ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू जैसी बीमारियों से बचने के लिए जागरुक किया जाता है। वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र हीरोडीह के सामने जलजमाव होने उत्पन्न मच्छरों से यहां इलाज कराने वाले मरीज खुद बीमारी का शिकार हो रहे हैं।

### पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की कर रही जांच : एसपी

कोडरमा। पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह ने मामले में कहा कि पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। मामले को लेकर शुक्रवार रात चतरा जिले के टंडवा थाना में कांड सं 259/24 परिजनों ने दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही चतरा की पुलिस कोडरमा पहुंची और मृतक युवक का शव और घायल युवक को लेकर चली गयी। घटना में शामिल लोगों को जल्द ही गिरफ्तार करने का हरसंभव कोशिश की जा रही है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

कोडरमा। जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमोहना के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की शाम करीब चार बजे की है। घायल की पहचान विकास कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता- सहदेव राम, डोमचांच के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से डोमचांच से मसमोहना जाने के दौरान मसमोहना के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। इसके बाद कोडरमा हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### डीएवी स्कूल में एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमा। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में शनिवार को एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एलकेजी से दूसरे वर्ग के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में यूकेजी के प्रितराज, अंशिका राज प्रथम, कक्षा प्रथम के परिमिति राणा, अशीम पाठक, काव्या सिंह प्रथम, कक्षा द्वितीय के संगीनी मोदी, पृथा बर्णवाल,अनीक देव दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य वर्ग के भी प्रतिभागी सफल रहे। स्कूल प्राचार्य ने बच्चों की प्रतिभा को सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

### झारखंड के पहले इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रशिक्षक बने अशोक

> 2500 छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कर रहे हैं ट्रेंड

कोडरमा। कई बार शौक के लिए शुरू किया गया कार्य लोगों के जिंदगी में बड़े मुकाम का हिस्सा बन जाती है। कुछ ऐसा ही वाक्या कोडरमा के अशोक के साथ हुआ है। बचपन में शौक के तौर पर उन्होंने ताइक्वांडो सीखना शुरू किया था। हालांकि परिजन की तरफ से दबाव होता था कि लड़ाई झगड़ा की तरह नहीं सोचना है। इस तरह के खेल से दूर रहना है। लेकिन उन्होंने अपने परिजन को सेल्फ डिफेंस का हवाला देते हुए इसे जारी रखा। बचपन में शुरू की गई। उनके इस शौक ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मास्टर के मुकाम तक पहुंचा दिया है। झुमरी तिलैया के गांधी स्कूल रोड निवासी ताइक्वांडो के अंतरराष्ट्रीय मास्टर अशोक कुमार ने लोकल 18 से कहा कि ताइक्वांडो के 45 वर्षों के इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मास्टर कोर्स का आयोजन भारत में किया गया। पहले लोगों को इस कोर्स और परीक्षा में शामिल होने के लिए साउथ कोरिया समेत अन्य दूसरे देश जाना पड़ता था। इस कोर्स को पूरा करने के लिए युथोपिया, सिंगापुर, कुवैत, अफगानिस्तान, कोलंबिया, भूटान, नेपाल, जॉर्डन के अलावे 15 देशों के करीब डेढ़ सौ प्रशिक्षकों ने रांची के टाना भगत स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण सह परीक्षा में हिस्सा लिया था।

### सरना भवन में बैठक आज

सिमडेगा। सरना समिति के बैनर तले एक सितम्बर को सरना भवन में बैठक आयोजित की गई है। समिति के अध्यक्ष पुना बेसरा ने बताया कि बैठक में सरना सनातन धर्म के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में कदलेटा पूजा, करमा पूजा एवं जिउतिया पूजा के सफल आयोजन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव उपस्थित रहेगें।

### अखिल भारतीय रौतिया समाज की बानो इकाई की हुई बैठक

बानो । अखिल भारतीय रौतिया समाज की बानो इकाई की बैठक महेश सिंह की अध्यक्षता में डाक बंगला बानो हुई ।बैठक में सामाजिक बैठक सह 29 अगस्त की रैली सह ब्लाक स्तरीय धारण की समीक्षा बैठक की गयी.साथ ही 14 से 16 सितम्बर 3 दिवसीए को बालक -बालिका फूटबाल खेल प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया. बैठक में समाज में रोजगार, शिक्षा, सामाजिक समस्याएं के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी. सामाज की मजबूती पर एकता बनाए रखने पर समाज के हर वर्ग को जोडने पर जोर दिया गया. बैठक में हिरानाथ सिंह, राजेश सिंह, उमाशंकर सिंह, टकबर सिंह, शिवशंकर सिंह, रवि सिंह, देवचन्द सिंह, विश्वम्बर सिंह, बरजराज सिंह, सहरू सिंह, उदेश्वर सिंह, धर्मवीर सिंह बालगोविंन्द सिंह, उगरतन सिंह, शंकर सिंह ललित सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### जामपानी के पास ऑटो के पलटने से कई लोग जख्मी

ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र के जामपानी मे ऑटो पलटने से कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग राजाबासा पंचायत के करमटोली गांव से जामपानी चर्च के लिए निकले ऑटो सवार ऑटो के दुर्घटना होने से घायल हो गए जिनमें राजाबासा पंचायत अंतर्गत करम टोली के माइकल केरकेट्टा ,प्रिंसी डुंगडुंग,सुमित्रा कीड़ों ,असुन्ता कीड़ों लिबनियुस कीड़ों, ज्योति कीड़ों,मोनिका डुंगडुंग दिव्या डुंगडुंग ,दोराथिया कीड़ों,अनुष्का डुंगडुंग एवं चालक साबियन समद घायल हो गए, किशोर डुंगडुंग एवं ग्रामीणों के मदद से घायलों को रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया।साथ ही सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज,अनिल डुंगडुंग ,राजा आलम , किशोर डुंगडुंग,शाहबाज आदि अस्पताल पहुंचकर बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया, जिनका स्थिति नाजुक था उन्हें तुरंत सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कराया गया जहां उनका इलाज विधायक प्रतिनिधि शमी आलम के देखरेख में कराया जा रहा है।

### संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लें: आईरिन

पाकरटांड़। प्रखंड के सिकरियाटांड़ में संत मोनिका पर्व सह आयो पर्व का आयोजन किया गया। मौके पर फा सिलबानुस डुंगडुंग की अगुवाई में मिस्सा पूजा हुई। फा सिलबानुस ने संत मोनिका पर्व की सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संत मोनिका की तरह महिलाएं आदर्श मां बने। कार्यक्रम में मुख्य रुप से झापा युवा नेत्री आईरिन एक्का उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि संत मोनिका महिलाओं की आर्दश मां है। कठिन परिस्थियों में भी आदर्श मां बनी और लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। आज हम सभी को संत मोनिका के जीवन से प्रेरणा लेने की जरुरत है। उनके अनुसार महिलाओं को भी आदर्श मां बनने की जरुरत है। आईरिन ने कहा कि महिलाओं को समाज में आज भी पुरा सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें गांव, समाज एवं घर परिवार में पुरा सम्मान मिलना चाहिए। महिलाओं एवं युवतियों को सम्मान देने के साथ उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि महिलाओं को सम्मान दें। उन्हें उनका हक और अधिकार दें। उन्होंने महिला अत्याचार, महिला सुरक्षा पर भी चिंता जाहिर करते हुए महिला अत्याचार एवं महिला सुरक्षा को लेकर ठोस कानुन बनवाने की मांग की।

## एक नजर

### कुटुंब न्यायालय ने तबरेज अंसारी को भेजा नोटिस

**रांची।** अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय द्वितीय रांची की ओर से हुटाप मोड़ खेलारी निवासी तबरेज अंसारी को सुनवाई के दौरान छह सितंबर को कोर्ट में हाजीर होने का नोटिस दिया गया है। न्यायालय ने कहा है कि अगर उक्त तिथि पर तबरेज कोर्ट में हाजीर नहीं हुआ तो उसकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी। न्यायालय ने कहा है कि इसके पूर्व भी अदालत में हाजीर रहने का नोटिस उन्हें स्पीड पोस्ट से भेजा गया था। उनकी पत्नी नरगीस परवीन ने न्यायालय में मेंटिनेंस के लिए उनपर मुकदमा दायर किया है।

### देह व्यापार के आरोप में पुलिस ने 10 को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोडरमा।** पुलिस ने कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघीटांड के स्पाइसी होटल में छापेमारी की और देह व्यापार के आरोप में 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को रविवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया। सभी आरोपित बिहार के नवादा के निवासी बताये जा रहे हैं। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघीटांड स्थित स्पाइसी हाउस होटल देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर बीती रात कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने छापेमारी कर संदिग्ध हालात में चार युवती, एक महिला, होटल मैनेजर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में देह व्यापार की सूचना पर कार्रवाई की गई। होटल संचालक द्वारा होटल के बेसमेंट में बाहर से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार का धंधा कराया जा रहा था।

### गिरिडीह में मवेशी लदे दो वाहन जब्त दो गिरफ्तार

**गिरिडीह ।** जिले के बगोदर थाना पुलिस ने रविवार को हेशला मोड पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 22 गोवंश लोडेड दो मालवाहक वाहनों को जब्त किया। बताया गया कि एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार ने हेशला में छापेमारी कर गोवंश लोड दोनों गाड़ियों को जब्त किया। इस दौरान दोनों गाड़ियों के चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में गाड़ी के चालक मो सद्दाम ने बताया की गोवंश दोनों गाड़ियां बिहार से पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जा रहा था। लेकिन कहा उतारना था इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है। क्योंकि मुर्शिदाबाद के एक सलाटर हाउस में दोनो गाड़ियों को जाना था। जहां से प्रतिबंधित मांस का अवैध कारोबार किया जाता है। पूछताछ के दौरान सद्दाम ने कबूला की उन दोनों को मुर्शिदाबाद पहुंचने के बाद फोन काल कर बताया जाता की किस सलाटर हाउस में गोवंश लोड गाड़ियों को पहुंचाना चाहता है।

### आगामी चुनाव को लेकर आजसू पार्टी की बैठक आयोजित

# आजसू से भटके कार्यकर्ता दोबारा घर वापस लौटे



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय/ गिरिडीह** गांडेय प्रखंड के धोबियामोड में स्थित सुरेंद्र रजक के आवास पर रविवार को आजसू पार्टी का आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव ने की ओर संचालन प्रवीण गुप्ता ने की। गांडेय विधानसभा स्तरीय बैठक में बेंगाबाद, गिरिडीह पूर्वी तथा गांडेय प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता और महिलाओं ने भाग लिया। इस बैठक में पिछले विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था। पार्टी के वरीय नेता सुरेंद्र रजक और प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव के नेतृत्व में पुनः एक साथ गांडेय विधानसभा के तीनों प्रखंड गिरिडीह पूर्वी, बेंगाबाद ,गांडेय,के सभी मंच मोर्चा के साथी ने सुरेंद्र रजक के नेतृत्व में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यातिथि पहुंचे जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने सभी साथियों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया तथा कहा की एक बार फिर आजसू पार्टी गांडेय विधानसभा में काफी मजबूती के साथ रहेगी और केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार जनता की आवाज प्रखंड स्तर पर उठाएगी। उन्होंने कहा कि एनडीए के साथ मिलकर आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी साझा प्रत्याशी को जीतने का काम करेगी। सदस्यता ग्रहण में कार्यकर्ताओं में काफी खुशी जताई और कहा कि आजसू पार्टी राज्य के युवाओं की पार्टी है। जल जंगल और जमीन की बातें करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को उखड़ फेकेगी और एनडीए की जीत होगी।

### पुरानी पेंशन बहाली की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई

# पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने पर कर्मियों व शिक्षकों ने सरकार का जताया आभार




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** 1 सितंबर को शहर के सिद्धू कान्हु जिला मैदान में द्वितीय पेंशन पुनर्स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न कर्मचारी संवर्गों के कर्मियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए डॉ कश्यप ने कहा कि आज के दिन वर्ष 2022 में झारखंड सरकार द्वारा राज्य में पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः लागू किया गया। राज्य सरकार के इस निर्णय के लिए सभी कर्मचारियों ने आभार जताया। कहा कि सरकार का आभार व्यक्त करने के लिए हर वर्ष 1 सितंबर को पेंशन पुनर्स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप, प्रदेश संयुक्त सचिव लोकेश कुमार, जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो ,सेवानिवृत शिक्षक दिलीप शाह , ऋषि देव चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया।

## न्यूज | बॉक्स

### बिहार ले जा रही शराब को पुलिस ने किया जब्त, दो गिरफ्तार, गया जेल



**बरही।** रसोईया धमना मोड़ के समीप अवैध शराब से लदा सफेद रंग की होंडा सिटी कार संख्या डबल्यूबी 6बी 5357 को पुलिस ने जब्त किया. कार की डिक्की से रॉयल स्टैग नामक लेवल लगा 180 एमएल के 280 पीस शराब से भरी बोतले जब्त किया गया. मौके पर वाहन चालक बिहार शरीफ के भराव निवासी मनीष कुमार पिता डोमन प्रसाद और बिहारशरीफ के ही मथुरिया खाड़ी कुआं निवासी लल्लू कुमार पिता स्व अर्जुन प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार युवक से मिली जानकारी के अनुसार शराब बिहार के जाया जा रहा था. उक्त जानकारी थाना प्रभारी आभाष कुमार ने दी.

### राधा गोविंद विवि के इतिहास विभाग ने विदाई सह स्वागत समारोह का किया आयोजन




**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के स्नातकोत्तर सत्र 2022 झ 24, स्नातक 2021-24 का विदाई समारोह साथ ही 2024 -26 स्नाकोत्तर एवं स्नातक 2024 - 28 के नए विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ )रश्मि, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी.एन.साह ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने नए सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें नियमित रूप से कक्षा करनी चाहिए और पुराने छात्र विश्वविद्यालय से सीखे अनुशासन व शिक्षा का बेहतर उपयोग करेंगे। कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल ने कार्यक्रम का काफी सराहना करते हुए इतिहास विभाग को बधाई दिए। परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ )अशोक कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुमूल्य है यह हमें नई सीख देते हैं वहीं पुराने छात्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

### आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गोसा में आजसू ने की बैठक



**रामगढ़।** गोसा में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को आजसू की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के प्रयास से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तीव्र गति से हो रहे हैं। श्री महतो ने कहा की विधायक सुनीता चौधरी के प्रयास से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सड़क का निर्माण हुआ। लोगों को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हुआ। तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। साथ ही विधायक जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। जहां भी किसी को मदद की जरूरत होती है विधायक के सौजन्य से तत्काल मदद पहुंचाने का कार्य किया जाता है। मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के घर घर जाएं और उन्हें पार्टी के नीति और सिद्धांत की जानकारी दें। साथ ही जिन्हें किसी कारणवश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना का लाभ नही मिला हो उन्हें योजना का लाभ दिलाने में मदद करें। कहा की रामगढ़ विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किए गये विकास कार्यों और उनकी मिलनसार छवि के कारण उन्हें लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक सुनीता चौधरी भारी मतों से विजयी होंगी।

### 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में दावेदारी की पेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव सुधीर मंगलेश ने रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान के समक्ष टिकट की दावेदारी पेश किया । मौके पर सुधीर मंगलेश ने अपने समाजसेवी और संगठनात्मक अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे पिछले दस वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और लोगों के हर सुख-दुख में साथ खड़े रहकर उनकी सहायता कर रहे हैं। चाहे वह किसी जरूरतमंद की मदद हो, किसी सामाजिक मुद्दे का समाधान हो या फिर आपदाओं के समय राहत कार्य हो–सुधीर मंगलेश ने हर मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सुधीर मंगलेश का कहना है कि वे जनता की समस्याओं को गहराई से समझते हैं और उन्हें हल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उनका मानना है कि राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं है बल्कि जनता की सेवा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त जरिया है।संगठनात्मक कार्यों में भी वे पिछले सात वर्षों से कांग्रेस पार्टी के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# भाजपा नेता चंपाई सोरेन का कोल्हान में जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला** भाजपा से जुड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन का कोल्हान की धरती पर रविवार को आगमन हुआ, जहां कांड्रा से ही पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक और भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। हजारों दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला गम्हरिया, आदित्यपुर जमशेदपुर होते हुए उनके पैतृक आवास जिलिंगोड़ा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान जगह-जगह पूर्व मुख्यमंत्री का उनके समर्थकों एवं भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं, अपने स्वागत से अविभूत पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने समर्थकों का इस्तकबाल किया। मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। उसके बाद से ही उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुए थे।

### भत्ता वितरण नहीं होने तक सहायक शिक्षकों और बीआरपी का मानदेय स्थगित

# मध्याह्न भोजन बंद मामले में कार्रवाई चावल व भत्ता राशि देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी गिरिडीह।** पिछले 10 दिनों से एक स्कूल में बंद मध्याह्न भोजन मामले में शिक्षा विभाग ने इससे वंचित बच्चों को प्रतिपूर्ति भत्ता चावल और राशि देने का आदेश दिया है। साथ ही भत्ता वितरण नहीं होने तक दो सहायक शिक्षकों और बीआरपी का मानदेय स्थगित करने का भी निर्देश जारी किया गया है। तिसरी बीइओ रंजीत कुमार ने बकायदा चिट्ठी निर्गत कर इससे संबंधित आदेश जारी किया है। मामला तिसरी प्रखंड अंतर्गत मनसाडीह पंचायत के हथियाचट्टान उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का है। ग्रामीणों द्वारा इस मामले की सूचना मिलने पर इस मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा पिछले दिनों प्रमुखता से



**खबर का असर**

प्रकाशित किया गया था। बताया गया था कि उक्त विद्यालय में 10 दिनों से मध्याह्न भोजन बंद है। इसके पीछे चावल की अनुपलब्धता बताई गई थी। विभाग का कहना है कि चावल उपलब्ध नहीं था तो बगल के विद्यालय से उधार लेकर मध्याह्न भोजन चालू रखा जा सकता था परंतु ऐसा नहीं किया गया। इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि मध्याह्न भोजन सरकार की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है।

# सरकार की मंशा युवाओं को नौकरी देने की नहीं उन्हें भ्रामित करने की है : चंद्र प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। गोमिया** राज्य की जनता ने आज तक ऐसी गैर जवाबदेह सरकार नहीं देखी। सरकार का काम लोगों के जीवन को सहज करना होता है लेकिन इस सरकार ने जनता को तकलीफ में डाला है। सरकार के कार्यों की पहचान विकास से होती है लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति इनकी पहचान बन गई है। समाज के एक वर्ग का इस्तेमाल इन्होंने सिर्फ उनका वोट पाने के लिए किया है। उस समाज के हित और विकास के लिए कोई काम नहीं किया। समाज को बांट कर नहीं जोड़ कर राजनीति करना हमारी पहचान है। हम समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पेटरवार प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में आयोजित में गोमिया विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही। मौके पर उपस्थित हजारों चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण की। साथ ही इस दौरान पार्टी के नीति एवं सिद्धान्तों से प्रभावित होकर जेएमएम के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जनता के अंदर सरकार की वादाखिलाफियों की वजह से गुस्सा है। सरकार ने जनता की भावनाओं से खेलने का काम किया है। चुनाव के वक्त लोकलुभावन वादे करने वाली सरकार ने उन वादों को पूरा करने की ओर पहल तक नहीं की। जनहित से जुड़े मुद्दों को लटकाना और उन पर राजनीति करना इनकी प्राथमिकता रही है इसलिए यह सरकार न नियोजन नीति, न स्थानीय नीति, न विस्थापन नीति बना पाई। आज एक परिवार दूसरे परिवार से जमीन के चलते लड़ाई लड़ रहा है। वंशावली आधारित व्यवस्था इस लड़ाई की जड़ है। खातियानी जमीन आज भी हमारे पूर्वजों के नाम पर हैं जिससे आपसी मतभेद बढ़े हैं। हमारी तैयारी आने वाले समय में वर्षों से चली आ रही इस व्यवस्था को बदलने की है। डिजिटल संसाधनों का प्रयोग कर हम वर्तमान पीढ़ी के नाम से जमीन के मूल दस्तावेज बनाने का काम करेंगे।

# रामगढ़ में 7 को टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा : देवनंद महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई की बैठक रामगढ़ कॉलेज मैदान में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवानंद महतो तथा संचालन जिला महासचिव डॉ. राजेश कुमार महतो ने किया। इस बैठक में बताया गया कि 7 सितंबर को रामगढ़ कॉलेज मैदान में टाइगर जयराम महतो का बदलाव संकल्प महासभा रामगढ़ विधानसभा जिला रामगढ़ में होना तय हुआ है, जिनको सफल संचालित करने के लिए 20 लोगों की आयोजन कमेटी का गठन किया गया है। आयोजन कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि रामगढ़ विधानसभा के अंतर्गत जितने भी केंद्रीय कमेटी के सदस्य, जिला कमेटी के सदस्य ,प्रत्याशी जो भी है स्वेच्छा से सहयोग कर सकते हैं बदलाव संकल्प महासभा के दिन जितने भी वालंटियर की आवश्यकता होगी सभी वालंटियर युवा मोर्चा के सदस्य संभालेंगे । मंच की गरिमा और अनुशासन को बनाए रखते हुए जिनको मंच पर बुलाया जाएगा वही सिर्फ आएंगे ।समय बहुत कम है इसीलिए सभी कोई अपने स्तर से आसपास सुबह से प्रचार शुरू कर देंगे जिनका माध्यम जो भी माध्यम है बैनर, पोस्टर, नुक्कड़, नाटक होर्डिंग ,प्रचार वाहन से कर सकते हैं।

### घंघरी में आयोजित जलसा में शरीक हुए जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना : गौतम कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के कोनहराखुर्द पंचायत के घंघरी में जलसा का आयोजन किया गया।इस दौरान कव्वालियों के टीम ने देर रात तक सुर से सुर मिलाकर शमा बाँधा। कार्यक्रम के उद्घोषण में जेबीकेएसएस नेता गौतम कुमार ने कहा कि मजहब कभी नही सिखाता आपस बैर रखना।हम भारत वासी इंसानियत के परिचायक है।सभी लोग मिलजुलकर क्षेत्र के विकास में भाईचारगी के साथ सहयोग करे।उन्होंने युवाओं को एक मंच पर आने का आग्रह किया। वहीं जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय ने मुस्लिम धर्मावलंबियों को जलसा कार्यक्रम की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खान,शाबिर खान,मो सैय्यद ,शिवतोष कुमार,मो असलम समेत सैकड़ो लोग मौजुद थे।

### छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का हुआ स्वागत

**कोडरमा।** कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर बरियारडीह चौक के समीप छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का रविवार को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, जिला महामंत्री विजय यादव एवं मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने फूल माला से लादकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बार झारखंड में बीजेपी की सरकार ही बनने जा रही है। हेमंत सरकार सिर्फ लूट खसोट की सरकार है। मौके पर जिला महामंत्री विजय कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता बेदू साव, धानेश्वर यादव, नंदकिशोर भारती, पवन सिंह, बासुदेव यादव, पवन यादव, सुबेश यादव, हेमलाल यादव उर्फ शंकर, पप्पू सिन्हा, हीरालाल यादव, लखन पासवान, डॉ भोली राणा, रंजीत भारती, उमेश सिंह, सकलदेव यादव, भोला यादव, इकराम मियां, नईम खान, अर्जुन यादव, रंजीत यादव, बिरेंद्र कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तीन वर्षों में खेत में नहीं पहुंची बिजली, सिंचाई के लिए किसान परेशान

# राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से लगाई गुहार




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गौरियाकरमा पंचायत के किसानों ने खेतों तक बिजली आपूर्ति को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्य के पशुपालन व कृषि मंत्री, स्थानीय सांसद व उपायुक्त को पत्र लिखकर बिजली आपूर्ति चालू करवाने की मांग की गई है. पत्र में पंचायत के दर्जनों किसानों का हस्ताक्षर है. किसानों का आरोप है कि करीब तीन वर्ष पहले पद्मा के नचनबे पावर हाउस के कृषि ग्रीड से विद्युत आपूर्ति के लिए खंभे खड़े किए गए थे. जो आज तक चालू नही हो सका है. जिससे किसान अपने खेत में सिंचाई नही कर पा रहे है. जो किसानो के लिए कृषि ग्रीड पूरी तरह बेकार हो चुका है. किसानों के खेत तक बिजली के पोल और तार अभी तक पूरी तरह लगाए नही गए है. जिसके कारण विद्युतापूर्ति के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर और केबल की चोरी हो रही है. इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित भी किया गया, परंतु कोई सार्थक परिणाम नहीं मिला है. बिजली के अभाव में किसान सिंचाई नही कर पा रहे है. जिससे किसानों का पलायन होना प्रारंभ हो गया है. किसानों ने इन सबों से यथाशीघ्र विद्युतापूर्ति प्रारंभ करवाने की मांग किया है. आवेदन पर अशोक कुशवाहा, शंकर प्रसाद, रविंद्र कुमार, वंशी महतो, सीताराम महतो, फागू महतो, रामचंद्र महतो, रंजीत कुमार,, आशिक मियां, नागेश्वर महतो आदि कई किसान के हस्ताक्षर हैं.

**क्या कहते है जेई :** मामले के संबंध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि मामले को वरीय अधिकारियों तक पहुंचा जा चुका है. इसके अमली जामा बनाने के लिए अधिकारी नई योजनाओं के तहत कार्य करवाने की तैयारी में लगे हुए हैं. उम्मीद है कि एक महीने के अंदर कार्य प्रारंभ हो जायेगा. शीघ्र ही किसानो के खेत में बिजली पहुंचने लगेगा. चोरी के संबंध में उन्होंने बताया कि इस संबंध ने विभाग ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है.

# मथुरा के शाही ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी



कार में बैठ खुद पर डाला पेट्रोल; सुरक्षा जवानों ने दबोचा

**एजेंसी। मथुरा**

मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के पसीने उस समय छूट गए, जब एक युवक ने मस्जिद को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद युवक दौड़कर एक कार में बैठ गया और खुद पर पेट्रोल डाल लिया। ये देख सुरक्षा जवानों के पसीने छूट गए। युवक ने कार अंदर से लॉक कर ली। पुलिस ने कार के शीशे तोड़कर उसे बाहर निकाला और गिरफ्तार कर थाने ले गई। घटना दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है, जब शाही ईदगाह के गेट पर सुरक्षा जवान मुस्तैदी के साथ खड़े थे, तभी एक युवक वहां आ पहुंचा। उसने शादी ईदगाह को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद वो तेजी से कार में बैठ गया और दरवाजे अंदर से बंद कर लिए। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया। ये देख सुरक्षाकर्मी हैरान रह गए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुष्पेन्द्र बताया। पुष्पेन्द्र थाना जमुनापार क्षेत्र की मीरा विहार कॉलोनी का रहने वाले है। सूचना पर उसके परिवार के लोग भी थाने पहुंच गए। उन लोगों ने बताया कि पुष्पेन्द्र के बच्चों की मौत हो चुकी है, तभी से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस के सामने भी पुष्पेन्द्र ये कहता रहा कि वो मस्जिद तोड़ने के लिए आया है। आज नहीं तो कल मस्जिद को तोड़ ही देगा।

## बम से उड़ाने की धमकी के बाद जबलपुर-हैदराबाद फ्लाइट की नागपुर में आपात लैंडिंग

**नागपुर/जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो के विमान की रविवार को नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद यह कदम उठाना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस की ओर से जारी बयान के अनुसार हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 7308) ने रविवार सुबह 8 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसी बीच विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके चलते फ्लाइट को डायवर्ट कर सुबह 9.25 बजे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। लैंडिंग के समय विमान में 69 यात्री सवार थे। नागपुर में लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को विमान से उतार दिया गया और सघन सुरक्षा जांच शुरू की गई। फ्लाइट में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद यह विमान हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। इंडिगो की मैनेजर हिना खान ने बताया कि जबलपुर से उड़ान भरने के कुछ समय बाद क्रू में शामिल ज्योतिस्मिता सैकिया वॉशरूम गईं। यहां टॉयलेट रोल के टुकड़े पर नीली स्याही से लिखा मैसेज दिखा। इसमें लिखा था- विस्फोट@ 9:00 पूर्वाह्न। सैकिया ने पायलट को सूचना दी। इसके बाद नागपुर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी गयी। फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट कर दिया गया।




# 4 साल बाद श्याम रजक फिर जदयू में

- आरजेडी में चलता है सिर्फ परिवारवाद, कार्यकर्ता की नहीं चलती : श्याम रजक



- उम्मीद है 2025 के विस चुनाव में फुलवारी शरीफ से लड़ूंगा

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक रविवार को चार साल बाद फर जदयू में शामिल हो गए। उन्होंने बीते महीने 22 अगस्त को आरजेडी से इस्तीफा दे दिया था। वे आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव थे। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने उन्हें जेडीयू में शामिल कराते हुए पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्याम रजक पहले भी जेडीयू में थे। लेकिन, वे बाद में आरजेडी में शामिल हो गए थे। हालांकि, उन्होंने कुछ समय तक आरजेडी में रहने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जेडीयू में शामिल होने के बाद श्याम रजक ने कहा, मैंने आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी के लिए काम करना शुरू कर दिया है और मुझे उम्मीद है कि 2025 में होने वाले आगामी चुनाव में फुलवारी शरीफ सीट से चुनाव लड़ूंगा। श्याम रजक ने आरजेडी पर आरोप लगाया कि वह एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा, मैं शतरंज का शौकीन नहीं हूं, वहां सिर्फ मोहरे चलते हैं, वहां किसी भी कार्यकर्ता की नहीं चलती है। पार्टी जो भी तय करेगी, उसी के तहत मैं काम करुंगा। बता दें कि श्याम रजक बिहार में राजद-कांग्रेस की सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे थे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वह आरजेडी में शामिल हुए थे। उन्हें उम्मीद थी कि वह फुलवारी शरीफ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। लेकिन, गठबंधन में सीट बंटवारे के तहत फुलवारी शरीफ सीट सीपीआई-एमएल को दे दी गई थी। श्याम रजक छह बार के विधायक रहे हैं और फुलवारी इलाके में उनका खासा प्रभाव है। आरजेडी में रहते हुए उन्हें 2024 लोकसभा में भी तगड़ा झटका लगा। वो समस्तीपुर या जमुई में से किसी एक संसदीय सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें यहां से मैदान में नहीं उतारा गया। इन्हीं सब वजहों से आरजेडी से नाराज चल रहे थे।

# मूल्य विहीन और सिद्धांत विहीन राजनीति फांसी का फंदा : योगी



- भाजयुमों की कार्यशाला में बोले सीएम, 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मीला
- अगले दो वर्षों में यूपी पुलिस में एक लाख से अधिक जवानों की भर्ती करेंगे
- देश में अर्थव्यवस्था में 7वें नंबर पर थे और अब इसे 2 नंबर पर ले आए हैं

**एजेंसी। वाराणसी**

वाराणसी में टीएफसी में आयोजित भाजपा की कार्यशाला का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस दौरान भाजपाइयों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि युवा ऊर्जा जिसके पास हो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं हो सकता है। क्योंकि जहां उम्र भी है और प्रतिभा भी है, अवसर भी। मूल्य विहीन और सिद्धांत विहीन राजनीति फांसी का फंदा है। सीएम ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनाननियों ने इसके लिए बलिदान दिया। हमारी सत्ता राष्टकल्याण लोककल्याण का साधन है। साध्य नहीं है। इसीलिए हर समय प्रयास करते हैं। कार्य करने के बाद हम कभी नहीं कहते हमने कर दिया। नेत्रवत का मार्गदर्शन है, कभी यह नहीं कहते हमने कर दिया बल्कि हम तो बस निमित्त मात्र हैं। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी भी। हमने हर व्यापारी को दस लाख रुपया का बीमा कवर दिया है, उन्हें आश्वश्त भी किया है कि हम सुरक्षा देंगे व्यापार बढ़ाइए। अगले दो वर्षों में यूपी पुलिस में एक लाख की भर्ती करेंगे। आज देश और दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आ रहे हैं। 40 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मीला यानी डेढ़ करोड़ नौजवान को सीधे- सीधे नौकरी। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को आगे बढ़ाया गया। सीएम ने कहा कि आज आज सड़क बनाने में भेदभाव नहीं है। सभी जिलों में बिजली मिल रही है। 2017 में जनसंख्या नंबर एक पर थे, अर्थव्यवस्था में 7वें नंबर पर थे और अब 2 नंबर पर ले आए हैं।

# वायनाड जल्दी ही विश्व पर्यटन के मानचित्र पर होगा : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल के वायनाड में हुई तबाही के बाद लोगों की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई है। इस त्रासदी ने ना केवल जानमाल का नुकसान किया, बल्कि, लोगों के जीवन को भी प्रभावित किया है। इसी बीच रविवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वायनाड धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें राहुल गांधी वायनाड के लोगों से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में, राहुल गांधी लोगों से पूछते हुए नजर आ रहे हैं कि वायनाड में भूस्खलन के बाद की स्थिति क्या है और बचाव कार्य कैसा चल रहा है। वे लोगों की बातों को ध्यान से सुनते और उनकी चिंताओं को समझते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के माध्यम से, राहुल गांधी वायनाड के लोगों के साथ अपनी एकजुटता और सहानुभूति प्रकट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भूस्खलन के बाद राहत कार्यों में सभी समुदायों और संगठनों का साथ देना बहुत उत्साहजनक है।



## जम्मू-कश्मीर चुनावः राहुल 4 को करेंगे दो रैलियां

**एजेंसी। श्रीनगर**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी 4 सितंबर को जम्मू-कश्मीर में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस महासचिव और उत्तर कश्मीर के अनंतनाग जिले के डूरू विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार गुलाम अहमद मीर ने इसकी जानकारी दी है। गुलाम अहमद मीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कांग्रेस-एनसी गठबंधन के उम्मीदवार चाहते हैं कि राहुल गांधी केंद्र शासित प्रदेश में उनकी चुनावी रैलियों को संबोधित करें। एक रैली जम्मू में होगी और दूसरी रैली कश्मीर घाटी में होगी। इससे पहले शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोटिंग होगी।



## कंगना रनौत को भाजपा तत्काल निष्कासित करे : अजय राय

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेत्री और मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली है, लेकिन कंगना के एक बयान की जमकर आलोचना हो रही है जो उन्होंने फिल्म प्रमोशन के दौरान एक पॉडकास्ट में दिया था। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा से कंगना को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## भ्रामक विज्ञापन पर शंकर आईएएस अकादमी पर कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शंकर आईएएस अकादमी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के भ्रामक विज्ञापन को लेकर लगाया गया है। शंकर आईएएस अकादमी ने अपने विज्ञापन में दावा किया था कि यूपीएससी 2022 में अखिल भारतीय स्तर पर 933 में से उसके 336 छात्रों का चयन हुआ। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष 100 में 40 उम्मीदवार शामिल रहे, तमिलनाडु से 42 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 37 ने शंकर आईएएस अकादमी में अध्ययन किया था। उन्होंने भारत में सर्वश्रेष्ठ आईएएस अकादमी होने का भी दावा किया। सीसीपीए ने रविवार को कहा कि शंकर आईएएस अकादमी ने दाखिल किए गए अपने जवाब में 336 उम्मीदवारों के चयन के दावे के मुकाबले केवल 333 सफल उम्मीदवारों का विवरण प्रस्तुत किया। सीसीपीए के मुताबिक जांच में पता चला कि इन 336 छात्रों में से, 221 ने केवल कोचिंग इंस्टिट्यूट के फ्री इंटरव्यू गाइडेंस कार्यक्रम लिया था। 71 छात्रों ने कोचिंग इंस्टिट्यूट से मेन्स टेस्ट सीरीज की कोचिंग ली। 35 ने प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज के लिए कोचिंग ली, 12 ने सामान्य अध्ययन प्रीलिम्स सह मेन्स लिया, 4 ने कुछ अन्य मुख्य पाठ्यक्रम के साथ प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज की कोचिंग ली। सीसीपीए ने कहा, इन तथ्यों का खुलासा उनके विज्ञापन में नहीं किया गया, जिससे उपभोक्ताओं (छात्रों) को धोखा हुआ। इस महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाकर, इस तरह के झूठे और भ्रामक विज्ञापन उन उपभोक्ताओं पर भारी प्रभाव डालते हैं जो यूपीएससी के उम्मीदवार हैं।

## गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा कवर देने पर हो रहा वचार : मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफॉर्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, जोमैटो या ब्लिंकिट। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने कहा कि हम उन्हें वह सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसके वे हकदार हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए डॉ. मांडविया ने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के महत्व को भी रेखांकित किया, जो पहली बार भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को परिभाषित करती है। बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी का नाम विदेशी रख दिया जाए तो कोई दिक्कत नहीं : गिरिराज सिंह



**बेगूसराय।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाए। बेगूसराय सांसद ने कहा, राहुल गांधी तो विदेशी हैं और हमेशा विदेश जाते रहते हैं, वह देश में रहते नहीं है। वह सिर्फ भारत में समाज के अंदर जहर फैलाकर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं, इसलिए उनका नाम विदेशी रख दिया जाए तो कोई दिक्कत नहीं है। गिरिराज सिंह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव पर भी राय रखी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का प्रयास था कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव हो और वह इसको कराने का काम कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में खानदानी पार्टी का हमेशा राज रहा है, उन्होंने कश्मीर में गरीबों का शोषण किया। लेकिन, पीएम मोदी ने वहां पंचायत के चुनाव कराकर लोकतंत्र को स्थापित करने का काम किया और अब विधानसभा चुनाव की बारी है। केंद्रीय मंत्री ने बिहार में जाति जनगणना के मुद्दे को लेकर तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार ने राज्य में जाति जनगणना कराई। भाजपा की सरकार में ही मंडल कमीशन लागू हुआ। लेकिन, ये लोग तो कांग्रेस पार्टी के साथ हैं, जिन्होंने मंडल कमीशन आयोग को रद्द करने का काम किया। लालू यादव और तेजस्वी यादव उसी कांग्रेस के साथ हैं और गरीबों को मूर्ख बना रहे हैं।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने से वोट प्रतिशत बढ़ेगा : भाजपा



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने का भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे वोट प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी होगी। दुष्यंत गौतम ने कहा कि चुनाव की तारीख 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर कर दी गई है। चुनाव आयोग ने लोकतंत्र के अंदर जनता की मांग पर यह निर्णय लिया है। तारीख बदलने से लोग बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेंगे। निश्चित तौर पर इससे वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। हम चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हैं। चुनाव आयोग ने बिश्नोई समुदाय के सदियों पुराने त्योहार का हवाला देते हुए शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख में बदलाव कर दिया। निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में एक चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की नई तारीख 5 अक्टूबर कर दी है।

## दिल्ली में 12 सीटों पर राजपूतों का दावा

**दिल्ली।** विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही राजपूत समाज की अनदेखी का विरोध जताया गया। वहीं राजपूत समाज ने जनसंख्या के हिसाब से राजनीतिक भागीदारी देने की मांग को उठाया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सभा के प्रदेश मुख्य संरक्षक सदस्य आरपी सिंह ने कहा कि सरकार किसी की भी रही हो, राजपूत समाज के राजनीतिक प्रतिनिधियों की हमेशा अनदेखी होती रही है। संख्या के आधार पर यदि राजपूत समाज को राजनीति में प्रतिनिधित्व दिया जाए तो वे 3 सांसद व 19 विधायक बनाने का दावा करते है। लेकिन राजनीतिक दल समाज की हमेशा उपेक्षा करते है। यदि यही स्थिति रही तो समाज को कोई बड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। आरपी सिंह ने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि जो भी राजनीतिक दल विधानसभा चुनाव में 12 सीट देगा, उसी को राजपूत समाज द्वारा मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। मुख्य सलाहकार एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष कर्नल जगदीश सिंह तंवर ने कहा कि राजपूत समाज की जनसंख्या करीब 12 प्रतिशत के लगभग है। उसी अनुसार हर पार्टी में उम्मीदवारी मिलनी चाहिए। इस बार राजपूत समाज अपनी सरकार बनाने का भी प्रयास करेगा। यदि किसी भी पार्टी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो निर्दलीय उम्मीदवार घोषित करके चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। इस मौके पर नेत्रपाल तंवर भिवानी, उदय सिंह तंवर, धर्मपाल सिंह, नरेश तंवर पालूवाश, रमेश तंवर, पवन ठाकुर, अनिल चौहान भी मौजूद रहे।

# देश में 16.6 फीसदी आबादी कुपोषण से पीड़ित

- भारत में पांच साल से कम उम्र के 35.5 फीसदी बच्चों का सही से विकास नहीं हो पाता
- पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु दर भी 3.1 फीसदी दर्ज की गई

- भारत में हर साल कुपोषण के कारण पांच साल से कम उम्र के 10 लाख से भी ज्यादा बच्चों की होती है मौत




- खाद्य सुरक्षा 2023 रिपोर्ट : 74% भारतीय स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, 39% लोगों में पोषक तत्वों की कमी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सभी के लिए पौष्टिक आहार थीम के साथ इस बार राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। जो पोषण की महत्ता समझाता है। बताता है कि भारत जैसे विकासशील देश में ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि विटामिन और मिनरल्स समेत उनके शरीर को आखिर किन-किन चीजों की जरूरत है। पोषण संबंधी आवश्यकताओं की समझ बढ़ाने के लिए भारत में हर साल 1 सितंबर से लेकर 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह सरकारी कर्मचारियों आम लोगों को पोषण संबंधी जरूरतों के प्रति जागरूक करते हैं। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें इस बारे में बताना है कि आखिर पौष्टिक आहार का हमारे जीवन में कितना महत्व है। आज देश की एक बहुत बड़ी आबादी को पता ही नहीं है कि एक स्वस्थ शरीर के लिए किन-किन पोषण तत्वों की जरूरत होती है। पोषण सप्ताह की शुरूआत संयुक्त राज्य अमेरिका में अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन (अब एकेडमी ऑफ न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स) ने मार्च 1973 में की थी। हालांकि भारत में इसकी शुरूआत 1982 से की गई, क् ?योंकि इस दौरान देश में सबसे ज्यादा बच्चे कुपोषण से जूझ रहे थे। इस समस् ?या से देश को उबारने के लिए राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने का फैसला किया गया। इस सप्ताह देशभर में सरकार की ओर से जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। आंकड़ों की बात करें तो भारत में आज भी पांच साल से कम उम्र के करीब 3 करोड़ बच्चे कुपोषित हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों की सूची में 111वें स्थान पर रखा गया था। भारत में लगभग 16.6 फीसदी आबादी कुपोषण की समस्या से जूझ रही है।

### महिलाएं पूर्ण पोषण आहार लेने में पीछे

वहीं, देश की आधी आबादी भी पूर्ण पोषण आहार लेने में पीछे हैं। अक्सर अपनी जिम्मेदारियां निभाते निभाते महिलाएं अपनी तरफ ध्यान ही नहीं दे पाती। घर परिवार की फिक्र में सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। इस बात से भी अनजान रहती हैं आखिर उनके भोजन में किन पोषक तत्वों का होना जरूरी है। अपने भोजन में किन-किन जरूरी पोषण तत्वों की जरूरत है। हमें रोजमर्रा के भोजन से सभी विटामिन और मिनरल्स नहीं मिल पाते, जिनकी हमारे शरीर को जरूरत होती है। ऐसे में डॉक्टर कई तरह की दवाएं या सप्लीमेंट खाने की सलाह देते हैं। ऐसे में इस सप्ताह की जरूरत और भी बढ़ जाती है।

## पहले दिन भारत को मिले पदक

**अनुया प्रसाद**
10 मीटर एयर पिस्टल महिला (स्वर्ण)

**अभिनव देशवाल**
10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष (रजत)

**शुभम वशिष्ठ**
10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष (कांस्य)

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम**
अभिनव देशवाल, शुभम वशिष्ठ और चेतन सपकाल (रजत)




विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत ने की शानदार शुरुआत

# अनुया को स्वर्ण, अभिनव को रजत व शुभम को कांस्य

### अभिनव व शुभम ने चेतन सकपाल के साथ मिलकर टीम रजत जीता

### भारत को पहले ही दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक मिला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की 16 सदस्यीय बधिर निशानेबाजी टीम ने जर्मनी के हनोवर में आयोजित दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में शानदार शुरुआत करते हुए प्रतियोगिता के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। अनुया प्रसाद ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भी दो बार पोडियम पर जगह बनाई, जिसमें अभिनव देशवाल ने रजत और शुभम वशिष्ठ ने कांस्य पदक जीता। अभिनव और शुभम ने चेतन सकपाल के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता। यह चैंपियनशिप 7 सितंबर तक चलेगी और भारतीय निशानेबाज एयर राइफल और एयर पिस्टल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। इस दल में धनुष श्रीकांत जैसे शीर्ष निशानेबाज शामिल हैं। साथ ही, एक दुभाषिया और कोच प्रीति शर्मा (पिस्टल) और संजीव राजपूत (राइफल) भी टीम में हैं।

यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप

# बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल क्वाफा में

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी ने ऑस्ट्रेलियाई चेक जोड़ी जॉन पीयर्स और कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर



यूएस ओपन के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी ने कोर्ट 12 पर एक घंटे 13 मिनट तक चले मैच में पीयर्स और सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5), 10-7 से हराया। 3 सितंबर को होने वाले क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना का सामना मैथ्यू एबडेन से होगा, जिन्होंने चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ जोड़ी बनाई है। इससे पहले, बोपन्ना और सुत्जियादी ने डेमी शूर्स और टिम पुट्ज की डच-जर्मन जोड़ी को 98 मिनट में 7-6, 7-6 से हराया और फिर रॉबर्टो काबार्लेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। इससे पहले, शुक्रवार को पुरुष युगल में, बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी एबडेन ने रॉबर्टो काबार्लेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से 60 मिनट में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना और एबडेन रविवार को पुरुष युगल के अंतिम 16 के मुकाबले में अर्जेंटीना के एंड्रेस मोल्टेनी और मैक्सिमो गोंजालेज की जोड़ी से भिड़ेंगे।



## हद्दाद, इगा, कैरोलिन राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद माइया ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए 15वीं सीड अन्ना कलिंस्काया को 6-3, 6-1 से हराकर अमेरिकी ओपन के राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। 28 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी, जो 2023 में रौलां गैरो के सेमीफाइनल में पहुंची थीं, उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में 80 मिनट में मैच जीतने के लिए कलिंस्काया की 25 अनफोर्स्ड गलतियों का फायदा उठाया। अपने करियर का चौथा यूएस ओपन खेल रही हद्दाद माइया पहली बार फ्लशिंग मीडोज में राउंड 4 में पहुंची हैं। अब राउंड 4 में उनका सामना पूर्व विश्व नंबर 1 कैरोलिन वोज्नियाकी से होगा, जो उनके करियर की पहली आमने-सामने की भिड़ंत होगी। के मैच से पहले ही, हद्दाद माइया यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली ब्राजीली महिला बन गई थीं। इससे पहले टेनिस हॉल ऑफ फेमर मारिया ब्यूनो ने 1976 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इससे पहले, विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने 25वीं सीड अनस्तासिया पाव्लुचेंकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथी बार यूएस ओपन के राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। सोमवार को अपने चौथे दौर के मैच में स्वीयाटेक का सामना 16वीं सीड प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा से होगा, जिन्होंने अपने तीसरे दौर के मैच में उभरती अमेरिकी स्टार एश्लिन क्रुगर को 6-1, 6-1 से हराया था। स्वीयाटेक ने आमने-सामने की लड़ाई में 3-0 की बढ़त हासिल की। लेकिन, उन्होंने कोर्ट पर दिए अपने साक्षात्कार में कहा कि अगले प्रतिद्वंद्वी की शैली तेज और सपाट थी और जाहिर है, चौथे दौर में कोई भी मैच आसान नहीं होता।

## मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने ओप्टणकोनेल को हराया



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** नंबर 5 सीड रूसी दानिल मेदवेदेव हार्ड कोर्ट मेजर के चौथे दौर में प्रवेश करने के लिए नंबर 31 सीड फ्लेवियो कोबोली को लगातार सेटों में हराकर पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के एलिमिनेशन के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहे, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने आसानी से चौथे दौर में जगह बना ली।

मेदवेदेव ने युवा इतालवी कोबोली को दो घंटे, 18 मिनट में 6-3, 6-4, 6-3 से हरा दिया और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के साथ चौथे दौर की भिड़ंत तय की, जिन्होंने लगभग चार घंटे तक चले अपने पांच सेटों के राउंड 3 मुकाबले में जैकब मेन्सिक को हराया। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद, 2021 यूएस ओपन विजेता मेदवेदेव अब फ्लशिंग मीडोज में सीजन के आखिरी मेजर में बचे एकमात्र पूर्व चैंपियन हैं।

## सीपीएल फ्रेंचाइजी सेंट लूसिया किंग्स ने नई टीम जर्सी लांच की

**नई दिल्ली।** सेंट लूसिया किंग्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। किंग्स अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को एसकेएन पैट्रियट्स के खिलाफ करेंगे। नई जर्सी को खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एक नई तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। जर्सी के रंग सेंट लूसियन ध्वज को दर्शाते हैं। जर्सी का इस तरह का डिजाइन रखने का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के अंदर अपनी पहली चैंपियनशिप जीतने की आग को हवा देना है।

## हॉकी इंडिया बेरोजगार खिलाड़ियों को देगा 2 लाख की वित्तीय सहायता

- लखनऊ में हुई वार्षिक आम बैठक में लिया गया निर्णय


एजेंसी

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया की रविवार को लखनऊ में हुई वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में करियर बनाने में आर्थिक मदद के लिए भारतीय पुरुष और महिला कोर संभावित समूह के उन सदस्यों को 2 लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया है, जिन्हें अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) में नौकरी नहीं मिली है। बैठक के बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि अधिसंख्य हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर पीएसयू और सरकारी विभागों से नौकरी दिए जाने की परंपरा रही है। लेकिन, हमारे ध्यान में लाया गया है कि सीनियर कोर ग्रुप में शामिल कुछ नए खिलाड़ी, खास तौर पर महिला खिलाड़ी बेरोजगार हैं। एजीएम में ऐसे हॉकी खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता देने के लिए हर साल 2 लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया गया है।

## पेरिस पैरालंपिक : क्वार्टर फाइनल में हारीं मनदीप कौर और पलक कोहली

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक 2024 में चौथे दिन (रविवार) की शुरुआत अच्छी नहीं हुई है। भारतीय पैरा शटलर मनदीप कौर एवं पलक कोहली अपना-अपना क्वार्टर फाइनल मैच हार गई हैं। इसकी के साथ दोनों खिलाड़ियों का पेरिस पैरालंपिक में सफर समाप्त हो गया है। रविवार को मनदीप कौर महिला एकल एसएल3 वर्ग के क्वार्टरफाइनल मैच में नाइजीरिया की खिलाड़ी मरियम

बोलाजी से हार गई। मैच में मनदीप शुरुआत से लय में नहीं दिखीं। नाइजीरिया की मरियम बोलाजी ने आसानी से पहला गेम 21-8 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी मनदीप वापसी नहीं कर सकीं और नाइजीरियाई खिलाड़ी ने यह गेम भी 21-9 से जीत लिया। इस तरह नाइजीरियाई खिलाड़ी ने मनदीप को 21-8, 21-9 से सीधे सेटों में आसानी से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मनदीप के बाद पैरा शटलर पलक कोहली भी महिला एकल एसएल4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में हार गईं। उन्हें इंडोनेशिया की एथलीट सदियाह खलीमातुस ने 21-19, 21-15 के सीधे सेटों में हरा दिया है। इस साल भारत ने पैरालिंपिक में अब तक का अपना सबसे बड़ा दल भेजा है, जिसमें 12 खेलों के 84 एथलीट शामिल हैं।

## गावस्कर के मामा थे भारतीय क्रिकेट के मास्टर माधव मंत्री

**जयंती पर नमन (1 सितंबर 1921-23 मई 2014)**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। भले ही उन्होंने केवल चार टेस्ट मैच



विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में खेले। टेस्ट में कभी शतक नहीं लगाया। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत छोटा था। 1951 से 1955 के बीच उनके आंकड़े भी साधारण रहे। लेकिन, कुछ खिलाड़ी अपने आंकड़ों से बहुत बड़े होते हैं। भारत के ऐसे ही एक क्रिकेटर थे माधव मंत्री, जो एक ओपनिंग बल्लेबाज और विकेटकीपर थे। लीजेंडरी सुनील गावस्कर उनके भतीजे हैं। माधव कृष्णजी मंत्री का जन्म 1 सितंबर को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। 1950 का वह दशक था, जब भारतीय टीम में माधव से बेहतर खिलाड़ी मौजूद थे। इसलिए वह टीम में खुद को स्थापित नहीं कर सके थे। उन्होंने 1952 में इंग्लैंड और 1954-55 में पाकिस्तान का दौरा किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### आईएमपीएस में 12 प्रतिशत की देखी गई वृद्धि

# एईपीएस आधारित लेनदेन 100 मिलियन के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (एईपीएस) के जरिए वित्तीय लेन-देन ने अगस्त महीने में 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर लिया, जिसमें कुल लेनदेन की राशि 24,676 करोड़ रुपये रही। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से इसके बारे में पता चला है। आंकड़ों के अनुसार, औसतन प्रतिदिन 3.21 मिलियन लेन-देन हुए, जिनमें रोजाना औसतन 796 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। जुलाई में, एईपीएस आधारित इंटरऑपरेबल वित्तीय लेन-देन 97 मिलियन थे, जिनकी राशि 24,218 करोड़ रुपये थी। उस महीने में औसतन प्रतिदिन 3.12 मिलियन लेन-देन हुए, जिनकी राशि 781 करोड़ रुपये थी। एईपीएस लेनदेन की संख्या जून में 11 प्रतिशत बढ़कर 100 मिलियन हो गई, जबकि मई में यह 90 मिलियन और अप्रैल में 95 मिलियन थी। अगस्त में इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) के जरिए फंड ट्रांसफर अगस्त में 5.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें 12 प्रतिशत सालाना वृद्धि दर्ज की गई। औसतन प्रतिदिन 15 मिलियन लेन-देन हुए, जिनमें रोजाना 18,642 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ।

एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, एनईटीसी फास्टैग के जरिए अगस्त में 329 मिलियन लेनदेन हुए, जिसमें 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और कुल 5,611 करोड़ रुपये




**3.21 मिलियन लेन-देन हुए, जिनमें रोजाना औसतन 796 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ।**

एकत्रित हुए, जो 8 प्रतिशत की सालाना वृद्धि है। औसतन प्रतिदिन 10.61 मिलियन लेनदेन हुए, जिनमें रोजाना 181 करोड़ रुपये एकत्रित हुए। एनपीसीआई प्रणाली आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए वित्तीय समावेशन को सक्षम बना रही है। देश में 1,100 से अधिक सरकारी योजनाएं, कार्यक्रम और पहल केंद्र और राज्यों द्वारा आधार का उपयोग करने के लिए अधिसूचित की गई हैं। डिजिटल आईडी केंद्र और राज्यों में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को लक्षित लाभार्थियों तक कल्याणकारी सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और वितरण में सुधार करने में मदद कर रही है। एनपीसीआई बैंक द्वारा चलाया जाने वाला मॉडल है, जो आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पीओएस (माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन इंटरऑपरेबल वित्तीय समावेशन लेन-देन की सुविधा देता है। एनपीसीआई के माध्यम से लोग छह प्रकार के लेनदेन कर सकते हैं।

## अगस्त में यूपीआई लेन-देन रिकॉर्ड 14.96 अरब रु हुआ : एनपीसीआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में अगस्त महीने में 41 फीसदी की वृद्धि (साल-दर-साल) के साथ रिकॉर्ड 14.96 अरब की लेन-देन हुई। इससे कुल लेन-देन राशि 20.61 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 31 फीसदी अधिक रही। यह जानकारी रविवार को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से मिली है। पिछले महीने औसत दैनिक लेन-देन राशि 483 मिलियन रही, जिससे औसत दैनिक लेन-देन राशि 66,475 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में रिपोर्ट की मानें, तो यूपीआई लेन-देन लगातार चार महीनों से 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। जुलाई में यूपीआई आधारित लेन-देन 20.64 लाख करोड़ रुपये रहा और कुल यूपीआई लेन-देन की संख्या 14.44 बिलियन रही। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, औसत दैनिक लेन-देन 466 मिलियन रही, जबकि औसत दैनिक लेन-देन राशि 66,590 करोड़ रुपये रही। यूपीआई पर अब हर महीने 60 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ रहे हैं, जो यूपीआई पर



रुपे क्रेडिट कार्ड और विदेशों में इसके लांच से प्रेरित है। एनपीसीआई ने आने वाले वर्षों में प्रतिदिन 1 बिलियन यूपीआई लेन-देन हासिल करने का लक्ष्य भी रखा है। यूपीआई ने इस वर्ष अप्रैल-जुलाई में लगभग 81 लाख करोड़ रुपये के लेन-देन किए, जो कि (वर्ष-दर-वर्ष) 37 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि है और यह दुनिया के अग्रणी डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म से आगे है। ग्लोबल पेमेंट्स हब पेसिक्योर के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू डिजिटल भुगतान समाधान ने प्रति सेकंड 3,729.1 लेन-देन संसाधित किए। यह 2022 में पंजीकृत प्रति सेकंड 2,348 लेनदेन की तुलना में 58 प्रतिशत की वृद्धि है। इसने लेनदेन की संख्या में चीन के अलीपे, पेपैल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड़ दिया। भारत डिजिटल लेनदेन में विश्व में सबसे आगे है, जहां 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल रूप से किए जाते हैं और इनमें से अधिकांश के लिए यूपीआई का उपयोग किया जाता है।

## 10 करोड़ एनएसई निवेशकों में कम से कम 2.2 करोड़ महिलाएं

**अहमदाबाद।** भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशक अहम भूमिका निभा रहे हैं और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कुल 10 करोड़ से ज्यादा निवेशकों में से कम से कम 2.2 करोड़ महिलाएं हैं। एनएसई पर लगभग 10 करोड़ पंजीकृत निवेशक हैं, जिनमें से लगभग 22 प्रतिशत महिला निवेशक हैं। एनएसई के मुख्य अर्थशास्त्री तीर्थंकर पटनायक ने यह जानकारी दी। उन्होंने एनएसई और एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 2015 से, भारतीय शेयर बाजार में महिला निवेशकों की संख्या 6.8 गुना बढ़ी है। लगभग 69 प्रतिशत निवेशक 40 वर्ष से कम उम्र के हैं, इसलिए अधिक युवा लोग निवेश कर रहे हैं। खुदरा निवेशकों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है, और इस कारण, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारी बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, निफ्टी लगातार बढ़त बना रहा है। पटनायक ने कहा, भारतीय परिवारों का कुल ट्रेडिंग में 35 प्रतिशत हिस्सा है। मासिक एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) प्रवाह 23,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर चुका है, जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण है।

## इन्फ्लेमेशन का कारण बन सकती हैं डायबिटीज

### हृदय रोग और मोटापा जैसी बीमारियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापा जैसी बीमारियां शरीर में इन्फ्लेमेशन का स्तर बढ़ा सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इन्फ्लेमेशन चोट, रोग, जलन या ऑक्सीडेटिव तनाव शरीर की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। यह चेतना में कमी या दिमाग के कम काम करने का महत्वपूर्ण कारक बन सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, इन्फ्लेमेशन के दौरान शरीर की कोशिकाएं आपस में लड़ती हैं और संक्रमण का घर बनती हैं। इससे कुछ रसायन निकलते हैं, जो आसपास की कोशिकाओं में प्रतिक्रिया उत्पन्न करते हैं। इससे इन्फ्लेमेशन पैदा होती है, जो अक्सर दर्द या सूजन का कारण बनते हैं। सर गंगा राम अस्पताल के मेडिसिन विभाग के कंसल्टेंट डॉ विनस तनेजा ने समाचार एजेंसी को बताया, शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली के ज्यादा सक्रिय होने या लंबे समय तक संक्रमण के कारण दिमाग की कोशिकाओं में इन्फ्लेमेशन होता है। इससे तंत्रिका तंत्र कमजोर होती है और चेतना में कमी आती है। तनेजा ने कहा, बुजुर्गों में इसका जोखिम



अधिक होता है। इसके अलावा डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापा जैसी बीमारियों के शिकार लोगों में भी चेतना की कमी का जोखिम ज्यादा होता है।

गुरुग्राम के न्यूरोइंटरवेंशन पारस हॉस्पिटल के समूह निदेशक डॉ विपुल गुप्ता ने कहा, जीवनशैली के कारक भी इन्फ्लेमेशन में योगदान दे सकते हैं। इसमें कम शारीरिक गतिविधि का स्तर, तनाव, मोटापा, अस्वस्थ खाने की आदतें जैसे - तैलीय, जंक फूड या खाद्य पदार्थों का सेवन, नींद की गड़बड़ी, वायु प्रदूषण धूम्रपान और शराब का सेवन शरीर पर खराब प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, इनफ्लेमेशन तब होता है, जब किसी को बुखार या संक्रमण होता है, जो बार-बार आता-जाता रहता है। हालांकि, कुछ स्थितियों में लंबे समय तक बना रहने वाला इन्फ्लेमेशन भी हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि गठिया से पीड़ित रोगियों में, खासकर जो मोटे होते हैं, चेतना में कमी या दिमाग के कम काम करने का जोखिम अधिक होता है।

## पलामू में बैंक अधिकारी के घर से 20 लाख की चोरी

**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में बैंक अधिकारी वीरेंद्र पांडे के घर से शनिवार रात 10 लाख रुपये नकदी और 10 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी हो गई। इसकी जानकारी रविवार सुबह को हुई। वारदात के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। बताया जाता है कि घर के मालिक वीरेंद्र पांडे बैंक अधिकारी पुत्र राजीव रंजन पांडे के पास गए थे। राजीव रंजन छत्तीसगढ़ के कोरबा में एसबीआई बैंक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मेन गेट को तोड़ने के बाद एक-एक करके अलग-अलग कमरों के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

### नकली शराब बनाने वाली सिंडिकेट के विरुद्ध बालूमाथ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# 4000 लीटर स्प्रिट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली अंतर राजकीय सिंडिकेट गिरोह का खुलासा किया है एवं गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर नकली शराब बनाने में प्रयोग किए जाने वाले स्प्रिट सहित अन्य सामान बरामद करने में सफलता पाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि बीते दिनों पुलिस अधीक्षक लातेहार को मिली गुप्त सूचना पर नकली शराब बनाने वाले अंतर राजकीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त अरुण साव और शंकर साव के निशानदेही पर चंदवा थाना क्षेत्र के कुजरू ग्राम स्थित गोदाम पर लगभग 650 अदत ब्लू रंग का खाली गैलन पांच गिलन में भरा स्प्रिट लोहे का कटर गिलान का ढक्कन तीन बोरा ट्रैक्टर, पाइप, नट बोल्ट ट्रैक्टर आदि बरामद किया गया है बतलाया कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय है इसका झारखंड के साथ बिहार से कनेक्शन है बिहार में ले जाकर नकली शराब बनाकर बिहार में शराब बेचा करते हैं। जिसमें सात नामजद सहित 10 से 12 अज्ञात अभियुक्त बनाए गए हैं बरामद सामान की कीमत बाजार में कई लाख रुपए की बताई जा रही है बीते दिन भी भारी मात्रा में हाईवा सहित लगभग 4000 लीटर स्प्रिट के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बालूमाथ पुलिस द्वारा अवैध कारोबारी पर कार्रवाई करने पर चोरों पर हड़कंप व्याप्त। इस अभियान में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के अलावे बालूमाथ बारियातू हेरहंझ थाना प्रभारी के साथ-साथ थाना पुलिस के जवान शामिल हैं।

### पारदी चोर गिरोह बिहार के गया से हो रहा संचालित

# पलामू पुलिस गया, बंगाल व मध्य प्रदेश में कर रही कैंप

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** देश के सबसे बड़े चोर गिरोह पारदी गैंग के एक बड़े नेटवर्क का संचालन बिहार के गया से हो रहा है। गया के जेल में बंद गिरोह से जुड़े हुए सदस्य चोरी के नेटवर्क को मॉनिटर कर रहे है। इसका खुलासा पलामू पुलिस की कार्रवाई में हुआ है।

दरअसल पलामू पुलिस की कार्रवाई में पारदी गिरोह से जुड़े हुए 23 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। सभी मध्य प्रदेश के गुना के रहने वाले थे। गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों ने पलामू पुलिस को बताया है कि पारदी गिरोह के एक बड़े नेटवर्क का संचालन बिहार के गया से हो रहा है। गिरोह के सदस्य जेल में बंद हैं और पूरे नेटवर्क का मॉनिटर कर रहे हैं। गिरोह के सदस्यों के नाम पता सत्यापन एवं अन्य जानकारी को इकट्ठा करने के लिए पलामू पुलिस मध्य प्रदेश के गुना में कैंप कर रही है।



### कई राज्यों में फैला है यह नेटवर्क, पलामू में 15 चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम

पारदी गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। गिरोह के सदस्य मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, यूपी और बंगाल समेत कई राज्यों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह ने अकेले पलामू के इलाके में 15 चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पलामू पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि यह गिरोह उस घर को निशाना बनाता है जिस घर में चहारदीवारी हो। गिरोह के सदस्य परंपरागत होते हैं और पीढ़ियों से चोरी करते हैं। गिरोह के सदस्य बैलून बेचने के बहाने घर की रेकी करते हैं। उसके बाद रात में गुलेल से मार कर यह देखा जाता है कि घर मे कोई है कि नहीं। बाद में गिरोह के सदस्य घर मे चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।



गिरोह के कुछ सदस्य गया जेल में बंद है। वही पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहे है। गिरोह से जुड़े सदस्यों के नाम पता का सत्यापन किया जा रहा है और पलामू पुलिस मध्य प्रदेश कैम्प कर रहे है। गिरफ्तार सदस्यों ने पुलिस को कई नाम बताए हैं नाम का पता लगाया जा रहा है।

**रीष्मा रमेशन , एसपी पलामू**

## लातेहार में हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनिका थाना क्षेत्र के पसंगन गांव में छापामारी कर हथियार के साथ नक्सली उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक रेगुलर राइफल तथा 10 गोलियां भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव मनिका के पसंगन गांव का रहने वाला है। रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के पसंगन गांव में नक्सली उपेंद्र यादव नया संगठन बनाकर लेवी वसूलने के लिए किसी घटना को अंजाम देने वाला है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम बनाई गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस की टीम जैसे ही गांव में पहुंची उन्हें देखकर उपेंद्र यादव भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में उपेंद्र यादव के निशान देही पर पुलिस ने एक रेगुलर राइफल और 10 गोलियां भी बरामद की। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव पूर्व में माओवादी और टीएसपीसी नक्सली संगठन से जुड़कर विभिन्न नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया था। इसके खिलाफ लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में 5 से अधिक हिंसक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव नया संगठन बनाकर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### खरौंधी के 51 विद्यालयों में एसएमसी पुनर्गठन 4 से 12 सितंबर तक होगी



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में स्थित विभिन्न सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन की तिथि निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में बीएपीएम नवीन प्रकाश ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 51 विद्यालयों में चार सितंबर से 12 सितंबर तक अलग अलग तिथियों में एसएमसी के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एसएमसी पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए शिक्षकों,बीआरपी,सीआरपी को पर्यवेक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी गयी है।उन्होंने बताया की विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन प्रत्येक विद्यालय के सुचारू संचालन और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से किया जाता है इसका कार्यकाल तीन वर्षों का होता है। वर्तमान में तीन वर्ष पूर्ण करने वाले एसएमसी का पुनर्गठन कराया जा रहा है।समिति में स्थानीय अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा ताकि वे विद्यालय के विभिन्न निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि यह समिति विद्यालय के विकास, बच्चों की शिक्षा, साफ-सफाई और सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करेगी।

### लातेहार : दूध में मिलावट करने वाले गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार



**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में झारखंड के एक प्रसिद्ध डेयरी के दूध में मिलावट करने वाले एक गैंग का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने इस दौरान दूध में मिलावट कर रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में अमृतसर पंजाब निवासी हरमनप्रीत सिंह, लातेहार थाना क्षेत्र के भुसुर गांव निवासी मिथिलेश यादव तथा चंदवा निवासी विशाल कुमार सिंह शामिल है। रविवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों के द्वारा झारखंड के एक प्रसिद्ध डेयरी कंपनी के दूध में भारी मात्रा में मिलावट की जा रही है।सूचना मिली थी कि डेयरी कंपनी के लिए डाल्टनगंज से टैंकर में लगभग 23000 लीटर दूध भरकर रांची भेजा जाता है। परंतु चंदवा पहुंचने के बाद टैंकर को एक यार्ड में रोक दिया जाता है और उसमें मोटर पम्प के माध्यम से प्रतिदिन 2000 से 3000 लीटर दूध निकाल ली जाती है। इसके बाद टैंकर में दूध के बदले पानी और केमिकल मिला दिया जाता है।सूचना के बाद जब पुलिस की टीम ने चिन्हित स्थान पर छापामारी कर रंगे हाथ दूध की चोरी करते अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

### एनजीटी के रोक के बावजूद धड़ल्ले से जारी है अवैध बालू का कारोबार

**चंदवा।** राज्य में नदियों से बालू की निकासी पर लगी एनजीटी की रोक के बावजूद लागू इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू का उठाव अवैध तरीके से जारी है। रात के अंधेरे में बालू तस्कर बालू की तस्करी करते दिख जाएंगे। प्रखंड के देवनद, माल्हन,मरमर,चिरो,हुटाप अन्य क्षेत्रो से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर से बालू का उठाव चोरी छिपे कराया जा रहा है। उक्त बालू को उठाकर वाहन मालिक अन्यत्र डंप करते हैं बाद में इसे महंगे मूल्य पर बेचा जाता है। शनिवार की देर शाम भी एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर एनएच 99 पर कुजरी की ओर आ रही थी। इसी क्रम में भुषाढ़ नदी के समीप ट्रैक्टर के ट्रॉली का गुल्ला टूट गया मजबूरी बस चालक ट्रॉली वहीं छोड़ इंजन लेकर मौके से भाग निकला। सूत्र बताते हैं कि ट्रॉली समेत बालू को रात्रि में ठिकाने लगा दिया गया। विदित हो कि राज्य में 15 जुलाई से 15 अक्टूबर तक किसी भी नदी से बालू उठाव पर एनजीटी का रोक लगा है। बावजूद प्रखंड में यह धंधा धड़ल्ले से जारी है।

### प्रजापति कुम्हार महासंघ की मासिक बैठक हुई सम्पन

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम बचरा मे झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के प्रखंड स्तरीय मासिक बैठक नरेश प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक का संचालन आनंद प्रजापति ने किया।यह बैठक समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए एवं समाज में व्याप्त सामाजिक कुरुतियों और शिक्षा को लेकर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में संबोधित करते हुए शिक्षक सह समाजसेवी भीम प्रजापति ने कहा कि समाज के प्रत्येक घर से एक-एक बच्चों को स्कूल भेजें और शिक्षा के स्तर पर शिक्षित बनाएं क्योंकि आज के युग में शिक्षा का किसी भी समाज व राष्ट्र निर्माण का अमूल्य हिस्सा होता है। सभा में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने भी बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लिया और समाज को आगे बढाने पर बल दिया। वही प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति ने समाज उत्थान कैसे हो उस पर विचार दिया। प्रखंड सचिव माननीय सोनू प्रजापति ने कहा कि एकता में ही बल है और एकता को बनाए रखने के लिए हमें किसी भी परिस्थिति में संगठित रहना होगा तभी हम लोग सभी क्षेत्रों में अपने हक और अधिकार को छीन कर और संवैधानिक रूप से प्राप्त करना है। साथ मे पंचायत अध्यक्ष पप्पू प्रजापति फूलसु पंचायत अध्यक्ष बेणेश्वर प्रजापति गोनिया पंचायत अध्यक्ष दिनेश प्रजापति डाढ़ा पंचायत अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य सदस्यों ने भी अपना विचार विमर्श दिया।

### ड्राइव में एक दर्जन व्यक्ति पकड़े गए

## सदैव उचित टिकट लेकर ही रेल यात्रा करें : सीटीआई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा बिना टिकट रेल यात्रा करने पर लगाम सहित यात्री जागरूकता हेतु लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के निर्देश पर रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर टिकट चेकिंग का मेगा ड्राइव चलाया गया। इस मेगा ड्राइव के दौरान बिना टिकट या उचित प्राधिकार के यात्रा वाले लगभग 12 व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनसे जुमार्ने के रूप में लगभग 4 हजार रुपये का राजस्व अर्जन किया गया। इस मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव में वाणिज्य अधिकारी के साथ टिकट चेकिंग कर्मी व आरपीएफ कर्मी तैनात रहे।सीटीआई ने बताया कि मेगा ड्राइव में विशेष कर पैसेंजर ट्रेनों, इंटरसिटी ट्रेनों तथा अनारक्षित श्रेणी के कोच में गहन टिकट चेकिंग की गई है। अभियान के दौरान टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ। उन्होंने बताया कि इस तरह के मेगा टिकट चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया कठपुलिया

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत जुठाटांड टोला के वासियो ने श्रम दान करके कठपुलिया का निर्माण किया। ग्रामीण सुरेश गंझु, गोपाल गंझु, मुकेश गंझु, राजेन्द्र गंझू, फौजदार गंझु, गिरधारीलाल गंझु व वार्ड सदस्य तेजु गंझु सहित कई लोगो ने बताया कि जुठा टांड साल्वे ग्राम का टोला है जो टोटी पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र में है। जहाँ जाने के लिए कच्ची सड़क है ,टोला वासियों को प्रखण्ड मुख्यालय में आवागमन के लिए साल्वे ग्राम होकर लंबी दुरी तय करना पड़ता है। बरसात के दिनों में आवागमन हेतु काफी मुस्कील का समना करना पड़ता हैं, सड़क किचड से भर जाता हैं। टोला वासी मुख्यालय आने के लिए दुसरी कच्ची रास्ता का सहारा लेते है, जिससे बहुत ही कम समय में अलखडिहा होकर मुख्यालय पहुंचते है। इस कच्ची रास्ता पर एक नाला है। बरसात मे नाले मे ज्यादा पानी आने से इस रास्ता पर भी जाना मुस्किल हो जाता है। इस नाले पर पुलिया निर्माण को लेकर स्थानीय मुखिया व कार्यकारिणी सदस्यों से कई बार बात किए।

## उत्पाद सिपाही की बहाली में युवाओं की आसामयिक मौत से लोगों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** युवा बेटे के जनाजे को कंधा देने का दुःख क्या होता है ये वही बता सकता है, जिसने अपना जवान बेटा खोया हो और कुछ इसी तरह की लोमहर्षक पीड़ा से गुजरने को इन दिनों विवश हैं उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान दिवंगत हुए युवाओं के परिजन। जिले के छतरपुर थाना के कउवल गांव निवासी गिरिजा राम और उनकी पत्नी की सूनी आंखें आज भी अपने बेटे अरुण को ढूंढ रही है, जिसे कुछ दिन पूर्व ही डालटनगंज के चियांकी हवाई अड्डे पर काल की क्रूर नियति ने उनसे छीन लिया। अरुण अरुण कह कर अरुण की मां की चीत्कार से लोगों का कलेजा दहल रहा है। यूपीएससी की तैयारी कर रहे अरुण को क्या पता था कि एक सिपाही बनने के लिए उसकी जान चली जायेगी। निधन की सूचना मिलने के बाद इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून मृतक अरुण के घर पंहुचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।



अरुण के पिता गिरिजा राम सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हैं, जिनकी आंखें, बेटे के जाने के गम में निर्झर बह रही है। वहीं मां की मर्मान्तक चीखें भी गांववालों का सीना चाक कर रही है। समूचे कउवल गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

मृतक के पिता गिरिजा राम का कहना है कि अरुण के इलाज में लापरवाही बरती गई है। इस घटना के लिए दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने बहाली के दौरान चार युवाओं की मौत की जांच एसआईटी गठन कराने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि अगर समय से युवाओं को सही चिकित्सा मिल जाती तो युवाओं की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने सरकार से मृतक अरुण सहित सभी मृतक युवाओं के परीजनों को एक-एक करोड़ की अनुग्रह राशि और नौकरी देने की मांग की है। यह भी कहा कि जब सेना और पुलिस की बहाली में डेढ़ किमी की दौड़ होती तो उत्पाद सिपाही की बहाली में दस किमी की दौड़ कराना कहा तक सही है। अरुण को श्रद्धांजलि देने वालों में राजेश प्रसाद गुप्ता, अमरेश कुमार शर्मा, ज्ञानी विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल है।

### बारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

# सभी ग्रामीण शिविर में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत सचिवालय में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बारी मुखिया सुष्मिता कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने शिविर में उपस्थित लोगों को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिविर में कल्याणकारी योजनाओं से लेकर जन समस्याओं तक के लिए सभी तरह के स्टॉल लगाए गए हैं जहां ग्रामीण अपना आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद जांचोपरांत इसकी सुनवाई होगी। ग्रामीण शिविर में आकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों के बीच धोती साड़ी, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, स्कूली छात्राओ के बीच साईकिल के अलावे जेएसएलपीएस के द्वारा आई कार्ड का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी अंचल निरीक्षक महेश सिंह, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, पूर्व मुखिया जागे उरांव, रोहित मेहता, संतोष मेहता, बिजेंद्र प्रसाद, तुलसी राम के अलावे संबंधित विभाग के कर्मी व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, 543 आवेदन प्राप्त किए गए

**पाटन।** पाटन प्रखंड के सतौवा पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 32 प्रकार के स्टॉल लगाया गया। सरकार आपके द्वारा शिविर लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। शिविर में बीडीओ अमित कुमार झा,प्रमुख शोभा देवी सीओ प्रवीण कुमार सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह,समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। संबंधित विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर 543 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमे 111 आवेदन निष्पादित किए गए। 432 आवेदन लंबित रही। शिविर मे मईया समान योजना एवं अबुआ आवास को लेकर बड़े पैमाने पर आवेदन जमा किए जा रहे हैं।

## युवा समागम में 10 हजार कार्यकर्ता लेंगे भाग



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी की बैठक रविवार को हरिहरगंज स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह व संचालन केंद्रीय समिति सदस्य रामजी पासवान ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि सात सितंबर तक युवा प्रकोष्ठ के नेता व कार्यकर्ता जन जागरण पदयात्रा एवं बायोडाटा संग्रह कार्यक्रम गांव-टोला में जाकर बेरोजगार युवकों की सूची बनाएंगे। साथ ही कहा कि पलामू जिला से दस हजार कार्यकर्ता व लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इन्होंने कहा कि सूची को आठ सितंबर को रांची में युवा समागम महासम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। वही जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने की झूठी घोषणा की थी। गठबंधन सरकार की नाकामी को विशाल महासम्मेलन में उजागर किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### स्कूल डीएवी दिल्ली...

मुझे लगता है कि दिल्ली मैनेजिंग कमेटी का रांची में बहुत कम स्कूल है। हमलोग उनके यूनिफॉर्म का भी इस्तेमाल नहीं करते हैं, ना ही किसी और चीज का कॉपी करते हैं। कोई मामला तब बनता, जब हम उनके किसी चीज की कॉपी करते। डीएवी नाम कोई भी रख सकता है। यह पूछने पर कि आपको बिना मापदंड पूरा किए मान्यता कैसे मिली, उन्होंने बताया कि उनके पास खेल का मैदान है और उन्होंने व्यस्तता बताकर फोन काट दिया।

### शीघ्र ही लोगों...

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण करने से पहले केंद्रीय मंत्री ने बीईएमएल बेंगलुरु में मानक और ब्रॉड गेज रोलिंग स्टॉक, विनिर्माण सुविधा के लिए नए हैंगर की आधारशिला भी रखी।




## दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में पैदा हुए दुर्लभ जुड़वां हाथी

**यंगून।** दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में जुड़वां हाथियों, एक नर और एक मादा, के पैदा होने की एक दुर्लभ घटना सामने आई है। 26 अगस्त को पर्ल सैंडर नामक 21 वर्षीय हथिनी ने विंगाबाव हाथी शिविर में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। शिविर के पशु चिकित्सक म्यो मिन आंग ने रविवार को समाचार एजेंसी शन्हिुआ को बताया कि पहले एक मादा बच्चे का जन्म हुआ, उसके लगभग चार मिनट बाद एक नर बच्चे का जन्म हुआ। पहले दो दिनों तक दोनो मां का दूध पीने में असमर्थ थे, इसलिए उन्हें बोतलों से दूध पिलाया गया ।जुड़वां हाथी पहले दो दिनों तक अपनी मां का दूध नहीं पी पाए, इसलिए उन्हें बोतलों से दूध पिलाया गया। तीसरे दिन से दोनों ने अपनी मां का दूध पीना शुरू कर दिया। जुड़वां हाथियों का जन्म एक दुर्लभ घटना है। 1960 के बाद से म्यांमार में यह 12वां मामला है।



## द. कोरिया में लंपी वायरस की दस्तक, इस साल दूसरा मामला

**सोल।** दक्षिण कोरिया में लंपी वायरस का एक और मामला सामने आया है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि एलएसडी के दूसरे मामले की पुष्टि शनिवार को ग्योंगगी के इचोन में एक मवेशी फार्म में हुई है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि मवेशी फार्म के मालिक ने रिपोर्ट सौंपी थी। अधिकारियों ने उनकी जांच की तो चार डेयरी गायों के लंपी बीमारी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। दक्षिण कोरिया में इस साल एलएसडी के पहले मामले की पुष्टि 12 अगस्त को हुई थी। सोल से लगभग 65 किमी दक्षिण में अनसेओंग में एक मवेशी फार्म में संक्रमण पाया गया था। मंत्रालय ने कहा कि आगे संक्रमण को रोकने के लिए, प्रभावित फार्म को प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही संक्रमित मवेशियों को क्वारंटीन करने की व्यवस्था कर दी गई है।

## बांग्लादेश में 49 अल्पसंख्यक शिक्षकों को जबरन इस्तीफा दिलाया

**ढाका।** शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद के सप्ताहों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह बात कही गई है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चन ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने शनिवार को जातीय प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। संगठन के संयोजक साजिब सरकार ने कहा कि शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हिंसा का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, इसमें लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और कार्यस्थलों पर आगजनी यहां तक कि हत्याएं भी शामिल हैं।

**भाजपा** ने इसे हटाकर बाबा साहब का संविधान लागू किया

**नेशनल कॉन्फ्रेंस** के चुनावी वादे लोगों के लिए खतरनाक

# जिन्ना की सोच दर्शाता था अनुच्छेद 370 : किशन रेड्डी

एजेंसी

**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर भाजपा के चुनाव प्रभारी जी किशन रेड्डी ने कहा है कि आर्टिकल 370 मुहम्मद अली जिन्ना के संविधान की सोच को दशार्ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे हटाकर बाबा साहब का संविधान लागू कर दिया। जम्मू पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा, हमने जिन्ना की सोच अनुच्छेद 370 को हटा दिया और भारत रत्न बाबा साहेब के संविधान को लागू किया। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के हालिया वादों की भी निंदा की और इसे दोहरे झंडे की वापसी संग आतंकवादियों को सशक्त बनाने की खतरनाक साजिश बताया। उन्होंने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर के लोग पंचायती राज संस्थाओं और नगर निगमों जैसे स्थानीय निकायों को मजबूत करने के हकदार हैं। उन्होंने मतदाताओं से वंशवादी राजनीति के बजाय समृद्धि को चुनने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा, यह चुनाव एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एनसी, कांग्रेस या पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जैसी कोई भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में आम लोगों के अधिकारों को कभी नहीं छीन सकती।

बता दें कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव होंगे। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे, जबकि वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। जम्मू-कश्मीर में साल 2014 के बाद से यह पहला विधानसभा चुनाव होगा, क्योंकि 2019 में आर्टिकल 370 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 25 सीट जीती थी।



**90** सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव होंगे

**18** सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे

## टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने मांगी माफी

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद डॉ. काकोली घोष दस्तीदार ने महिला डॉक्टरों पर दिए अपमानजनक बयान को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने रविवार को जारी एक बयान में महिला डॉक्टरों के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। सांसद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर उनके शब्दों से किसी की भावना को ठेस पहुंची है तो उन्हें इसका खेद है। उन्होंने कहा, मैं अपना बयान वापस लेती हूं। मेरा इरादा हमेशा महिलाओं के कल्याण और अधिकारों के लिए काम करने का रहा है और जो आगे भी रहेगा। टीएमसी सांसद ने हाल ही में आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया था कि जब वह मेडिकल की छात्रा थीं, तो उस दौरान एक चलन था, शिक्षकों की गोद में बैठकर छात्राएं पासिंग मार्क्स प्राप्त करती थीं।



## हावड़ा अस्पताल में नाबालिग मरीज से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला अस्पताल में एक नाबालिग मरीज के साथ छेड़छाड़ के आरोप में एक तकनीशियन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार देर रात की है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए अस्पताल में सीटी स्कैन के लिए लाया गया था। जहां आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की। लेबोरेटरी से बाहर आने के बाद, उसने अपने परिवार के सदस्यों को आपबीती बताई। घटना की जांच करने के अलावा, आंतरिक समिति अस्पताल प्रणाली के भीतर सुरक्षा व्यवस्था में मौजूदा खामियों की भी जांच कर रही है, जिसके चलते छेड़छाड़ की घटना हुई। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब राज्य सरकार द्वारा संचालित आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या को लेकर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## शिमला में अवैध मस्जिद निर्माण का मुद्दा गरमाया

- हिंदू संगठनों ने मस्जिद के सामने किया हनुमान चालीसा का पाठ

एजेंसी

**शिमला।** राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में एक निमार्णाधीन अवैध मस्जिद को लेकर राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने संजौली में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हिन्दू संगठनों ने मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया और निर्माण को अवैध बताते हुए प्रशासन से इसे तोड़ने की मांग की। प्रशासन ने निमार्णाधीन मस्जिद की जमीन को वक्फ की बताया लेकिन इमारत की तीन मंजिलें अवैध रूप से बनाने की बात स्वीकार की। जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने की सलाह दी और पूरी छानबीन के बाद उचिव कार्रवाई का आश्वासन दिया। रविवार को हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने संजौली में निमार्णाधीन मस्जिद को अवैध बताते हुए प्रदर्शन किया। संजौली बाजार में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकतार्ओं ने मस्जिद के बाहर पहुंचे और वहां हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद नरेंद्र ठाकुर भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना रहा कि शिमला में बाहरी राज्य से आ रहे विशेष समुदाय के लोगों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है और वे हिंदू समाज को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शहर में रेहड़ी फड़ी लगाने वाले बाहरी राज्यों के लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन की भी मांग की।

## इंफाल पश्चिम में ताजा हिंसा, 1 महिला की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत कांगचुप क्षेत्र के कावतरु गांव में गोलाबारी की घटना ने राज्य में एक बार फिर तनाव पैदा कर दिया है। रविवार की दोपहर कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मियों समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सुरबाला नगांगबाम (31) के रूप में हुई है। वही उसके 12 वर्षीय बच्चे और एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी है। घटना की सूचना मिलने पर सशस्त्र पुलिस मौके पर गयी। उग्रवादियों और पुलिस के बीच गोलीबारी शुरू हो गयी। दो पुलिसकर्मी घायल हो गये, जिन्हें राज मेडिसिटी ले जाया गया।

## महिला हिंसा रोकने को मिलकर काम करने की जरूरत : धनखड़

एजेंसी

**देहरादून।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नौ अगस्त को एक स्वास्थ्य योद्धा के खिलाफ की गई हिंसा को चरम क्रूरता करार दिया। इसे पूरी मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। रविवार को एआईएमएस ऋषिकेश में छात्रों व संकाय सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे क्रूर कृत्य पूरी मानव सभ्यता को शर्मिंदा करते हैं और भारत के आदर्शों को तहस-नहस कर देते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस घटना के संदर्भ में कुछ लोगों के 'लक्षणात्मक विकृति' शब्द के उपयोग पर अफसोस जताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं और हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़कती हैं। कहा कि जब मानवता को शर्मिंदा किया जाता है, तो कुछ आवाजें होती हैं, जो चिंता का कारण बनती हैं। वे केवल हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो वे हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़क रही हैं। जब यह बातें संसद के सदस्य, वरिष्ठ वकील से आती हैं, तो यह अत्यधिक दोषपूर्ण होती हैं। ऐसे भयंकर विचारों के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी गलतफहमी में पड़े लोगों से पुनः विचार करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आह्वान करता हूं।



## धर्म परिवर्तन को लेकर बजरंग दल का हंगामा

**नवादा।** नवादा में एकबार फिर बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन कराने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है, जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने जमकर बवाल मचाया और विरोध प्रदर्शन किया है। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद पकरीबरा इलाके में ईसा मसीह के नाम पर कराया गया प्रार्थना सभा को बंद कराया गया। ये पूरा मामला नवादा के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कचना मोड़ के पास की है, जहां धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष यीशु की प्रार्थना सभा में शामिल हुए थे।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** लैंगिक अध्ययन क्या है। लैंगिक अध्ययन एक विशाल और अंत विषय विषय है जिसे स्त्री, पुरुष और एलजीबीटी पहचान पर केंद्रित सोशियोलॉजी का एक उप-विषय भी माना जाता है। इसका उद्देश्य जातियता कामुकता, वर्ग और राष्ट्रीयता में लिंग पहचान और प्रतिनिधित्व का विश्लेषण करना है। इसमें महिलाओं का अध्ययन, नारीवादी दृष्टिकोण, राजनीति आदि शामिल हैं। इस विषय में डिग्री प्राप्त करने के दौरान आप निम्नलिखित विषयों का अध्ययन कर सकते हैं.




### जेंडर एंड टेक्नोलॉजी

- इंट्रोडक्शन टू वूमन एंड जेंडर स्टडीज
- कल्चर, रेस एंड आइडेंटिटी
- वूमन एंड वॉर
- जेंडर, पॉवर, लीडरशिप एंड द वर्कप्लेस
- **चेंजिंग लाइफ:** रीडिंग द इंटरसेक्शन ऑफ जेंडर, रेस, बायोलॉजी एंड लिटरेचर
- इंटरनेशनल विमेंस वॉइस
- जेंडर एंड मीडिया
- **पॉपुलर कल्चर एंड नैरेटिव:** लिटरेचर, कॉमिक्स एंड कल्चर

### लैंगिक अध्ययन के प्रमुख विषय

- लिंग अध्ययन का परिचय
- महिला के विरुद्ध क्रूरता
- युवाओं को समझना
- लिंग और समाज
- **लिंग और विकास:** दृष्टिकोण और रणनीतियाँ
- अनुसंधान क्रियाविधि
- नारीवादी आंदोलन नारीवादी सिद्धांत
- लिंग और अर्थव्यवस्था
- नारीवादी अनुसंधान पद्धति
- युवा विकास के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान
- लिंग और स्वास्थ्य
- लिंग, पर्यावरण और आजीविका
- लिंग और गरीबी
- लिंग और मीडिया



### लैंगिक अध्ययन के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- रामजस कॉलेज, दिल्ली
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

### कोर्सेज

- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर एंड वुमेन स्ड़ीज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर रेस एंड आईडेनंटीटी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन वुमेन जेंडर एंड सेक्सअलिटी स्टडीज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन हैल्थ एंड सोसाइटिज
- एमए इन जीएस
- एमफिल इन जेंडर एंड वुमेन स्टडीज
- मासस्टर ऑफ जेंडर

**नोट-** अन्य कई प्रकार के कोर्स भी है, जिसकी पढ़ाई कर सकते है।